# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | जबलपुर, बुधवार 21 मई 2025


2047 तक मप्र की एसजीडीपी 2 ट्रिलियन करने का लक्ष्य रखा गया है। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष विजन 2047 का प्रजेंटेशन दिया।










## सीएम ने पहनी परंपरागत धोती व मालवी पगड़ी, कई मंत्रियों ने भी पगड़ी पहनी

मुख्यमंत्री के साथ मंत्रिमंडल के अधिकांश सदस्यों ने परंपरागत धोती पहनकर बैठक में भाग लिया। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट और महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने सदस्यों को अंगवस्त्रम ओढ़ाकर और सम्मान स्वरूप प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया।

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में बड़ा फैसला

# 'राहवीर योजना' मप्र में लागू...हादसे में घायल को अस्पताल पहुंचाने पर मिलेंगे 25 हजार रुपए

### इंदौर के होलकर वंश के राजवाड़े में उसी शैली में हुई मोहन कैबिनेट की बैठक



विशेष प्रतिनिधि ▶▶भोपाल

इंदौर के राजवाड़ा में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में 'राहवीर योजना' को लागू करने की मंजूरी दी गई। इसके तहत जो व्यक्ति दुर्घटना में घायल को अस्पताल पहुंचाएगा अथवा रुक कर एंबुलेंस बुलाकर उसे अस्पताल पहुंचाने में मदद करेगा, उसे ईनाम के तौर पर 25 हजार रुपए की राशि दी जाएगी। भारत सरकार सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा यह 'राहवीर योजना' प्रारंभ की गई है।

**दतिया-सतना एयरपोर्ट, इंदौर मेट्रो का लोकार्पण करेंगे प्रधानमंत्री मोदी**

**आदिवासी राजा भभूत सिंह की स्मृति में 3 जून को पचमढ़ी में कैबिनेट**

**इंदौर, भोपाल, उज्जैन, ग्वालियर और जबलपुर मेट्रोपॉलिटन विकास प्राधिकरण बनेगा**

भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा यह 'राहवीर योजना' प्रारंभ की गई है। इस योजना को प्रदेश में लागू कर दिया गया है, इसके क्रियान्वयन के लिए जिला कलेक्टरों को आदेशित कर दिया गया है।



### 100 करोड़ रु. से बनेगा देवी अहिल्या बाई होलकर स्मारक

*पूर्व लोकसभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन ने मंत्रिमंडल सदस्यों को देवी अहिल्या बाई होलकर स्मारक के निर्माण से संबंधित प्रेजेंटेशन दिया। लालबाग पैलेस में 3 एकड़ की भूमि पर लगभग 100 करोड़ रूपए से स्मारक का निर्माण किया जाएगा।*

### महिला सशक्तिकरण सम्मेलन में आएंगे मोदी

### करीब 2 लाख महिलाओं के सम्मेलन को संबोधित करेंगे

*विजयवर्गीय ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 31 मई को भोपाल आएंगे और 2 लाख महिलाओं के सम्मेलन को संबोधित करेंगे। यह महिला सशक्तिकरण महा सम्मेलन लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की श्रंखला के तहत आयोजित होगा। भोपाल के जम्बूरी मैदान में आयोजित इस महासम्मेलन में महिला उद्यमियों, कामगारों, महिला स्व-सहायता समूहों, लाड़ली बहनों को आमंत्रित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी दतिया-सतना एयरपोर्ट और इंदौर मेट्रो का वर्चुअल लोकार्पण भी करेंगे।*

**महिला कामगारों के लिए केंद्र और राज्य सरकार के सहयोग से सभी औद्योगिक क्षेत्रों में आवास बनाए जाएंगे**

### ◆ मेट्रोपॉलिटन विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष होंगे सीएम

मंत्रिमंडल की बैठक में इंदौर, भोपाल, उज्जैन, ग्वालियर और जबलपुर मेट्रोपॉलिटन विकास प्राधिकरण बनाने का फैसला किया गया। इसके अध्यक्ष मुख्यमंत्री डॉ. यादव होंगे। इसमें कुछ हिस्सा देवास और धार का भी मिलाया जाएगा। इसके नियमों को मंजूरी दी गई। इसे इस तरह तैयार किया गया है।

## पचमढ़ी में जनजातीय राजा भभूत सिंह की स्मृति में मंत्रिपरिषद की बैठक होगी

डॉ. यादव ने मंत्रिमंडल बैठक से पहले सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणा वाक्य 'विरासत से विकास की ओर' से प्रेरणा लेकर विरासत के संरक्षण और संवर्धन करते हुए विकास की अवधारणा को मूर्त रूप दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल की पहली बैठक जनजातीय वीरांगना रानी दुर्गावती की स्मृति में जबलपुर में आयोजित की गई थी। मंगलवार को लोकमाता अहिल्याबाई को समर्पित मंत्रिमंडल की बैठक की जा रही है। उन्होंने कहा कि आगामी 3 जून को पचमढ़ी में जनजातीय राजा भभूत सिंह की स्मृति में मंत्रि-परिषद की बैठक का आयोजन किया जाएगा।



इंदौर व्यापारियों से रूबरु हुए डॉ. यादव



सीएम ने खीर का स्वाद चखा

### ◆ कृषि उत्पादों को बढ़ावा देने 26 से 28 मई तक होंगे कृषि-उद्योग समागम

बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कृषि और कृषि उत्पाद को बढ़ावा देने के साथ कृषकों के कल्याण के लिए प्रदेश सरकार कटिबद्ध है। खेत में उपज से कारखाने और कारखाने से उद्योग तक की संकल्पना को चरितार्थ करते हुए उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के मुख्य आतिथ्य में नरसिंहपुर में 26 से 28 मई की अवधि में कृषि-उद्योग समागम का आयोजन किया जा रहा है।

### ◆ मुख्यमंत्री ने दी कार्यक्रमों की जानकारी

मुख्यमंत्री ने बताया कि लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती के अवसर पर प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर 20 मई से 31 मई तक कई भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, कालिदास संस्कृत अकादमी उज्जैन, नर्मदापुरम, ग्वालियर और अन्य स्थानों पर सांस्कृतिक और साहित्यिक आयोजन होंगे।







## केंद्र की सुप्रीम कोर्ट से अपील, वक्फ कानून को चुनौती देने पर कहा

# वक्फ पर अंतरिम आदेश के लिए 3 मुद्दों पर ही हो सुनवाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट से अपील की कि वे वक्फ कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर कोई अंतरिम आदेश पारित करते हैं तो 3 मुद्दों तक इसे सीमित रखें।

इनमें एक मुद्दा है अदालत द्वारा घोषित, वक्फ बाय यूजर या वक्फ बाय डीड संपत्ति को डी-नोटिफाई करने का है। दूसरा केंद्रीय और प्रदेश वक्फ बोर्ड के गठन से जुड़ा है, जिनमें गैर मुस्लिमों को शामिल किए जाने का विरोध हो रहा है और तीसरा मुद्दा वक्फ कानून के उस प्रावधान से जुड़ा है, जिसमें जिलाधिकारी द्वारा जांच और उसकी मंजूरी के बाद ही किसी संपत्ति को वक्फ संपत्ति घोषित किया जाएगा।

### खास बात

- एक मुद्दा है अदालत द्वारा घोषित, वक्फ बाय यूजर या वक्फ बाय डीड संपत्ति को डी-नोटिफाई करने का, दूसरा बोर्ड के गठन से जुड़ा हुआ है।

### याचिकाकर्ताओं की दलील अन्य मुद्दों पर पहुंचीं: एसजी मेहता





केंद्र की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ से कहा कि पूर्व की पीठ की तरह सुनवाई को सीमित रखा जाए। मेहता ने कहा कि अदालत ने 3 मुद्दों की पहचान की थी। हमने सभी का जवाब दे दिया है। अब याचिकाकर्ता लिखित सबमिशन में कई अन्य मुद्दों को उठा रहे हैं। मैंने 3 मुद्दों पर हलफनामा दाखिल कर दिया है। मेहता ने कहा कि केंद्र ने इन तीन मुद्दों पर अपना जवाब दाखिल कर दिया है। उन्होंने कहा कि हालांकि, याचिकाकर्ताओं की लिखित दलीलें अब कई अन्य मुद्दों तक हैं।

### सिब्बल और सिंघवी ने कहा याचिकाकर्ताओं ने किया केंद्र सरकार के सबमिशन का विरोध



*याचिकाकर्ताओं की तरफ से पेश हुए वकीलों कपिल सिब्बल और अभिषेक मनु सिंघवी ने सॉलिसिटर जनरल के इस सबमिशन का विरोध किया। इससे पहले 17 अप्रैल को हुई सुनवाई में केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट को सुनिश्चित किया था कि वे किसी भी वक्फ संपत्ति को डी-नोटिफाई नहीं करेंगे, इनमें वक्फ बाय यूजर भी शामिल है। साथ ही वक्फ बोर्डों में नई नियुक्ति पर भी कोई नई नियुक्ति न करने की बात कही थी। सिंघवी ने कहा कि तत्कालीन सीजेआई (संजीव खन्ना) ने कहा कि हम मामले की सुनवाई करेंगे और देखेंगे कि क्या अंतरिम राहत दी जानी चाहिए।*

### शीर्ष अदालत ने कहा

### कोर्ट तब तक हस्तक्षेप नहीं कर सकता जब तक ठोस मामला न हो

*वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सीजेआई बीआर गवई ने वक्फ संशोधन अधिनियम को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ताओं से कहा कि संसद द्वारा पारित कानून में संवैधानिकता की धारणा होती है और जब तक कोई ठोस मामला सामने नहीं आता। कोर्ट इसमें हस्तक्षेप नहीं कर सकतीं। इससे पहले कोर्ट ने तीन मुद्दे तय किए थे –उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ, वक्फ परिषद और राज्य वक्फ बोर्डों में गैर-मुस्लिमों का नामांकन और वक्फ के तहत सरकारी भूमि की पहचान। केंद्र ने तब आश्वासन दिया था कि वह मामले का हल होने तक इन मुद्दों पर कार्रवाई करेगा।*

### सीजेआई ने प्रोटोकाल मामले पर कहा

### तुच्छ मुद्दे को आगे न बढ़ाएं इसे यहीं करें खत्म



चीफ जस्टिस बीआर गवई ने प्रोटोकॉल वाले मामले को आगे न बढ़ाने की अपील की है। महाराष्ट्र प्रोटोकॉल विवाद पर गवई ने कहा कि एक तुच्छ मुद्दे को अधिक नहीं बढ़ाना चाहिए। इसे लेकर खेद व्यक्त कर दिया गया। यह मामला अब बंद है। सभी से इस मुद्दे को शांत करने का आग्रह है।' सुप्रीम कोर्ट की ओर से जारी प्रेस नोट में जोर देकर कहा गया कि इस तरह के छोटे मामलों पर अनावश्यक विवाद से बचना चाहिए। महाराष्ट्र के मूल निवासी न्यायमूर्ति गवई रविवार को सार्वजनिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मुंबई आए थे। कार्यक्रम में मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक और मुंबई पुलिस आयुक्त सहित राज्य के प्रमुख अधिकारी अनुपस्थित रहे थे, जिसकी काफी आलोचना हुई।

## खबर संक्षेप

### सोने की तस्करी में रान्या को जमानत




**बेंगलुरु।** सोने की तस्करी मामले में कन्नड़ एक्ट्रेस रान्या राव और दूसरे आरोपी कोंडारू राजू को आर्थिक अपराधों की स्पेशल कोर्ट ने जमानत दी है। कोर्ट ने 2 जमानती गवाह और 2-2 लाख के बॉन्ड जमा करने को कहा है। जज विष्णनाथ सी. गौदार ने यह शर्त रखी कि दोनों आरोपी न तो देश छोड़ सकते हैं और न ही दोबारा ऐसा जुर्म करेंगे।

### ट्रेन में आग से हड़कंप कोई हताहत नहीं



**किशनगंज।** किशनगंज से सटे गैसल रेलवे स्टेशन पर एक बार फिर बड़ा रेल हादसा होने से बाल-बाल बचा। यहां डीएमयू में आग लग गई। किशनगंज एनजेपी रेलखंड के गैसल रेलवे स्टेशन पर दोपहर में सिलीगुड़ी-मालदा कोर्ट डीएमयू पैसेंजर पहुंची थी। इंजन के पिछले कोच गार्ड ब्रेक में आग से अफरा-तफरी मच गई। कई हताहत नहीं हुआ है।

### महाराष्ट्र सरकार में मंत्री बने एनसीपी के भुजबल



**मुंबई।** एनसीपीके दिग्गज नेता छगन भुजबल का आखिरकार इंतजार आज खत्म हो गया। मंगलवार को राजभवन में शपथ ग्रहण समारोह में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने छगन भुजबल को मंत्री पद की शपथ दिलाई। भुजबल देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व वाले महाराष्ट्र मंत्रिमंडल में शामिल हो गए हैं। छगन ने कहा, जो विभाग दिया जाएगा मैं संभाल लूंगा।

### केजरीवाल को झटका पार्षद ने छोड़ी आप



**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव हारने के बाद राजधानी में आपकी मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। अब दिल्ली नगर निगम की एकमात्र किन्नर पार्षद बॉबी किन्नर ने आपछोड़ दी है। बॉबी किन्नर ने आपछोड़कर नवगठित इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी का दामन थाम लिया है। बॉबी किन्नर से पहले आपके 15 पार्षद अरविंद केजरीवाल का साथ छोड़ चुके हैं।

## भाजपा नेता मालवीय का विपक्ष के नेता पर करारा हमला

### 'आपरेशन सिंदूर' की सफलता पर भाजपा ने कांग्रेस को दिखाया आइना

# राहुल 'पाक' की भाषा मत बोलिए हमने कितने जेट गिराए ये पूछिए

**भारत की सफलता के बाद विपक्ष की ओर से नित नए आरोपों की हो रही बौछार**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर बार-बार विदेश मंत्री एस जयशंकर के बयान पर उठाने को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी घिरते जा रहे हैं। अब भाजपा ने उन पर तंज कसा है। भाजपा नेता अमित मालवीय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि राहुल पाकिस्तान की भाषा बोल रहे हैं।

वे यह क्यों नहीं पूछ रहे कि हमने पाकिस्तान के कितने फाइटर जेट मार गिराए? राहुल यह भी बताएं कि उन्होंने ऐसे सफल ऑपरेशन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई क्यों नहीं दी?ऑपरेशन सिंदूर के बाद अब उस पर राजनीतिक बयानबाजी जोड़ पकड़ने लगी है। जयशंकर की एक टिप्पणी पर सवाल उठाते हुए राहुल ने सरकार पर नए आरोप लगाए गए हैं। राहुलने कहा है कि हमारे हमले से पहले पाकिस्तान को इसकी जानकारी देना एक अपराध था। राहुल ने कहा किंजयशंकर ने सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया है कि भारत सरकार ने ऐसा किया। ऐसा करने के लिए किसने अधिकृत किया और इसके कारण हमारी वायुसेना ने कितने विमान खो दिए?

### वे निशान-ए-पाकिस्तान बन रहे



भाजपा ने लगातार दूसरे दिन राहुल पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि यह आश्चर्य की बात नहीं है कि राहुल पाकिस्तान और उसके हितैषियों की भाषा बोल रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री को ऑपरेशन सिंदूर के लिए बधाई तक नहीं दी। ऑपरेशन स्पष्ट रूप से भारत की ताकत को दर्शाता है। इसके बजाय वे बार-बार पूछते हैं कि हमने कितने जेट खो दिए? एक सवाल जो पहले ही डीजीएमओ ब्रीफिंग में भी उठाया जा चुका है। पते की बात यह है कि उन्होंने एक बार भी यह नहीं पूछा कि संघर्ष के दौरान कितने पाकिस्तानी जेट मार गिराए गए या भारतीय सेना की ओर से पाकिस्तानी एयरबेस पर बमबारी के दौरान कितने विमान अपने हैंगर में खड़े रहते हुए नष्ट हो गए। राहुल के लिए आगे क्या है? निशान-ए-पाकिस्तान? वे जबरन भारतीय सेना और सरकार पर सवाल करते हैं। वे चीन के परेमी हैं।

### जयशंकर ने कही थी यह बात

*दिल्ली में जयशंकर ने कहा था कि यह स्पष्ट है कि कौन गोलीबारी बंद करना चाहता था। हमने आतंकवादी ढांचे को नष्ट करके जो लक्ष्य निर्धारित किए थे, उन्हें हासिल कर लिया है। चूंकि प्रमुख लक्ष्य हासिल कर लिए गए थे, इसलिए मुझे लगता है कि हमने उचित रूप से यह रुख अपनाया, क्योंकि ऑपरेशन की शुरुआत में ही हमने पाक को यह संदेश भेज दिया था कि हम आतंकवादी ढांचे पर हमला कर रहे हैं, न कि सेना पर।*

### खरगे ने केंद्र को घेरा

### ऑपरेशन सिंदूर को बताया 'छोटा सा युद्ध'



पहलगाम आतंकी हमले को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्र सरकार को घेरा। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर को छोटा सा युद्ध बताया। कर्नाटक में कांग्रेस की समर्पण-संकल्प रैली को संबोधित करते हुए खरगे ने कहा कि पहलगाम में 26 लोग इसलिए मारे गए क्योंकि मोदी सरकार ने वहां पर्यटकों को सुरक्षा मुहैया नहीं कराई। मोदी कश्मीर नहीं गए क्योंकि खुफिया एजेंसियों ने उन्हें ऐसा करने से मना किया था। अगर उन्हें बताया गया होता तो लोगों की जान बचाई जा सकती थी। रैली को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा कि मुझे यह जानकारी मिली कि कर्नाटक में बहुत से लोग जमीन के मालिक हैं।

### चीन में बनी पाकिस्तानी मिसाइल हैं राहुल



राहुल गांधी ऑपरेशन सिंदूर को लेकर लगातार सवाल पूछ रहे हैं। उन्होंने विदेश मंत्री एस. पर सवाल उठाए थे। उनके इस पोस्ट के बाद मोदी सरकार के मंत्री ने जोरदार निशाना साधा है। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने राहुल गांधी के पोस्ट पर जवाब देते हुए कहा कि राहुल गांधी चीन में बनी पाकिस्तानी मिसाइल हैं। वे केवल गैरजिम्मेदाराना बात कर रहे हैं।

### पाकिस्तान में घुसकर एक भी आतंकवादी को नहीं मारा



**अयोध्या।** अपनी जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि पाक में घुसकर एक भी आतंकवादी को नहीं मारा गया है। ऐसी क्या बात हो गई कि 24 घंटे के भीतर ही मोदी सरकार बैकफुट पर थी। सब टांय-टांय फुस्स हो गया। देश को खुशी हुई कि देर आए दुरुस्त आए, ऑपरेशन सिंदूर के जरिए आतंकवाद का खत्म होगा लेकिन कुछ नहीं हुआ।

### हिरासत में भेजे गए प्रो. अली



**सोनीपत।** कर्नल सोफिया कुरैशी पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले सोनीपत की यूनिवर्सिटी के असिस्टेंट प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद को सोनीपत जिला कोर्ट ने उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस मामले में अब अगली सुनवाई 27 मई को होगी। इस बीच प्रोफेसर के पूर्वजों पर पाकिस्तान की एक राजनीतिक पार्टी को फंडिंग देने का भी आरोप है।

### विश्व स्वास्थ्य महासभा में बोले पीएम

## वैश्विक स्वास्थ्य के लिए सहयोग और एकजुटता को बताया जरूरी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जिनेवा में आयोजित 78वें विश्व स्वास्थ्य महासभा को संबोधित किया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए इस वर्ष की थीम 'वन वर्ल्ड फॉर हेल्थ ' का स्वागत किया और कहा कि यह भारत की वैश्विक स्वास्थ्य संबंधी सोच से मेल खाती है। इस दौरान उन्होंने 2023 की अपनी उस ऐतिहासिक भाषण में इसका मंत्र दिया था। पीएम ने कहा कि एक स्वस्थ विश्व का भविष्य समावेश, एकीकृत दृष्टिकोण और सहयोग पर आधारित होना चाहिए। उन्होंने बताया कि भारत के स्वास्थ्य सुधारों की नींव सबको साथ लेकर चलने पर टिकी है। उन्होंने 'आयुष्मान भारत' योजना का उल्लेख किया, जो दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना है और 58 करोड़ लोगों को मुफ्त इलाज की सुविधा देती है।

### स्वास्थ्य, कल्याण केंद्रों की भी चर्चा

पीएम ने भारत के हजारों स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्रों की चर्चा की, जो कैंसर, मधुमेह और हाई ब्लड प्रेशर जैसी बीमारियों की समय रहते जांच करने में मदद करते हैं। उन्होंने जन औषधि केंद्रों का भी जिक्र किया, जो उच्च गुणवत्ता वाली दवाइयां बहुत ही कम कीमत पर उपलब्ध कराते हैं। तकनीक के उपयोग की सराहना करते हुए भारत के डिजिटल स्वास्थ्य पहलों को भी उजागर किया जैसे कि गर्भवती महिलाओं और बच्चों के टीकाकरण को ट्रैक करने वाला डिजिटल प्लेटफॉर्म और यूनिक डिजिटल हेल्थ आईडी, जो बीमा, रिकॉर्ड्स और इलाज की जानकारी को जोड़ती है। उन्होंने बताया कि भारत की मुफ्त टेलीमेडिसिन सेवा से अब तक 34 करोड़ से अधिक परामर्श हो चुके हैं।

### कमजोर वर्ग की देखभाल हो प्रमुखता

पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया का स्वास्थ्य इस बात पर निर्भर करता है कि हम सबसे कमजोर वर्ग की कितनी अच्छी देखभाल करते हैं। उन्होंने वैश्विक दक्षिण का उल्लेख करते हुए कहा कि यह क्षेत्र स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों से ज्यादा प्रभावित है। उन्होंने बताया कि भारत का मॉडल दोहराने योग्य, बढ़ाने योग्य और टिकाऊ है और भारत अपने अनुभव पूरी दुनिया खासकर ग्लोबल साउथ के साथ साझा करने को तैयार है। उन्होंने आगामी 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस जो जून में मनाया जाएगा, का भी उल्लेख किया और बताया कि इस वर्ष की थीम ' योगा फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ' है। उन्होंने सभी देशों से इसमें भाग लेने का आग्रह किया।

### जिला कलेक्ट्रेटों को बम से उड़ाने की धमकी

## सीकर, टोंक, राजसमंद और भीलवाड़ा में हाई अलर्ट, भवनों को खाली कराया



एजेंसी ▶▶ जयपुर

राजस्थान के कई जिलों के कलेक्ट्रेट कार्यालयों को सोमवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली, जिससे प्रशासनिक महकमे में अफरातफरी मच गई। सीकर, टोंक, राजसमंद और भीलवाड़ा जिलों में कलेक्ट्रेट को उड़ाने की धमकी ई-मेल के जरिए दी गई, जिसके बाद चारों जगह सुरक्षा एजेंसियों ने मोर्चा संभाल लिया और कलेक्ट्रेट परिसरों को खाली करवाकर बम निरोधक दस्तों और डॉग स्क्वॉड की मदद से सघन तलाशी अभियान चलाया गया।

### सीकर में डॉग स्क्वॉड ने की तलाशी

सीकर कलेक्ट्रेट को सुबह एक संदिग्ध ईमेल प्राप्त हुआ, जिसमें परिसर को आरडीएक्स से उड़ाने की धमकी दी गई थी। कलेक्टर के निजी सचिव सर्वेश माथुर ने बताया कि ईमेल मिलते ही जिला प्रशासन और वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी गई और तत्काल कलेक्ट्रेट भवन को खाली करवा कर पूरे परिसर को सील कर दिया गया।

### उत्तराखंड सरकार का फैसला

## यहां के मदरसों के बच्चों को पढ़ाया जाएगा 'ऑपरेशन सिंदूर' का अध्याय



एजेंसी ▶▶ देहरादून

उत्तराखंड के मदरसों में अब बच्चों को ऑपरेशन सिंदूर के बारे में पढ़ाया जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व वाली उत्तराखंड सरकार ने राज्य में मदरसा पाठ्यक्रम में ऑपरेशन सिंदूर पर एक पूरा अध्याय शुरू करने का निर्णय लिया है। जिसमें भारतीय सेना की वीरता और देश के प्रति समर्पण की प्रेरणादायक कहानी शामिल होंगी। पूरे उत्तराखंड में 451 पंजीकृत मदरसों में 50,000 से अधिक छात्र नामांकित हैं, जो अब ऑपरेशन सिंदूर के बारे में अध्ययन करेंगे।

### पाठ्यक्रम में जल्द शामिल होगा

उत्तराखंड मदरसा बोर्ड ने मंगलवार को कहा कि उत्तराखंड के मदरसों के पाठ्यक्रम में, हाल में भारतीय सैन्य बलों द्वारा पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकानों को नष्ट करने के लिए चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' की गाथा को शामिल किया जाएगा।

### बंगाल में तिरंगा यात्रा



**दक्षिण दिनाजपुर।** पश्चिम बंगाल के दक्षिण दिनाजपुर जिले के बालुरघाट में भारतीय सशस्त्र बलों के 'ऑपरेशन सिंदूर' की सराहना करने के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं ने तिरंगा यात्रा निकाली। इसमें हजारों लोगों ने भाग लिया। इसके पहले भाजपा ने कहा है कि देश के विभिन्न हिस्सों में सेना के पराक्रम और सम्मान के लिए यात्राएं निकाली जाएंगी। कई प्रदेशों में तो सम्मान यात्रा निकाली भी जा चुकी है, जिसमें विभिन्न वर्ग के लोगों ने पढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है।

## ऑपरेशन सिंदूर के बाद किसी की ओर से कोई हस्तक्षेप या मध्यस्थता नहीं की गई

### *भारत-पाक सीजफायर पर कांग्रेस के खुर्शीद ने कहा*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर बड़ा बयान दिया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया था कि उनकी वजह से भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर हुआ था। इसके बाद से मोदी सरकार विपक्षी दलों के निशाने पर है। हालांकि अब सलमान सलमान खुर्शीद ने कहा है कि किसी ने कोई हस्तक्षेप नहीं किया, कोई मध्यस्थता नहीं हुई।इसके पहले कई कांग्रेसी केंद्र सरकार पर बार-बार सवाल उठा रहे हैं। अब इसमें कई विपक्षी पार्टियां शामिल हो गई हैं।

### जो भी हुआ 2 देशों के बीच था



विदेश सचिव विक्रम मिस्री की ब्रीफिंग के बाद कांग्रेस नेता खुर्शीद ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच समझ में किसी ने कोई हस्तक्षेप नहीं किया, कोई मध्यस्थता नहीं हुई। लेकिन जब दुनिया में ऐसी चीजें होती हैं तो अलग-अलग लोग संदेश भेजने की कोशिश करते हैं। लेकिन जो कुछ भी हुआ है, वह सिर्फ दो देशों के बीच हुआ है। जब मामला बढ़ा तो यह हमारे दो देशों के बीच था। जब यह खत्म हुआ तो यह दोनों देशों के बीच खत्म हुआ। इसकी शुरुआत पाकिस्तान के डीजीएमओ ने की। उन्होंने कहा कि हमें इसे खत्म कर देना चाहिए। हमने कहा कि अगर वे तैयार हैं तो ऐसा किया जाना चाहिए।

### 12 घंटे में 130 मिली बारिश, करीब 500 घरों में घुस गया पानी

# बेंगलुरू में बारिश से बिगड़े हालात, 5 की मौत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आईएमडी ने बेंगलुरु के लिए ऑरेंज अलर्ट और कर्नाटक के विभिन्न स्थानों पर यलो अलर्ट जारी किया है। यहां लगभग 12 घंटों में 130 मिमी बारिश से बेंगलुरु का भारी नुकसान हुआ है। 5 लोगों की मौत हो गई है, 500 घरों में पानी भर गया, 20 से अधिक झीलें उफान पर हैं। महत्वपूर्ण क्षेत्रों की दर्जनों सड़कें जलमार्गों में तब्दील हो गई हैं, अंडरपास और फ्लाईओवरों पर पानी भर गया है, यातायात के लिए कई घंटों तक वाहनों की आवाजाही बाधित रही और बेंगलुरु के कई इलाकों में सार्वजनिक बस सेवाएं ठप हो गईं। विभाग ने 5 दिन तक बेंगलुरु में भारी बारिश का अनुमान लगाया है।

### केरल में 5 दिन पहले मानसून देगा दस्तक



*दक्षिण-पश्चिम मानसून तय अनुमानित समय से पहले केरल में दस्तक दे सकता है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मंगलवार को कहा कि दक्षिण-पश्चिम मानसून के अगले चार-पांच दिनों में केरल पहुंचने की संभावना है। यह 1 जून की सामान्य तिथि से काफी पहले है। मौसम विभाग ने पहले पूर्वानुमान लगाया था कि मानसून 27 मई तक केरल में दस्तक देगा। आईएमडी के आंकड़ों के मुताबिक, अगर मानसून उम्मीद के मुताबिक केरल पहुंचता है तो यह 2009 के बाद से सबसे जल्दी दस्तक देगा। तब यह 23 मई को शुरू हुआ था।*

### अनुकूल परिस्थितियां हो रहीं निर्मित

*आईएमडी ने बताया कि अगले 4-5 दिन के दौरान केरल में मानसून के दस्तक देने के लिए परिस्थितियां अनुकूल होने की संभावना है। आम तौर पर दक्षिण-पश्चिम मानसून 1 जून तक केरल में दस्तक देता है। इसके बाद 8 जुलाई तक यह पूरे देश को कवर कर लेता है। यह 17 सितंबर के आसपास उत्तर-पश्चिम भारत से पीछे हटना शुरू करता है और 15 अक्तूबर तक पूरी तरह से वापस चला जाता है।*

### असम और सिक्किम में भारी बारिश के साथ बाढ़ और भूस्खलन का खतरा

**नई दिल्ली।** असम में मंगलवार को कई जिलों में मूसलाधार बारिश हुई। आईएमडी ने सिक्किम में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। भारी बारिश से बाढ़, भूस्खलन और यात्रा में व्यवधान का खतरा पैदा हो सकता है। मौसम विभाग का कहना है कि बंगाल की खाड़ी के ऊपर साइक्लोनिक सर्कुलेशन के कारण सिक्किम में तेज बारिश की संभावना है। 25 मई तक सिक्किम के सभी जिलों में मूसलाधार बारिश की संभावना है। 26 मई को भी ज्यादातर इलाकों में बारिश की उम्मीद है।

जबलपुर

बुधवार, 21 मई 2025

- ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष-9
- वर्ष : 20, अंक : 21
- पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 40
न्यून. 26

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला**

## सिविल जज बनने के लिए 3 साल बतौर वकील प्रैक्टिस जरूरी



*कोर्ट ने कहा कि देखा गया है कि जो नए कानून स्नातक न्यायपालिका में नियुक्त होते हैं, उनके चलते कई समस्याएं हुई हैं*

कोर्ट ने 'ऑल इंडिया जज एसोसिएशन' की याचिका पर यह फैसला सुनाया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम फैसले में कहा है कि सिविल जज जूनियर डिविजन के पद के लिए उम्मीदवार अब सीधे परीक्षा पास कर नियुक्त नहीं हो सकेंगे और उन्हें तीन साल कम से कम बतौर वकील प्रैक्टिस करना जरूरी है। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस एजी मसीह और जस्टिस के विनोद चंद्रन की पीठ ने अपने फैसले में कहा कि देखा गया है कि जो नए कानून स्नातक न्यायपालिका में नियुक्त होते हैं।

**दिखाना होगा सर्टिफिकेट**

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि प्रैक्टिस की अवधि नामांकन की तारीख से मानी जा सकती है। अदालत ने साफ किया कि यह आदेश उच्च न्यायालयों में हो चुकी नियुक्तियों पर लागू नहीं होगा और भविष्य में होने वाली नियुक्तियों में ही ये शर्त लागू होगी। शर्त पूरी करने के लिए उम्मीदवार को 10 साल तक प्रैक्टिस कर चुके वरिष्ठ वकील या तय न्यायिक अधिकारी द्वारा जारी सर्टिफिकेट को दिखाना होगा।

## देश से गद्दारी करने वाली यूट्यूबर ज्योति से पूछताछ करने हरियाणा जाएगी उज्जैन पुलिस

# ज्योति ने महाकालेश्वर मंदिर और उज्जैन के रेलवे स्टेशन के वीडियो बनाए थे, पाक भेजने का शक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा का पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई (इंटर सर्विसेज इंटेलिजेंस) से कनेक्शन पता चलने के बाद उसका उज्जैन और इंदौर का एक वीडियो सामने आया है।

अब मप्र पुलिस एसआईटी (स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम) बनाकर ज्योति से पूछताछ करने हरियाणा के हिसार जाएगी। ज्योति 2024 में उज्जैन और इंदौर आई थी। उसने इसके वीडियो यूट्यूब पर शेयर किए, लेकिन उज्जैन रेलवे स्टेशन के बाद का एक भी वीडियो अपलोड नहीं किया।

### 2024 में इंदौर-उज्जैन आई थी पाक जासूस, एसआईटी पता लगाएगी वीडियो बनाकर कहां अपलोड किए?

**पहले वीडियो में क्या?**

हिसार से ट्रेन में बैठते हुए ज्योति ने महाकाल मंदिर के बारे में बताया। रास्ते में भी वीडियो बनाया। उज्जैन रेलवे स्टेशन उतरते ही यात्री और ऑटो रिक्शा चालकों से चर्चा की। इस दौरान वो महाकाल मंदिर की भी बात कर रही है।



**दूसरे वीडियो में क्या?**

इंदौर से उज्जैन, नागदा, मंदसौर होते हुए राजस्थान और फिर दिल्ली तक के सफर के बीच ज्योति ने इंदौर-उज्जैन और नागदा के बारे में बताया।

**मिलिट्री इंटेलिजेंस ने पकड़ा**

### पुणे में एयरफोर्स का अफसर बन रह रहा था अलीगढ़ का युवक



**पुणे।** यहां एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। यह गिरफ्तारी सेना की इंटेलिजेंस टीम और पुलिस ने मिलकर की। गिरफ्तार किए गए आदमी का नाम गौरव कुमार है। वह पुणे में इंडियन एयर फोर्स का जवान बनकर रह रहा था। उसे खाराडी पुलिस स्टेशन की टीम ने पकड़ा। सेना की इंटेलिजेंस टीम को गौरव पर शक था। गौरव कुछ संदिग्ध काम कर रहा है। खाराडी में रविवार रात करीब 8:40 बजे उसे पकड़ लिया गया। पुलिस ने गौरव के खिलाफ वीएनएस सेक्शन 168 के तहत मामला दर्ज किया है।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366






## खबर संक्षेप

### अहमदाबाद में होगा आईपीएल का मुकाबला!



**अहमदाबाद।** आईपीएल 2025 सीजन का फाइनल मुकाबला कोलकाता के बजाए अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में कराया जा सकता है। वहीं, इस बात की भी चर्चा है कि इस सीजन के प्लेऑफ मुकाबले मुल्लांपुर में खेले जा सकते हैं। अहमदाबाद और मुल्लांपुर के नाम तय किया।

### 27 करोड़ के पंत 27 का आंकड़ा पार नहीं कर पाए



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 में सोमवार को लखनऊ सुपर जाएंट्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच मुकाबला खेला गया। इस मैच में एसआरएच ने लखनऊ को छह विकेट से हरा दिया। एक बार फिर एलएसजी के कप्तान ऋषभ पंत फ्लॉप रहे। लखनऊ की टीम के खराब प्रदर्शन रहा, जिसकी एक वजह पंत की खराब बल्लेबाजी भी रही है।

### नदी में नहा रहे किशोर को मगरमच्छ ले गया



**श्योपुर।** चंबल नदी में नहाने के लिए उतरे बालक को मगरमच्छ मुंह में दबाकर ले गया। रघुनाथपुर थाना क्षेत्र की है। बताया गया है कि ग्राम रिझेटा निवासी अनिल 9 वर्ष पुत्र गणेश केवट भैंसों को पानी पिलाने के लिए गांव के नजदीक से गुजरी चंबल नदी पर गया था।

### एक बार फिर पैर पसार रहा कोरोना, केरल और महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा मामले

# 12 मई से अब तक कोविड-19 वायरस के 257 केस, 2 की मौत



*स्वास्थ्य एजेंसियों के विशेषज्ञों के साथ लगातार बैठकें हो रही हैं और सरकार अलर्ट मोड पर है। देश में श्वसन वायरल बीमारियों की निगरानी के लिए एक मजबूत प्रणाली भी मौजूद*

**एशियाई देशों में बढ़ते कोरोना मामलों के बीच भारत में भी चिंता बढ़ी, हालांकि, अधिकारियों का कहना है कि स्थिति नियंत्रण में है**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एशिया के कई देशों में एक बार फिर कोरोना पैर पसार रहा है। भारत में भी इसे लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। स्वास्थ्य एजेंसियों के विशेषज्ञों के साथ लगातार बैठकें हो रही हैं और सरकार अलर्ट मोड पर है। हालांकि, अधिकारियों की तरफ से यह स्पष्ट कर दिया है कि भारत में स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है और इसके लिए चिंता करने की जरूरत नहीं है।

भारत में 12 मई से अब तक कोविड-19 वायरस के केवल 257 मामले सामने आए हैं। मुंबई के केईएम अस्पताल में दो कोविड पॉजिटिव मरीजों की मौत हो गई। दोनों गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे थे। एक मरीज को ओरल कैंसर था, जबकि दूसरा नेफ्रोटिक सिंड्रोम से जूझ रहा था। हालांकि, बीएमसी ने यह स्पष्ट किया है कि दोनों मौतें कोविड-19 की वजह से नहीं, बल्कि उनकी बीमारी की वजह से हुई थीं। स्वास्थ्य मंत्रालय हालात पर नजर बनाए हुए है।

**सिंगापुर और हांगकांग जैसे देशों में कोविड-19 के मामले तेजी से बढ़ रहे**



- केरल में 69 और महाराष्ट्र में 44 मामले
- तमिलनाडु में 34, कर्नाटक में 8 मामले
- दिल्ली में 3 मामले

### नए वैरिएंट ने मचाया कहर

इस लिस्ट में सबसे पहले नंबर पर केरल का नाम है। केरल में इस वक्त कोविड-19 के सबसे ज्यादा मरीज है। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक केरल में इस वक्त कोरोना के 69 मामले एक्टिव हैं। दूसरे नंबर पर महाराष्ट्र है, जहां 44 मामले हैं। इसके अलावा तमिलनाडु में 34, कर्नाटक में 8, गुजरात में 6 और दिल्ली में करीब 3 मामले सामने आए हैं। इसके अलावा हरियाणा, राजस्थान और सिक्किम में भी एक-एक मामले हैं। एशिया में कोरोना के मामले बढ़ने की वजह वायरस का नया वैरिएंट है। बताया जा रहा है कि कोरोना के जेएन.1 वैरिएंट ने स्थिति को यहां पहुंचा दिया है। यह ओमिक्रॉन बीए.2.86 का ही म्यूटेशन है। सिंगापुर और हॉन्ग कॉन्ग जैसे देशों में कोविड-19 के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं।

### जेएन .1 वैरिएंट क्या है?

**इसमें करीब 30 म्यूटेशन यानी ये बहुरूपिया वायरस**

जेएन.1 वैरिएंट कोरोना वायरस का एक नया वर्जन है जो ओमिक्रॉन बीए2.86 परिवार से आता है। यह पहली बार अगस्त 2023 में पाया गया था। जॉन्स हॉपकिन्स मेडिसिन के डॉक्टरों और शोधकर्ताओं का कहना है कि जेएन.1 में कुछ अतिरिक्त म्यूटेशन हैं जो इसे एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में अधिक आसानी से फैलने में मदद करते हैं। इसमें लगभग 30 म्यूटेशन भी हैं जो शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली के लिए इससे लड़ना कठिन बनाते हैं।

**स्वास्थ्य मंत्रालय में आपात बैठक**

**निष्कर्ष:** ज्यादातर केस हल्के, अस्पताल में भर्ती होने की जरूरत नहीं

स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान जारी कर कहा है कि पिछले कुछ हफ्तों में यह खबरें सामने आई है कि सिंगापुर और हांगकांग में कोविड-19 के मामलों में बढ़ोतरी देखी गई है। लेकिन, ज्यादातर मामले हल्के हैं और ये असामान्य गंभीरता या मृत्यु दर से जुड़े नहीं हैं। इन घटनाक्रमों के मद्देनजर, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक की अध्यक्षता में राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र, आपातकालीन चिकित्सा राहत प्रभाग, आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ, भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद और केंद्र सरकार के अस्पतालों के विशेषज्ञों की समीक्षा बैठक बुलाई गई। बैठक में निष्कर्ष निकाला गया कि भारत में वर्तमान कोविड-19 स्थिति नियंत्रण में है। 19 मई, 2025 तक भारत में सक्रिय कोविड-19 मामलों की संख्या 257 है, जो देश की बड़ी आबादी को देखते हुए बहुत कम आंकड़ा है।

### राजस्थान की लुटेरी दुल्हन भोपाल में गिरफ्तार

# सात महीने में इस युवती ने की करीब 25 लड़कों से फर्जी शादी

- 23 साल की अनुराधा मूल रूप से उत्तर प्रदेश के महाराजगंज जिले की है
- गिरोह भोपाल से संचालित हो रहा था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजस्थान पुलिस ने फर्जी तरीके से की गई शादियों के जरिए लोगों से लाखों रुपए की ठगी करने वाली एक महिला को भोपाल से गिरफ्तार किया है। ये कार्रवाई राजस्थान के सवाई माधोपुर जिले की मानटाउन थाना पुलिस ने की है। आरोपी महिला की पहचान अनुराधा पासवान के रूप में हुई है जो 7 महीने में अब तक करीब 25 व्यक्तियों से फर्जी शादी कर उन्हें ठग चुकी है। 23 साल की अनुराधा पासवान मूल रूप से यूपी के महाराजगंज जिले की रहने वाली है। वर्तमान में वो भोपाल में रह कर फर्जी तरीके से शादी कराने वाले गिरोह में शामिल थी। दरअसल, 3 मई 2025 को राजस्थान के मानटाउन निवासी विष्णु शर्मा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि उसे खंडवा निवासी सुनीता और पप्पू मीना ने मनपसंद लड़की से शादी करवाने का झांसा देकर भोपाल निवासी अनुराधा का फोटो दिखाया। इसके बाद सवाई माधोपुर कोर्ट में फर्जी एग्रीमेंट के जरिए 2 लाख रुपए लेकर शादी करा दी। शादी के महज तीन दिन बाद ही अनुराधा घर से कैश, जेवर और मोबाइल लेकर फरार हो गइ। एफआईआर होने के बाद राजस्थान पुलिस ने एक टीम गठित कर भोपाल में मुखबिरों की मदद से फर्जी तरीके से शादी कराने वाले गिरोह से संपर्क किया। वहीं, टीम के एक सिपाही को अविवाहित बताकर फर्जी शादी कराने की योजना बनाई। इसी दौरान एजेंट द्वारा दिखाई गई तस्वीरों में फरार अनुराधा की पहचान हुई। टीम ने भोपाल के कालापीपल स्थित पन्नाखेड़ी गांव में दबिश देकर अनुराधा को गिरफ्तार कर लिया।




**शादी के बाद 3 या 4 दिन बाद हो जाती थी गायब**

पुलिस जांच में पता चला है कि गिरोह के सदस्य मोबाइल पर शादी के इच्छुक लोगों से संपर्क कर महिलाओं के फर्जी फोटो दिखाते थे और 2 से 5 लाख रुपए तक वसूल कर शादी करवा देते थे। शादी के 3 या 4 दिन बाद अनुराधा घर का सारा माल समेटकर से भाग जाती है। आरोपी महिला ने भोपाल में रहने वाले गब्बर नाम के युवक को भी इसी तरह ठगा था। फिलहाल, राजस्थान पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है। वहीं, पुलिस चोरी किए गए जेवर और नगदी की बरामदगी की कोशिश भी कर रही है।

### महाराष्ट्र सरकार का नया नियम

## 'पार्किंग' दिखाने पर ही कार खरीदने की मिलेगी अनुमति

एजेंसी ▶▶ मुंबई



- सर्टिफिकेट नहीं तो रजिस्टेशन नहीं होगा

महाराष्ट्र के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने एक बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा कि अब राज्य में कोई भी नया वाहन रजिस्ट्रेशन (पंजीकरण) तभी होगा जब खरीदार नगर निकाय से पार्किंग स्पेस मिलने का प्रमाण दिखाएगा। यानी अब अगर आपके पास गाड़ी रखने की जगह नहीं है, तो गाड़ी खरीदना भी मुश्किल हो जाएगा। यह फैसला मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन (एमएमआर) में लगातार बढ़ रही पार्किंग की समस्या को देखते हुए लिया गया है।

### किसी प्रकार का दंडनीय अपराध सिद्ध नहीं

## डॉ. मेहता के खिलाफ दर्ज एफआईआर रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर



- वे 70 दिन न्यायिक हिरासत में रहे

व्यापमं पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा से जुड़े मामले में एक बड़ी न्यायिक राहत देते हुए, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ने वर्ष 2015 में सीबीआई और एसटीएफ द्वारा डॉ. अजय शंकर मेहता के खिलाफ दर्ज की गई एफआईआर को पूरी तरह रद्द कर दिया है। डॉ. मेहता, जो अस्थि रोग विशेषज्ञ हैं और जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष (मंत्री दर्जा) रह चुके हैं, इस मामले में लगभग 70 दिन न्यायिक हिरासत में रहे थे।

### अगले महीने खत्म हो रहा था कार्यकाल

## आईबी प्रमुख का कार्यकाल एक साल और बढ़ाया गया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



- डेका को आतंक विरोधी ऑपरेशन का विशेष अनुभव

केंद्र सरकार ने इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) के निदेशक तपन कुमार डेका का कार्यकाल एक साल और आगे बढ़ा दिया है। उनका कार्यकाल अगले महीने समाप्त होने जा रहा था। मंत्रिमंडल की नियुक्ति मामलों की समिति ने उनके कार्यकाल विस्तार को मंजूरी प्रदान की हिमाचल प्रदेश कैडर के 1988 बैच के भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी तपन डेका को कश्मीर में आतंक विरोधी ऑपरेशन का विशेष अनुभव है।

## बेंगलुरु हुआ पानी...पानी...



**बेंगलुरु के साई लेआउट का हाल**

*ये दृश्य बेंगलुरु के साई लेआउट का है। जहां भारी बारिश के बाद जलमग्न सड़क से कार को बाहर निकालने का प्रयास करते लोग दिखाई दिए। पिछले 36 घंटों से यहां हो रही भारी बारिश के कारण मंगलवार को भी जनजीवन प्रभावित रहा। जलमग्न सड़कों के बीच कई जगह ट्रैफिक जाम हो गया। वहीं राज्य में बारिश से संबंधित मौतों की संख्या बढ़कर पांच हो गई है। कई वाहन पानी में फंस गए जिन्हें एक दूसरे की मदद से बाहर निकाला गया।*

### होमी भाभा के साथ परमाणु प्रोग्राम की संभाली थी कमान

# भारत के परमाणु कार्यक्रमों को दिशा देने वाले डॉ. श्रीनिवासन 'नहीं' रहे

**पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा- विज्ञान क्षेत्र की दो बड़ी हस्तियों का जाना वैज्ञानिक समुदाय की बड़ी क्षति**

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारत के परमाणु कार्यक्रमों को दिशा प्रदान करने वाले वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. एमआर श्रीनिवासन का मंगलवार को 95 वर्ष की उम्र में ऊटी में निधन हो गया। उन्हें भारत के परमाणु कार्यक्रमों के जनक कहे जाने वाले महान वैज्ञानिक डॉ. होमी जहांगीर भाभा के साथ काम करने का अवसर मिला था। डॉ. भाभा के साथ डा. श्रीनिवासन ने भारत के पहले परमाणु अनुसंधान रिएक्टर 'अप्सरा' के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।



श्रीनिवासन



नार्लीकर

### प्रसिद्ध खगोल वैज्ञानिक जयंत नार्लीकर का निधन

प्रख्यात खगोल वैज्ञानिक, विज्ञान संचारक और पद्म विभूषण से सम्मानित डॉ. जयंत विष्णु नार्लीकर का मंगलवार को पुणे में सोते वक्त ही निधन हो गया है। वे 86 वर्ष के थे। भारतीय विज्ञान के क्षेत्र में एक महान हस्ती, डॉ. नार्लीकर को ब्रह्मांड विज्ञान में उनके अग्रणी योगदान, विज्ञान को लोकप्रिय बनाने के उनके प्रयासों और देश में प्रमुख शोध संस्थानों की स्थापना के लिए व्यापक रूप से जाना जाता था।

### लंदन में महुआ से बनी चाय के निर्माण के लिए ओ फॉरेस्ट कंपनी ने एक यूनिट शुरू की

**अंतर्राष्ट्रीय चाय दिवस**

# मप्र के महुए की चाय की महक लंदन की गलियों में भी





मप्र के पूर्व डीएफओ के साथ ओ फॉरेस्ट कंपनी के हेड अनिल पटेल, साथ में रजिया शेख

***पांच फ्लेवर में बनी चाय से दूर होगी खून की कमी, थायराइड और शरीर में दर्द की समस्या***

***पहले इसकी प्रोसेसिंग यूनिट छग के नेंगीगुडा में लगाई गई। जगदलपुर और हैदराबाद में भी यूनिट शुरू की गई***

मधुरिमा राजपाल ▶▶ भोपाल

महुए का नाम सुनते ही हर किसी के जेहन में सिर्फ शराब की याद आती है लेकिन मप्र के अलीराजपुर, सीधी, उमरिया सहित सात जिलों और छग के बस्तर का महुआ अब सेहत बनाने में काम आ रहा है। महुए से लड्डू, कैंडी के बाद अब चाय और काढ़ा भी बनाया जा रहा है। यही वजह है कि बस्तर फूड्स संस्था ने महुए की चाय के पांच फ्लेवर तैयार किए हैं। इन पांच फ्लेवर से बनी चाय की खासियत होगी कि इसके उपयोग से खून की कमी, थाइराइड व शरीर में दर्द दूर होगा।

**प्रशिक्षण दिया, नतीजा: 120 रु. प्रति किलो मिले किसानों को दाम**

मध्य प्रदेश में अर्नेस्ट एंड यंग के प्रोजेक्ट के तहत राज्यों के किसानों को गुणवत्ता युक्त साफ सुथरा महुआ बीनने और सहेजने का प्रशिक्षण दिया गया। नतीजा ये हुआ कि किसानों इसके काफी अच्छे दाम यानी 120 रुपए प्रति किलो मिले।



**शरीर को गर्म रखने के साथ करती है इम्युनिटी बूस्ट**

लंदन में चाय निर्माण करने वाली कंपनी के हेड दीपम पटेल की मानें तो यह चाय ठंडे इलाके के लोगों के लिए फायदेमंद है। यही कारण है कि इसे लंदन में इतना पसंद किया गया है। उन्होंने कहा कि इस चाय की खासियत केवल शरीर को गर्म रखना ही नहीं बल्कि इम्युनिटी भी बूस्ट करती है क्योंकि, मप्र और बस्तर के महुए में आयुर्वेदिक गुण पाए जाते हैं।

भारत के दुश्मन कांपेंगे थरथर

# सुखोई विमान को मिली एआई की ताकत, रूस ने किया सफल परीक्षण, भारतीय बेड़े में शामिल होगी नई तकनीक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रूस ने पहली बार सुखोई एसयू-57एम लड़ाकू विमान को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) सिस्टम के साथ उड़ाया है। इस विमान ने 15 मई को एआई के साथ पहली उड़ान भरी थी। एसयू-57 को रूस के यूनाइटेड एयरक्राफ्ट कॉरपोरेशन (यूएसी) और सुखोई डिजाइन ब्यूरो ने मिलकर बनाया है। यह रूस की हवाई युद्ध क्षमताओं को बढ़ाने के लिए तैयार पांचवीं पीढ़ी का स्टील्थ फाइटर जेट है। मॉस्को में एक प्रेजेंटेशन के दौरान टेस्ट पायलट सर्गेई बोगदान ने बताया कि यह मील का पत्थर, हवाई श्रेष्ठता, जमीनी हमले और समुद्री हमले मिशनों के लिए डिज़ाइन किए गए अत्याधुनिक मल्टीरोल फाइटर जेट की रूस की खोज में एक महत्वपूर्ण छलांग है। बता दें, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर में कई आतंकी ठिकानों पर सटीक निशाना साधा था। इस दौरान भारत के सुखोई एसयू-30एमकेआई विमानों ने एक बार फिर अपनी उपयोगिता साबित की। अब रूस ने इस विमान का नया वर्जन लॉन्च किया है।



*रूस ने एसयू-57एम की पहली एआई-एसिस्टेड फ्लाइट को फिलहाल एक प्रोटोटाइप के रूप में तैयार किया गया है। जानकार इस प्रयोग को रूस के एयरोस्पेस इतिहास में मील का पत्थर बता रहे हैं*

### एआई से ये होगा लाभ

- पायलट तेजी से फैसले ले सकेंगे
- पायलट पर लोड कम हो जाएगा
- अत्यधिक जोखिम का निर्णय एआई लेगा



### ये भी अहम

फाइटर जेट की फ्लाइट कंट्रोल, नेविगेशन और टारगेट चुनने की क्षमता जैसी चीजें एआई की मदद से ही नियंत्रित की गई

### फिलहाल प्रोटोटाइप मॉडल तैयार किया गया

रूस ने एसयू-57एम की पहली एआई-एसिस्टेड फ्लाइट को फिलहाल एक प्रोटोटाइप के रूप में तैयार किया गया है। जानकार इस प्रयोग को रूस के एयरोस्पेस इतिहास में मील का पत्थर बता रहे हैं। रूस की टेस्टिंग के दौरान एक पायलट कॉकपिट में मौजूद था। हालांकि फाइटर जेट की फ्लाइट कंट्रोल, नेविगेशन और टारगेट चुनने की क्षमता जैसी चीजें एआई की मदद से ही नियंत्रित की गई। विशेषज्ञों के हवाले से बताया कि एआई की मदद से पायलट तेजी से फैसले ले सकेंगे। वहीं यह पायलट के लोड को कम करने और अधिक जोखिम वाले फैसले लेने में भी मदद कर सकता है।

### भारत के पास 250 से अधिक सुखोई

*बता दें कि सुखोई जेट्स भारतीय वायुसेना के बेड़े का सबसे अहम हिस्सा हैं। भारतीय वायु सेना के पास 250 से अधिक एसयू-30एमकेआई विमान हैं। भारत के सबसे बड़े रक्षा सहयोगी रूस के साथ 1996 में हुए एक सौदे के तहत एसयू-30एमकेआई कार्यक्रम की शुरुआत हुई थी। तब से इसे हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) द्वारा असेंबल और निर्मित किया जाता रहा है। अब रूस के इस कदम से भारतीय बेड़े में भी नई तकनीक शामिल की जा सकेगी।*


### अमेरिकी जेट को देगा सीधी टक्कर

एसयू-57एम, बेसलाइन एसयू-57 का एक उन्नत संस्करण है, जो रूस के पीएके एफए (फ्रंट-लाइन एविएशन का संभावित वैमानिकी परिसर) कार्यक्रम का उत्पाद है। इसे 1999 में मिग-29 और एसयू-27 के लिए एक स्टील्थ तकनीक से लैस उत्तराधिकारी विकसित करने के लिए शुरू किया गया था। मूल एसयू-57 लड़ाकू विमान ने पहली बार 2010 में उड़ान भरी और 2020 में सीमित मात्रा में रूसी सेना में शामिल किया गया। यह मॉडल अमेरिका के एफ-22 रैप्टर और एफ-35 लाइटनिंग टू जैसे जेट को सीधी टक्कर दे सकता है।

---

## खबर संक्षेप

### 100 से अधिक हत्या करने वाला 'डॉ. डेथ' गिरफ्तार



**दिल्ली।** 100 से अधिक हत्या करने वाले 'डॉक्टर डेथ' को दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने राजस्थान के दौसा से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान गांव पुरैनी, अलीगढ़, यूपी निवासी डॉ. देवेंद्र कुमार शर्मा उर्फ डॉक्टर डेथ (67) के रूप में हुई है। आरोपी ने वर्ष 1995 से 2004 के बीच अपने गैंग के साथ मिलकर अनगिनत हत्याओं को अंजाम दिया। वर्ष 1998 से 2004 के बीच इसने 125 लोगों का अवैध रूप से डॉ. अमित के साथ मिलकर किडनी ट्रांसप्लांट भी करवाया।

### बांग्लादेश में शुरू हुई स्टारलिंक इंटरनेट सर्विस



**नई दिल्ली।** एलन मस्क की सैटेलाइट इंटरनेट कंपनी स्टारलिंक ने बांग्लादेश में अपनी सेवाएं शुरू कर दी हैं। बांग्लादेश में दो रेजिडेंशियल प्लान लॉन्च किए हैं जिनमें एक 6,000 टका (करीब 4,200 रु.) प्रति माह और दूसरा 4,200 टका (करीब 2,900 रु.) प्रति माह है। इसके साथ ही इंस्टॉलेशन फीस भी है जो कि 47,000 टका (करीब 32,900 रु.) है। इससे दूरदराज और इंटरनेट से वंचित क्षेत्रों के लिए तेज और भरोसेमंद कनेक्टिविटी मिलेगी।

---

'ऑपरेशन सिंदूर' पर विदेश सचिव मिसरी ने सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों को दी जानकारी

# पाक के साथ सिंधु जल समझौता और व्यापार अभी स्थगित ही रहेंगे

जेडीयू के संजय झा शिवसेना के श्रीकांत शिंदे और डीएमके की कनिमोझी के नेतृत्व वाला डेलिगेशन शामिल

विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने समिति के सामने सरकार के पक्ष को दोहराते हुए यह स्पष्ट किया कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत-पाक के बीच बढ़े तनाव और सीमाओं पर जारी गोलीबारी को रोकने के लिए किए गए संघर्षविराम का निर्णय पूरी तरह से द्विपक्षीय था और इसमें किसी तीसरे पक्ष (अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप) की कोई भूमिका नहीं है।



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने मंगलवार को पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत का पक्ष अंतरराष्ट्रीय मंचों पर रखने के लिए विभिन्न देशों की यात्रा पर जाने वाले सात में से तीन सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों को ब्रीफ किया है।

जेडीयू के संजय झा, शिवसेना के श्रीकांत शिंदे और डीएमके की कनिमोझी के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडलों के सदस्यों ने इस ब्रीफिंग में हिस्सा लिया। जिसमें उन्हें उनके एजेंडे और उसके महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी दी गई। तृणमूल कांग्रेस के सांसद अभिषेक बनर्जी भी बैठक में शामिल हुए, जिन्हें अंतिम समय में प्रतिनिधिमंडल में शामिल किया गया, क्योंकि उनकी पार्टी ने अपने सांसद यूसुफ पठान को सरकार द्वारा चुने जाने के 'एकतरफा' फैसले का विरोध किया था।

### ये भी बोले

1. संघर्षविराम पूरी तरह से द्विपक्षीय
2. आतंकी हमला 'एक्ट ऑफ वॉर' मानेंगे
3. टेररिज्म और ट्रेड साथ साथ नहीं चलेंगे

### पाकिस्तान से बात सिर्फ आतंकवाद और पीओके की वापसी पर

सूत्रों ने बताया कि मिसरी ने समिति के सामने सरकार के पक्ष को दोहराते हुए यह स्पष्ट किया कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत-पाक के बीच बढ़े तनाव और सीमाओं पर जारी गोलीबारी को रोकने के लिए किए गए संघर्षविराम का निर्णय पूरी तरह से द्विपक्षीय था और इसमें किसी तीसरे पक्ष (अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप) की कोई भूमिका नहीं है। जम्मू-कश्मीर के मामले में टिप्पणी करने का दुनिया के किसी अन्य देश को कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान के साथ सिंधु जल समझौता, वीजा व व्यापार स्थगित रहेगा। मिसरी ने बताया कि पीएम मोदी ने दो टूक शब्दों में कहा है कि पाकिस्तान की ओर से किसी भी प्रकार की आंतकी गतिविधि को भारत 'एक्ट ऑफ वार' मानकर जवाबी कार्रवाई की जाएगी।

### भारत ने आतंकी ट्रेनिंग कैंपों को निशाना बनाया

विदेश सचिव ने प्रतिनिधिमंडल को भारत की ओर से की गई जवाबी कार्रवाई का पूरा ब्यौरा दिया। उन्होंने बताया कि भारत ने पाकिस्तान में सिर्फ आतंकी ट्रेनिंग कैंपों और उनके मुख्यालयों को अपना निशान बनाया है। संघर्ष के दौरान भारत ने पाकिस्तान के एयरबेसों को क्षति पहुंचाई। भारत के पड़ोस से (पाकिस्तान) कोई परमाणु खतरा नहीं था। तुर्किये के रुख पर मिसरी ने कहा कि तुर्किये परंपरागत रूप से भारत का समर्थक देश नहीं रहा है। इसलिए सरकार ने तुर्किये की कई कंपनियों के साथ किए गए समझौतों की जांच शुरू कर दी है।

### यूएन के समक्ष कई बार पाक बेनकाब

मिसरी ने समिति को यह भी बताया कि पहलगाम हमले की जांच में यह खुलासा हुआ कि आतंकियों ने पाकिस्तान में मौजूद हमले के मास्टरमांइड को सूचना दी थी। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान का आतंकी पनाहगाह के रूप में ट्रैक रिकॉर्ड सबके सामने तथ्य के साथ स्थापित हो चुका है। जिसमें पुख्ता प्रमाण और सबूतों की अहम भूमिका है। यूएन के समक्ष कई बार पाक को बेनकाब किया गया है। उन्होंने दोनों देशों के बीच डीजीएमओ स्तर की हुई बातचीत की भी जानकारी दी।

### तीसरे ग्रुप का नेतृत्व करेंगे सांसद झा

सांसदों का तीसरा समूह जदयू सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व में इंडोनेशिया, मलयेशिया, कोरिया गणराज्य, जापान और सिंगापुर जाएगा। इसमें भाजपा सांसद अपराजिता सारंगी, एआईटीसी सांसद युसूफ पठान, भाजपा सांसद बृजलाल, सीपीआई एम सांसद डॉ. जॉन ब्रिटास, भाजपा सांसद प्रदान बरुआ, हेमांग जोशी व कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद शामिल हैं। इस ग्रुप में राजनयिक मोहन कुमार होंगे।

---

सऊदी अरब में 'बंधक' बने 400 भारतीय

# भारत वापस आने के लिए पीएम मोदी से लगाई गुहार



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बिहार के गोपालगंज सहित कई जिलों से बड़ी संख्या में श्रमिक खाड़ी देशों में रोजगार की तलाश में जाते हैं, लेकिन हर बार किस्मत सभी का साथ नहीं देती। इस बार एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां सऊदी अरब की एक कंपनी में काम करने गए सैकड़ों भारतीय मजदूरों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

कंपनी की ओर से न तो समय पर भोजन दिया जा रहा है और न ही वेतन। यहां तक कि उन्हें वतन वापसी की इजाजत भी नहीं दी जा रही है। उनके जरूरी कागज कंपनी ने जमा कर रखे हैं। अब मजदूरों ने पीएम मोदी, सीएम नीतीश कुमार से वतन वापसी के लिए मदद की गुहार लगाई है।

### वतन वापसी पर रोक

गोपालगंज के दर्जनों मजदूर पिछले वर्ष सऊदी की सेंडन इंटरनेशनल कंपनी लिमिटेड में नौकरी करने गए थे। लेकिन बीते 8-9 महीनों से उन्हें न तो समय पर भोजन मिल रहा है और न ही वेतन। हालात इतने खराब हैं कि कंपनी ने उनकी वतन वापसी पर भी रोक लगा दी है, जिससे वे बंधक जैसी स्थिति में जीने को मजबूर हैं। इन मजदूरों में राजकिशोर कुमार, बलिंदर सिंह, दिलीप कुमार चौहान, शैलेश कुमार चौहान, ओमप्रकाश सिंह, रवि कुमार, राजीव रंजन, हरिंदर चौहान और सीवान के उमेश साह जैसे नाम शामिल हैं।

### वीडियो संदेश भेजकर मांगी मदद

यह मामला केवल गोपालगंज तक सीमित नहीं है। बिहार के अन्य जिलों, यूपी और पश्चिम बंगाल के भी लगभग 400 मजदूर इसी कंपनी में बंधक बने हुए हैं। सभी ने वीडियो संदेश भेजकर भारत सरकार से मदद की गुहार लगाई है।

---

कैलाश मानसरोवर यात्रा में आई बाधा

# मार्ग में टूटकर गिरा पहाड़, ठप हुई आवाजाही, फंसी गाड़ियां

एजेंसी ▶▶ पिथौरागढ़

उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले में पहाड़ी दरकने से कैलाश मानसरोवर यात्रा मार्ग बंद हो गया है। वाहनों का संचालन ठप होने से सैकड़ों की संख्या में यात्री मार्ग में फंसे हुए हैं।

आपदा प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार कैलाश मानसरोवर यात्रा मार्ग पर ऐलागाड़ और कुलागाड़ के बीच में सोमवार देर रात विशालकाय चट्टान खिसककर सड़क पर आ गया। इससे वाहनों का संचालन ठप है।

### बीआरओ ने सड़क खोलना शुरू किया



बीआरओ ने सड़क खोलने का काम शुरू कर दिया है। विशालकाय चट्टान गिरने के कारण बंद मार्ग को आज देर शाम तक खुलने की संभावना जताई जा रही है। ऐसे में यात्रियों और स्थानीय लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

---


भारतीय सेना ने दी जानकारी

# स्वर्ण मंदिर में तैनात नहीं की गई थी एयर डिफेंस गन, पवित्रता का रखा पूरा ध्यान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में एयर डिफेंस गन की तैनाती को लेकर भारतीय सेना ने जानकारी दी। सेना ने कहा कि दरबार साहिब अमृतसर (स्वर्ण मंदिर) के परिसर में कोई एयर डिफेंस गन तैनात नहीं की गई थी। भारतीय सेना के वायु रक्षा प्रभारी लेफ्टिनेंट जनरल सुमेर इवान डी'कुन्हा ने एक पॉडकास्ट में दावा किया था कि भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच श्री हरिमंदिर साहिब (गोल्डन टेंपल) में सेना की तरफ से एयर डिफेंस गन लगाई गई थी। इस दावे को सेना ने ही खारिज कर दिया।

### ब्लैकआउट में लाइटें बंद करने के बारे में संपर्क किया था




गुरुद्वारा के अतिरिक्त मुख्य ग्रंथी और सिखों की सर्वोच्च धार्मिक संस्था शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (एसजीपीसी) ने कहा था कि भारतीय सेना को कोई भी एयर डिफेंस गन तैनात करने की अनुमति नहीं दी गई थी। अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी ने कहा कि प्रशासन ने उनसे भारत और पाकिस्तान के बीच हाल ही में बढ़े तनाव के बाद ब्लैकआउट के दौरान केवल लाइटें बंद करने के बारे में संपर्क किया था।

### रस्में पूरी निष्ठा और दृढ़ संकल्प के साथ जारी

वहीं ज्ञानी अमरजीत सिंह ने कहा कि दावा मूल रूप से गलत है क्योंकि इस पवित्र स्थान पर बंदूकें स्थापित करने की ऐसी किसी घटना को मंजूरी नहीं दी गई है। श्री हरिमंदिर साहिब परिसर में गुरु दरबार की रस्में पूरी निष्ठा और दृढ़ संकल्प के साथ जारी रखी गई हैं।

---

# सीएम उमर ने खीर भवानी मंदिर में की पूजा



*गांदरबल। जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को गांदरबल जिले में खीर भवानी मंदिर में पूजा-अर्चना की। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद वह कश्मीरी पंडितों के लिए बेहद खास इस धार्मिक स्थल पर पहुंचे हैं। उमर अब्दुल्ला ने कहा कि आगामी खीर भवानी मेला और अमरनाथ यात्रा में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रबंध किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि हमने यात्रा के लिए अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। बता दें, खीर भवानी मंदिर माता रागिन्या देवी को समर्पित है, जिन्हें खीर भवानी के नाम से जाना जाता है। मंदिर पवित्र झरने के ऊपर बना है, जिसका जल रंग बदलता है और इसे भविष्यवाणी का प्रतीक माना जाता है।*

---

अमरनाथ यात्रा की तैयारियों के लिए बैठक

# उपराज्यपाल सिन्हा ने की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा

*मुख्य सचिव, सेना, पुलिस और उच्च अधिकारियों ने भाग लिया*

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा की अध्यक्षता में श्रीनगर में एकीकृत कमान की बैठक हुई। सुरक्षा व्यवस्था और केंद्र शासित प्रदेश में मौजूदा स्थिति की समीक्षा बैठक में जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए मुख्य सचिव, सेना, पुलिस और अन्य उच्च अधिकारियों ने भाग लिया।



बैठक में केंद्र शासित प्रदेश में मौजूदा स्थिति और आगामी वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिए सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई, जो इस साल 3 जुलाई से शुरू होने वाली है।

### 3 जुलाई से शुरू होगी यात्रा

बैठक में पहलगाम आतंकी हमले के नतीजों और जम्मू-कश्मीर में ऑपरेशन सिंदूर के बाद पैदा हुई स्थिति पर भी ध्यान केंद्रित किया गया। उपराज्यपाल ने सेना, पुलिस और अर्धसैनिक बलों के अधिकारियों से जम्मू-कश्मीर में आतंकी पारिस्थितिकी तंत्र को पूरी तरह से खत्म करने पर जोर दिया। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने अमरनाथ जी श्राइन बोर्ड और माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड का सोमवार को पुनर्गठन करके विभिन्न क्षेत्रों से नौ प्रतिष्ठित व्यक्तियों को तीन साल के लिए सदस्य के रूप में नामित किया है।

---

ज्योति की डायरी में पाकिस्तान पर बड़ा खुलासा

# पन्नों में पाक यात्रा का जिक्र, कई गूढ़ शब्दों का किया उपयोग

एजेंसी ▶▶ हिसार

ज्योति मल्होत्रा के घर से मिली डायरी में लिखे संस्मरण और मन की बातों से पता चलता है कि वह किसी भी जगह जाने से पहले पूरा होमवर्क करती थी। डायरी के करीब 10 पन्नों पर नोट्स बनाए गए हैं। आठ पेजों पर अंग्रेजी में लिखा है, जबकि पाकिस्तान के बारे में तीनों पेज पर हिंदी में लिखा है। यात्रा के दौरान जो सूचनाएं जुटाईं, यात्रा पर जाने से लेकर आने तक, जो भी अनुभव रहे, उन्हें इस डायरी में साझा किया है। महाभारत, रामायण, ब्राह्मण, क्षत्रिय, ईसवीं, रजिया सुल्तान, कुतुबमीनार जैसे शब्द हैं। वहीं विदेशों के बारे में ऐसी जानकारी है, जिसमें गूढ़ और तकनीकी शब्द प्रयोग किए गए हैं।

**अलग अलग** जगह ले जाकर पूछताछ कर रही है पुलिस

**उत्तर भारत** के चिकन नेक और सीमा क्षेत्रों में भी गई



**एनआईए ने ज्योति से 7 घंटे की पूछताछ**

ज्योति से सोमवार को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने करीब सात घंटे तक पूछताछ की। एजेंसी की टीम उससे पहलगाम आतंकी हमले से जुड़े लिंक खंगालने की कोशिश कर रही है। एनआईए की टीम ज्योति मल्होत्रा के महज दो साल में तीन बार पाकिस्तान जाने, उस वक्त पहलगाम जाने जब आमतौर पर वहां पर्यटक नहीं आते और आतंकी हमले की टाइमिंग को जोड़कर जांच कर रही है।

### पश्चिम बंगाल में सैन्य ठिकानों का दौरा किया

ज्योति मल्होत्रा कई बार बंगाल का दौरा कर चुकी है। ज्योति ने कोलकाता के विभिन्न स्थलों के अलावा उत्तर बंगाल का चिकन नेक क्षेत्र, नदिया जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों व उत्तर 24 परगना के बैरकपुर का दौरा किया है, जहां भारतीय सेना की छावनी और ट्रेनिंग सेंटर है। हालांकि, ज्योति ने कोलकाता और आसपास के इलाकों के बारे में कोई महत्वपूर्ण जानकारी पड़ोसी देश को भेजी है या नहीं, अधिकारी इसकी जांच कर रहे हैं।

### क्यों हाथ पर हाथ धरे बैठे रहे जिम्मेदार विभाग, प्रशासनिक अधिकारी

# जबलपुर से टीकमगढ़ घटिया चावल भेजने के मामले की गूंज राजधानी तक

**जबलपुर/टीकमगढ़** । जिले से 25 हजार क्विंटल घटिया स्तर का चावल टीकमगढ़ भेजे जाने का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा हैं। मामले की गूंज संस्कारधानी से प्रदेश की राजधानी तक पहुंच चुकी हैं। जिसके बाद संकेत मिल रहे हैं कि जल्द ही मामले में उच्च स्तरीय जांच के लिए टीम शहर आ सकती हैं। मामले में सवाल उठ रहे हैं कि वेयरहाउसिंग कारपोरेशन, जिला खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, नागरिक आपूर्ति निगम सहित अन्य विभाग एवं उनके शीर्ष अधिकारी क्यों मौन धारण कर आंखे मूंदे रहे।

### अपने बचाव में मिलर्स पर फोड़ रहे ठीकरा

मामले में अपना पल्ला झाड़ने जिम्मेदार विभाग के अधिकारियों ने जिन मिलर्स से मिलीभगत कर यह कारनामा किया अब खुद की नौकरी बचाने मिलर्स पर ही पूरी गफलत का ठीकरा फोडऩे की तैयारी की जा रही हैं। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार राशन दुकानों के लिए जबलपुर से टीकमगढ़ भेजे गए घटिया चावल के मामले में कथित तौर पर मिलर्स की लापरवाही तो हैं ही साथ ही मध्यप्रदेश वेयरहाउसिंग कारपोरेशन सहित अन्य विभागों के अधिकारियों की भी लापरवाही से सामने आ रही हैं। अन्य जिले में भेजे जा रहे अनाज की गुणवत्ता जांच करने वाली जिस निजी कंपनी पर आंख मूंद कर भरोसा किया गया उसके निरीक्षकों ने भी अधिकारियों के प्रश्रय में कथित तौर पर घपलेबाजी में साथ दिया। बिना जांच किए ही चावल की बोरियों की निकासी कर दी गई।

### अनाज सड़ाने के मामले में टॉप पर हैं जबलपुर

जबलपुर जिले में लगातार गेहूं और चावल के साथ ही धान को सड़ाने के प्रकरण सामने आते रहे हैं। शराब माफिया को बड़ी मात्रा में आपूर्ति जबलपुर जिले से होती हैं। शराब माफिया के सूत्रों के अनुसार शराब निर्माण के लिए बड़ी भूमिका निभाने में सड़े अनाज की भूमिका महत्वपूर्ण हैं और इसकी आपूर्ति में जबलपुर जिला टॉप पर हैं। सड़ा अनाज शराब माफिया को सौंप जिम्मेदार विभागों के अधिकारी, कर्मचारी तो चांदी काटते हैं लेकिन इसमें शासन को करोड़ों रुपए की क्षति उठानी पड़ी है। इसके बाद भी इस पर रोक नहीं लगाई गई। मिलर्स भी इसमें पीछे नहीं रहे हैं। हाल में धान मिलिंग में 47 करोड़ रुपए का घोटाला सामने आया। जो धान गायब था, वह अभी तक नहीं मिला। इसी प्रकार जिला स्तरीय मिलर्स की जांच कराई गई। उसकी रिपोर्ट भी सार्वजनिक नहीं की गई।

### वेयरहाउस शाखा प्रबंधक ने पकड़ी गड़बडी

टीकमगढ़ में वेयरहाउसिंग कारपोरेशन के अधिकारी ने ही इस गड़बड़ी को पकड़ा था। जब वहां इसकी जांच की गई तो जबलपुर में चावल भेजने से पहले गुणवत्ता को कैसे अनदेखा कर दिया गया। जानकारों का कहना है कि कहीं न कहीं यह मिलर्स, वेयरहाउसिंग कारपोरेशन के साथ ही मध्य प्रदेश स्टेट सिविल सप्लाई कारपोरेशन, जिला खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, नागरिक आपूर्ति निगम सहित अन्य विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों की मिलीभगत थी। अन्यथा 26 हजार क्विंटल बिना अधिकारियों, कर्मचारियों के जानकारी के जिले से बाहर नहीं जा सकता था।

### अब करनी होगी ग्रेडिंग

इस चावल को वापिस कर उसकी ग्रेडिंग की जाएगी। इस काम में दो से तीन महीने का वक्त लग सकता है। उन्हें खराब चावल अलग कर उसकी लगातार जगह उच्च गुणवत्ता का चावल देन होगा। इसके लिए चाहे उन्हें जेब से पैसा लगाना पड़े। इसके लिए कारपोरेशन ने आदेश जारी कर दिए हैं। ऐसे में अब सिविल सप्लाई कारपोरेशन को दूसरी गोदामों से अच्छा चावल सप्लाई करना होगा।



# कप्तान ने आमजनों को दिया निराकरण का भरोसा

**एसपी दफ्तर में शिकायतें लेकर पहुंचे 57 फरियादी**

हरिभूमि, जबलपुर।

आमजन की शिकायतों और समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय द्वारा जन सुनवाई की गयी। जन सुनवाई मे शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के शिकायतकर्ता पुलिस कार्यालय में आये थे, अधिकांश शिकायतें पति-पत्नि, परिवारिक एवं जमीन सम्बंधी विवाद, मारपीट तथा सायबर अपराध से सम्बंधित 57 शिकायतें थी। कप्तान द्वारा समस्त शिकायतकर्ताओं को शीध्र शिकायतों पर वैधानिक कार्यवाही किये जाने के लिए आश्वस्त किया गया तथा जन सुनवाई में प्राप्त समस्त शिकायतों का त्वरित निराकरण समय सीमा मे करने के लिए सम्बंधित थाना प्रभारियों, राजपत्रित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जनसुनवाई के दौरान एएसपी आनंद कलादगी, एएसपी सूर्यकांत शर्मा, एएसपी सोनाली दुबे, डीएसपी ग्रामीण आकांक्षा उपाध्याय उपस्थित रहे।

### हाई कोर्ट ने वुशू एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष सहित अन्य से मांगा जवाब

# प्रदेश में वुशू खेल के संचालन के लिए तदर्थ समिति का गठन क्यों

**जबलपुर**। मप्र हाईकोर्ट ने राज्य में वुशू खेल के संचालन के लिए तदर्थ समिति के गठन पर जवाब-तलब किया है। जस्टिस विशाल धगट की सिंगल बेंच ने वुशू एसोसिएशन आफ इंडिया के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह बावजा, मेरठ, उत्तर प्रदेश सहित अन्य को नोटिस जारी किए हैं। जवाब पेश करने चार सप्ताह का समय दिया गया।



याचिकाकर्ता वुशू एसोसिएशन आफ मध्य प्रदेश के सचिव मनोज गुप्ता की ओर से अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि मप्र शसन ने अनुविभागीय अधिकारी, गोरखपुर, जबलपुर को मप्र वुशू संघ का प्रशासक नियुक्त कर दिया था। ऐसे में वुशू एसोसिएशन आफ इंडिया ने वुशू खेल संचालन के लिए तदर्थ समिति कैसे गठित कर दी। मप्र शासन द्वारा नियुक्त प्रशासक द्वारा सफलतापूर्वक न सिर्फ वुशू खेल की गतिविधियों का संचालन किया गया बल्कि विगत 23 जनवरी, 2025 को संस्था का निर्वाचन करा कर संस्था की नवीन कार्यकारिणी को संस्था का प्रभार भी सौंपा जा चुका है। जिसकी सूचना प्रशासक द्वारा वुशू एसोसिएशन आफ इंडिया सहित समस्त अनावेदकों को भी प्रेषित की जा चुकी है। इसे नजरअंदाज कर संस्था का चुनाव हारकर संस्था से बाहर हुई संस्था की पूर्व महिला सचिव को अनुचित लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से वुशू एसोसिएशन आफ इंडिया के अध्यक्ष द्वारा पद का दुरुपयोग कर बिना नोटिस दिए ही प्रदेश में वुशू खेल के संचालन हेतु तदर्थ कमेटी का गठन किया जाना नियम विरुद्ध व अवैध होने से उनके द्वारा गठित तदर्थ कमेटी पर रोक लगाई जाए।

### बीच सड़क टेंट लगाकर मनाया गया था जश्न, वीडियो वायरल

# बर्थडे पार्टी में फिर हुई फायरिंग

हरिभूमि, जबलपुर।

गढ़ा थाना अतंर्गत सिद्ध नगर में उस समय हड़कंप मच गया जब बीच सड़क में टेंट लगाकर एक युवक ने जन्मदिन का जश्न मनाया और खुलेआम फायरिंग की। यह युवक एक ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के विधायक का करीबी बताया गया है और कथित तौर पर भाजपा कार्यकर्ता भी है। विधायक और विधिवेता के साथ उसकी तस्वीर भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। यह घटना गढ़ा थाने से महज 100 मीटर की दूरी पर घटी, जिससे कानून व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो गए हैं।सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, गढ़ा सिद्ध नगर में रहने वाले दीपांशु दुबे नामक युवक का जन्मदिन था, जिसे उसने सड़क पर टेंट लगाकर धूमधाम से मनाया। इस दौरान न सिर्फ डीजे और जश्न का शोर हुआ बल्कि बीच सड़क पर फायरिंग भी की गई। वायरल वीडियो में दीपांशु के जन्मदिन के दिन एक युवक रायफल हाथ में लिए हुए खुलेआम हवा में गोलियां चलाता नजर आ रहा है। फायरिंग की आवाज से आसपास का इलाका दहल उठा और लोगों में भय का माहौल बन गया।

वीडियो सामने आने के बाद पुलिस हरकत में आई है।



एडिशनल एसपी सूर्यकांत शर्मा ने बताया कि वीडियो की पुष्टि के बाद गढ़ा थाना प्रभारी को एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दे दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए युवक के पास मौजूद बंदूक का लाइसेंस भी निरस्त किया जा सकता है। पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि हथियार अवैध पाया गया, तो आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत सख्त कार्यवाही की जाएगी।यह पहला मामला नहीं है जब जबलपुर में जन्मदिन या किसी अन्य निजी समारोह में फायरिंग की घटना सामने आई हो। हाल के दिनों में बेलखेड़ा, शहपुरा, भेड़ाघाट और शहर के अन्य क्षेत्रों में भी ऐसे ही मामलों में एफआईआर दर्ज की गई हैं। पुलिस का कहना है कि इस तरह की घटनाएं न सिर्फ कानून का उल्लंघन हैं बल्कि सामाजिक शांति को भी भंग करती हैं।

एडिशनल एसपी सूर्यकांत शर्मा ने जनता से अपील की है कि वे ऐसे मामलों की सूचना तुरंत पुलिस को दें और कानून अपने हाथ में लेने से बचें। वहीं, सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इस वीडियो को लेकर लोग भी गहरी नाराजगी जता रहे हैं और पुलिस से कठोर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। फिलहाल पुलिस वीडियो की जांच कर रही है और दीपांशु दुबे की गिरफ्तारी भी की जा सकती है।

# ओमती पुलिस के हत्थे चढ़े वाहन चोर

**क्राईम ब्रांच और ओमती पुलिस की संयुक्त कार्यवाही**

हरिभूमि, जबलपुर।

ओमती पुलिस ने क्राइम ब्रांच के साथ कार्यवाही कर दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 1 लाख रूपये कीमत के चोरी के दो वाहन भी बरामद किए हैं। पकड़े गए आरोपियों के नाम नंदकिशोर नामदेव उर्फ नंदू उम्र 46 वर्ष निवासी कुंजडहाई मस्जिद के पास थाना हनुमानताल और मो जुनैद उम्र 38 वर्ष निवासी हनुमानताल तालाब के पास थाना हनुमानताल है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। जानकारी अनुसार थाना ओमती में दिनॉक 17 मई को हेमलता पवार उम्र 62 वर्ष निवासी महावीर कालोनी हाथीताल गोरखपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि शाम लगभग 7.30 बजे से 8 बजे के बीच अपनी एक्टिवा क्रमांक एमपी 20 एस आर 2257 को बंगाली क्लब के पार्किंग स्थल पर खड़ी की थी। जहां से वह चोरी हो गई। ऐसे ही अशरफुल मलिक उम्र 30 वर्ष निवासी अमखेरा रोड़ गोहलपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि थी कि 6 मई को को अपनी बाईक क्रमांक एमपी 20 एन पी 3210 से जयंती काम्पलैक्स के पास एटीएम के सामने खडा कर मोबॉल का कव्हर लेने चला गया था। लगभग 1 घंटे बाद वापस आकर देखा उसकी मोटर सायकिल नहीं थी।

### वाहन चैकिंग में पकड़ाए आरोपी

पुलिस ने वाहन चैकिंग के सी डी डिलक्स मोटर सायकिल के चालक को रोका गया जिसने नाम पता पूछने पर चालक ने अपना नाम नंदकिशोर नामदेव उर्फ नंदू उम्र 46 वर्ष निवासी कुंजडहाई मस्जिद के पास हनुमानताल बताया, जिससे मोटर सायकिल के कागजात के सम्बंध में पूछताछ करने पर कोई कागजात नहीं होना बताया। वाहन चोरी का होने के संदेह पर थाने लाकर सघन पूछताछ करने पर उक्त वाहन को अपने साथी जुनैद के साथ मिलकर जयंती काम्पलैक्स के पास से चोरी करना स्वीकार करते हुये एक एक्टीवा बंगाली क्लब के पास से चोरी करना बताया तथा चुराई मोटर सायकिल को स्वयं रखना एवं एक्टीवा जुनैद के पास होना बताया। जुनैद उम्र 38 वर्ष निवासी निवासी हनुमानताल को अभिरक्षा मे लिया है।

# फर्जी कस्टम अफसर ने 15 लाख हड़पे

## आर्मी में माल सप्लाई का लाइसेंस दिलाने दिया झांसा

हरिभूमि, जबलपुर।

पनागर थाना क्षेत्र में एक फर्जी रिटायर्ड कस्टम कमिश्नर ने एक व्यक्ति के साथ धोखाधड़ी कर 15 लाख रुपए हड़प लिए। दरअसल कथित कस्टम कमिश्नर ने आर्मी में माल सप्लाई करने का लायसेंस दिलाने के नाम पर पनागर निवासी अभय असाटी से यह धोखाधड़ी की। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर आरोपी के खिलाफ जांच शुरु कर दी है। पनागर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार शिवाजी वार्ड पनागर निवासी 51 वर्षीय अभय असाटी आरटीओ में बीमा एजेन्ट का काम करते है, उनका कार्यालय मेन रोड पनागर मे कमानिया गेट के पास है। करीब 5 वर्ष पहले गौरीघाट आश्रम में अभय की मुलाकात राजन सिंह निवासी रहेजा रेसीडेंसी गोरेगांव मुम्बई स्थाई पता ग्राम बख्तरी जिला जौनपुर उत्तरप्रदेश से हुई थी। इस दौरान राजनसिंह ने स्वंय को रिटायर्ड अधिकारी कस्टम कमिश्नर बताया था. परिचय होने के बाद अभय की राजनसिंह से बातचीत होने लगी. राजनसिंह का जबलपुर आना जाना होने लगा। मुलाकात के दौरान राजन सिंह ने अभय से कहा कि मेरे संबंध आर्मी में वरिष्ठ अधिकारियों से हैं। जिनसे बोलकर आर्मी में सामान सप्लाइ करने का लायसेंस दिलवा देगें। इसके लिए रजिस्ट्रेशन की फीस देना होगी. राजनसिंह के बहने पर अभय असाटी ने 3 लाख 50 हजार रूपये है राजन सिंह द्वारा बताए गए स्टेट बैंक आफ इंडिया के खाते मे डलवा दिए. कुछ दिन बाद राजन सिंह ने यह कहते हुए और रुपयों मांगे कि इतने में काम नहीं हो पाएगा। भरोसे में आकर अभय ने राजनसिंह व उसकी बेटी के एकाउंट में रुपए भेज दिए। इस तरह राजनसिंह ने करीब 15 लाख रुपए अपने एकाउंट में डलवा लिए. इसके बाद से जुलाई 2024 से राजन सिंह तथा राजन सिंह के परिवार के मोबाइल नम्बर बंद कर दिए। इसके बाद से अभय ने राजनसिंह से संपर्क करने के प्रयास किए लेकिन कोई संपर्क नहीं हो पाया. पुलिस ने अभय असाटी की रिपोर्ट पर धारा 318 (4) बीएनएस एवं 66 आईटी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरु कर दी है।

# उर्स: कचहरी दरगाह के संदल जुलूस में दिखी हिंदू-मुस्लिम एकता

**जबलपुर**। हाईकोर्ट के सामने स्थित हज़रत ख्वाजा अमीनुद्दीन चिश्ती कचहरी वाले बाबा साहब का शाही संदल जुलूस परंपरानुसार पूरे जोश और शानो-शौकत के साथ निकाला गया।संदल जुलूस ने संस्कारधानी की गंगा-जमुनी तहज़ीब और एकता की अनूठी मिसाल पेश की। जुलूस में राधेश्याम गुप्ता, कवि तिवारी (बालाघाट), रमेश जेतवार, फहीम सिद्दीकी, दिलीप सिंह ठाकुर, कांतिलाल गुप्ता (पचमढ़ी), मोहम्मद इस्माईल बाबा (नागपुर), नफीस मिस्त्री (कटनी), नरेश मलिक, बंटी मंसूरी, शिवम, वन्स खनेजा, अमर भाई सहित प्रदेश व शहर के सभी धर्मों के सैकड़ों लोग शामिल हुए।शाही जुलूस में सजे-धजे ई-रिक्शों पर हरे परचम लहरा रहे थे, जो एक मनमोहक दृश्य प्रस्तुत कर रहे थे। तख्तियों पर बुजुर्गानेदीन के अनमोल कौल व उपदेश लिखे हुए थे, जो शांति और सद्भावना का संदेश दे रहे थे। बैंड बाजा,भांगड़ा और सजी हुई बग्गियां जुलूस की रौनक बढ़ा रही थीं। शहनाई वादक नातिया धुनें पेश कर रहे थे, जिससे माहौल में और भी रूहानियत घुल रही थी। अकीदतमंद कव्वालों पर नज़राना पेश कर रहे थे। शेर की पोशाक पहने हुए कलाबाज भी जुलूस में शामिल हुए, जो लोगों के आकर्षण का केंद्र बने रहे। जुलूस में शामिल सूफ़ी हज़रात और सभी धर्मावलंबियों ने एकता, शांति और सद्भावना का सशक्त संदेश दिया।लगभग 1 किलोमीटर लंबा यह शाही जुलूस बड़ी ओमती, छोटी ओमती, पेशकारी और तहसील होते हुए दरगाह शरीफ पहुँचा, जहाँ मज़ार शरीफ़ पर चादर पोशी की गई। नज़रों-नयाज के उपरांत लंगर तबर्रुक का वितरण किया गया।

### आदिवासियों की जमीन हड़पने का मामला, फरार आरोपियों की धरपकड़ तेज

# भूमाफिया पत्रकार गंगा पाठक के राजदार गोस्वामी ने किया सरेंडर

**जबलपुर। आदिवासियों की जमीन हड़पने के मामले में 5 हजार रुपए के फरार आरोपी ने मंगलवार को गौरीघाट थाने में सरेंडर कर दिया। बताया जा रहा है कि आरोपी को दो दिन पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया गया है। जिससे पूछताछ में अन्य कई महत्वपूर्ण जानकारियां सामने आएंगी। साथ ही अन्य फरार आरोपियों के बारे में भी जानकारी मिल सकेगी।**

मामले में अभी अन्य कई आरोपी हैं, जो फरार चल रहे है और उनपर एसपी और डीआईजी ने इनाम घोषित किया है।

बताया जा रहा है कि ऐंठाखेड़ा के रामपुर नकटिया में तीन आदिवासी परिवारों के जाति प्रमाण पत्र बदलकर फर्जी दस्तावेज तैयार कराए गए थे, आदिवासियों की जमीन बिना प्रशासनिक अनुमति के नहीं बेची जा सकती है। जिसके बाद उन सभी के ओबीसी के जाति प्रमाणपत्र बनवाकर उनकी साढ़े चार एकड़ जमीन अपने नाम रजिस्टर्ड करा ली। यह फर्जीवाड़े में कई लोग शामिल थे। डिमांड पर मिली दो दिन की रिमांड-



गौरीघाट टीआई सुभाषचंद्र बघेल ने बताया कि आरोपी राजेन्द्र पुरी गोस्वामी का नाम भी फरार आरोपियों में था, जिसपर 5 हजार रुपए का इनाम घोषित था। जिसने आदिवासियों की जमीन में फर्जीवाड़ा करने के मामले में अन्य आरोपियों के साथ षड़यंत्र रचा था। मंगलवार को राजेन्द्र पुरी गोस्वामी ने थाने में आकर सरेंडर किया है, जिसके बाद उसे दो दिन के लिए रिमांड में पूछताछ के लिए लिया है। पूछताछ में जो जानकारी मिलेगी उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# तिलक वार्ड की जनता को मिलेगी जल संकट से निजात, बोरिंग का कार्य हुआ

**जबलपुर**। नगर निगम के उप नेता प्रतिपक्ष पार्षद शगुफ्ता उस्मानी गुड्डू नबी ने बताया कि तिलक वार्ड अंतर्गत नया मोहल्ला क्षेत्र स्थित मस्जिद परिसर के आसपास जल संकट व्याप्त था जिसके कारण आए दिन पानी की समस्या बनी रहती थी नगर निगम के द्वारा आज एक नलकूप खनन मौलाना इरफान साहब पार्षद शगुफ्ता उस्मानी गुडडू नवी,वरिष्ठ कांग्रेस नेता बाबा रिजवान जी अयाज मास्टर अशरफ खान शिराजी के अतिथि में कराई गई जिसमें क्षेत्रीय जन का फूल माला एवं मिठाई खिलाकर वरिष्ठ कांग्रेस नेता बाबा रिजवान जी के द्वारा स्वागत किया गया इस कार्यक्रम में बुरहान मास्टर साहब हाजी अनीस खान तनवीर मुहिद साहब पट्टू भाई शहाबुद्दीन भाई कुदरत खान साहब शकील भाई फराज खान साहब मुनना भैया तनवीर अहमद अधिवक्ता फैजान अंसारी साहब अधिवक्ता एब्यूजर खान साहबकी उपस्थिति में संपन्न हुआ।

भागवत कथा के तृतीय दिवस में सती शिव चरित्र कथा का किया वर्णन

# बिना शिव की कृपा के भगवान की अनवरत भक्ति तक पहुंचना कठिनः वेदांती महाराज

हरिभूमि जबलपुर।

शिव की कृपा होती है तब कहीं हम किसी सतमार्ग की ओर आगे बढ़ पाते हैं बिना शिव की कृपा के भगवान की अनवरत भक्ति तक पहुंचना कठिन है। एक कदम बढ़ कर यदि हम भगवान की शरणागति की ओर जा रहे हैं। एक कदम चल कर भी हम यदि भगवान के भजन में जा रहे हैं। तो यह अपने ह्दय में ये भाव होना चाहिए यह भगवान शिव की कृपा से ही हमें मिली है भगवान शिव वैष्णवो के आचार्य है विना शिव के भक्ति के नारायण का दर्शन दुर्लभ श्रीमद् भागवत कथा में पूज्य गुरुदेव सिया बल्लभ दास वेदांती जी महाराज ने सती शिव चरित्र का वर्णन किया जिसमें महाराज जी द्वारा बताया गया कि दक्ष प्रजापति की कई पुत्रियां थी सभी पुत्रियां गुणवती थीं फिर भी दक्ष के मन में संतोष नहीं था वे चाहते थे उनके घर में एक ऐसी पुत्री का जन्म हो, जो सर्व शक्तिसंपन्न हो एवं सर्व विजयिनी हो जिसके कारण दक्ष एक ऐसी हि पुत्री के लिए तप करने लगे तप करते करते अधिक दिन बीत गए, तो भगवती आद्या ने प्रकट होकर कहा, मैं तुम्हारे तप से प्रसन्न हूं। तुम किस कारण वश तप कर रहे हों? दक्ष नें तप करने का कारण बताय तो मां बोली मैं स्वय पुत्री रूप में तुम्हारे यहां जन्म धारण करूंगी।

मेरा नाम होगा सती मैं सती के रूप में जन्म लेकर अपनी लीलाओं का विस्तार करूंगी फलतः भगवती आद्या ने सती रूप में दक्ष के यहां जन्म लिया सती दक्ष की सभी पुत्रियों में सबसे अलौकिक थीं।

सतीने बाल्य अवस्था में ही कई ऐसे अलौकिक आश्चर्य चलित करने वाले कार्य कर दिखाए थे, जिन्हें देखकर स्वयं दक्ष को भी विस्मयता होती रहती थी जब सती विवाह योग्य होगई, तो दक्ष को उनके लिए वर की चिंता होने लगी उन्होंने ब्रह्मा जी से इस विषय में परामर्श किया ब्रह्मा जी ने कहा, सती आद्या का अवतार हैं। आद्या आदि शक्ति और शिव आदि पुरुष हैं अतः सती के विवाह के लिए शिव ही योग्य और उचित वर हैं। दक्ष ने ब्रह्मा जी की बात मानकर सती का विवाह भगवान शिव के साथ कर दिया। सती कैलाश में जाकर भगवान शिव के साथ रहने लगीं। भगवान शिव के दक्ष के दामाद थे, किंतु एक ऐसी घटना घटीत होगई जिसके कारण दक्ष के ह्दय में भगवान शिव के प्रति बैर और विरोध भाव पैदा हो गया एक बार देवलोक में ब्रह्मा ने धर्म के निरूपण के लिए एक सभा का आयोजन किया था। सभी बड़े बड़े देवता सभा में एकत्र हो गये थे भगवान शिव भी इस सभा में बैठे थे सभा मण्डल में दक्ष का आगमन हुआ दक्ष के आगमन पर सभी देवता उठकर खड़े हो गए, पर भगवान शिव खड़े नहीं हुए उन्होंने दक्ष को प्रणाम भी नहीं किया फलतः दक्ष ने अपमान का अनुभव किया केवल



यही नहीं, उनके ह्दय में भगवान शिव के प्रति ईर्ष्या की आग जल उठी वे उनसे बदला लेने के लिए समय और अवसर की प्रतीक्षा करने लगे एक बार सती और शिव कैलाश पर्वत पर बैठे हुए परस्पर वार्तालाप कर रहे थे उसी समय आकाश मार्ग से कई विमान कनखल कि ओर जाते हुए दिखाई पड़े सती ने उन विमानों को दिखकर भगवान शिव से पूछा, प्रभो, ये सभी विमान किसके है और कहां जा रहे हैं? भगवान शकंर ने उत्तर दिया आपके पिता ने बहोत बडे यज्ञ का आयोजन किया हैं। समस्त देवता और देवांगनाएं इन विमानों में बैठकर उसी यज्ञ में सम्मिलित होने के लिए जा रहे हैं इस पर सती ने दूसरा प्रश्न किया क्या मेरे पिता ने आपको यज्ञ में सम्मिलित होने के लिए नहीं बुलाया भगवान शंकर ने उत्तर दिया, आपके पिता मुझसे बैर रखते है, फिर वे मुझे क्यों बुलाने लगे सती मन ही मन सोचने लगीं फिर बोलीं यज्ञ के इस अवसर पर अवश्य मेरी सभी बहनें आएंगी। उनसे मिले हुए बहुत दिन हो गए। यदि आपकी अनुमति हो, तो मैं भी अपने पिता के घर जाना चाहती हूं यज्ञ में सम्मिलित हो लूंगी और बहनों से भी मिलने का सुअवसर मिलेगा भगवान शिव ने उत्तर दिया, इस समय वहां जाना उचित नहीं होगा आपके पिता मुझसे जलते हैं हो सकता हैं वे आपका भी अपमान करें। बिना बुलाए किसी के घर जाना उचित नहीं होता हैं। इस पर सती ने प्रश्न किया एसा क्युं? भगवान शिव ने उत्तर दिया विवाहिता लड़की को बिना बुलाए पिता के घर नही जाना चाहिए, क्योंकि विवाह हो जाने पर लड़की अपने पति कि हो जाती हैं। पिता के घर से उसका संबंध टूट जाता हैं। लेकिन सती पीहर जाने के लिए हठ करती रहीं। अपनी बात बारबात दोहराती रहीं। उनकी इच्छा देखकर भगवान शिव ने पीहर जाने की अनुमति दे दी उनके साथ अपना एक गण भी साथ में भेज दिया उस गण का नाम वीरभद्र था। सती वीरभद्र के साथ अपने पिता के घर गईं घर में सती से किसी ने भी प्रेमपूर्वक वार्तालाप नहीं किया दक्ष ने उन्हें देखकर कहा तुम क्या यहां मेरा अपमान कराने आई हो अपनी बहनों को तो देखो वे किस प्रकार भांतिभांति के अलंकारों और सुंदर वस्त्रों से सुसज्जित हैं तुम्हारे शरीर पर मात्र बाघंबर हैं तुम्हारा पति श्मशानवासी और भूतों का नायक हैं वह तुम्हें बाघंबर छोड़कर और पहना ही क्या सकता हैं। दक्ष के कथन से सती के ह्दय में पश्चाताप का सागर उमड़ पड़ा। वे सोचने लगीं उन्होंने यहां आकर अच्छा नहीं किया भगवान ठीक ही कह रहे थे, बिना बुलाए पिता के घर भी नहीं जाना चाहिए पर अब क्या हो सकता हैं? अब तो आ ही गई हूं पिता के कटु और अपमानजनक शब्द सुनकर भी सती मौन रहीं वे उस यज्ञमंडल में गईं जहां सभी देवता और ॠषिमुनि बैठे थे तथा यज्ञकुण्ड में धूधू करती जलती हुई अग्नि में आहुतियां डाली जा रही थीं सती ने यज्ञमंडप में सभी देवताओं के तो भाग देखे, किंतु भगवान शिव का भाग नहीं देखा वे भगवान शिव का भाग न देखकर अपने पिता से बोलीं पितृश्रेष्ठ यज्ञ में तो सबके भाग दिखाई पड़ रहे हैं किंतु कैलाशपति का भाग नहीं हैं। आपने उनका भाग क्यों नहीं रखा दक्ष ने गर्व से उत्तर दिया मैं तुम्हारे पति शिव को देवता नहीं समझता वह तो भूतों का स्वामी, नग्न रहने वाला और हड्डियों की माला धारण करने वाला हैं वह देवताओं की पंक्ति में बैठने योग्य नहीं हैं उसे कौन भाग देगा सती के नेत्र लाल हो उठे उनकी भौंहे कुटिल हो गईं उनका मुखमंडल प्रलय के सूर्य की भांति तेजोद्दीप्त हो उठा उन्होंने पीड़ा से तिलमिलाते हुए कहा ओह मैं इन शब्दों को कैसे सुन रहीं हूं मुझे धिक्कार हैं देवताओ तुम्हें भी धिक्कार हैं, तुम भी उन कैलाशपति के लिए इन शब्दों को कैसे सुन रहे हो जो मंगल के प्रतीक हैं और जो क्षण मात्र में संपूर्ण सृष्टि को नष्ट करने की शक्ति रखते हैं वे मेरे स्वामी हैं नारी के लिए उसका पति ही स्वर्ग होता हैं जो नारी अपने पति के लिए अपमान जनक शब्दों को सुनती हैं उसे नरक में जाना पड़ता हैं पृथ्वी सुनो, आकाश सुनो और देवताओं, तुम भी सुनो मेरे पिता ने मेरे स्वामी का अपमान किया हैं। मैं अब एक क्षण भी जीवित रहना नहीं चाहती सती अपने कथन को समाप्त करती हुई यज्ञ के कुण्ड में कूद पड़ी जलती हुई आहुतियों के साथ उनका शरीर भी जलने लगा यज्ञमंडप में खलबली पैदा हो गई, हाहाकार मच गया। देवता उठकर खड़े हो गए वीरभद्र द्वारा यज्ञ विध्वंस किया और दक्ष का सिर काट डाला कथा में मधुर भजनों पर श्रौता मंत्रमुग्ध हुए कथा में कपिल देवहूति संवाद उत्तानपाद की कथा का वर्णन भी किया गया यह कथा अग्रवाल धर्मशाला ग्वारीघाट, दरोगा घाट जबलपुर में सीताराम जी व सदगुरुदेव भगवान की कृपा अनुग्रह से श्रीमती प्रकाश देवी पत्नी स्व दीवान सिंह सिकरवार व उनके नाती-पोतों द्वारा आयोजित की गई है।



# जल संरक्षण के लिए जागरुकता रैली आयोजित

हरिभूमि न्यूज सिहोरा।

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद नवांकुर संस्था स्व सेवा संयोजन समिति एवं नगर विकास प्रस्फुटन समिति क्रमांक 1 व दो के के संयोजन में खितौला बस्ती की नृसिंह बचत एवं साख स्व सहायता समूह की अध्यक्ष मुन्नी दाहिया के नेतृत्व में ग्राम वासियो चंद्रवती दाहिया,सजनी गोटियां,शिखा बरमन, सुक्कू बर्मन,कमला बर्मन,नेहा बर्मन,भारती गोटिया,पूजा बर्मन गनेशी,सावित्री,सम्पत बाई,शांति बाई सहित अनेक मात्र शक्तियों ने सहभागिता की। सभी उपस्थिति में जल संरक्षण के लिए जल कलश यात्रा जागरुकता रैली में नदियां में नई आय पानी सखि री कैसन चलै जिंदगानी गीत गाते हुए निकाल कर लोगों को जागरूक किया। साथ ही जल ही जीवन,जल है तो कल है का संदेश सभी को जल बचाने का संकल्प भी दिलाया गया हैं कार्यक्रम में सेक्टर प्रभारी सुषमा सिंह कर्चुली,अंजना मिश्रा,कल्पना कुशवाहा,आकांक्षा गर्ग,दिव्या साहू उपस्थित थीं।

## अहिल्याबाई की जयंती पर कार्यक्रम आज

सिहोरा। भारतीय जनता पार्टी जिला ग्रामीण के संयोजन में रानी अहिल्याबाई होलकर की 300 वीं जयंती के अवसर पर मझौली रोड बाईपास स्थित रुकमणी पैलेस में दोपहर 12 बजे कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।आयोजन पूर्व मंत्री अर्चना चिटनिस के मुख्य आतिथ्य,प्रमोद साहू के विशिष्ट आतिथ्य,जिला ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल,संतोष वरकडे विधायक की उपस्थिति में आयोजित है।

## उपार्जन स्थल पर एफएक्यू और नॉन एफएक्यू धान के संबंध में दल गठित

जबलपुर। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में धान उपार्जन करने वाली समितियों के उपार्जन स्थल (वेयरहाउस प्रांगण) में अभी भी कुछ धान रखी हुई है। जबकि धान उपार्जन की अवधि समाप्त हो चुकी है। उपार्जन स्थल में रखी एफएक्यू और नॉन एफएक्यू धान को संबंधित कृषकों को वापस किए जाने अथवा वापस करने की स्थिति न होने पर उक्त धान एवं उक्त स्थल पर पाए गए बारदानों की सार्वजनिक नीलामी कर राशि शासकीय मद में जमा कराने के लिए दल गठित किया गया है। जिससे प्राप्त राशि से कृषकों का समानुपातिक रूप से भुगतान किया जा सके। कलेक्टर श्री दीपक सक्सेना के निर्देश पर जिला आपूर्ति नियंत्रक श्रीमती नुजहत बकाई ने कहा कि उपार्जन संस्था सेवा सहकारी समिति पनागर के कालाडूमर स्थित उपार्जन स्थल नर्मदा वेयरहाउस एवं सेवा सहकारी समिति महाराजपुर के उपार्जन स्थल ग्राम सिमरिया शुभी एग्रो वेयरहाउस के लिए गठित दल में तहसीलदार पनागर श्री विकास जैन, जेएसओ पनागर सुश्री पल्लवी जैन, सहकारिता विस्तार अधिकारी पनागर श्री विवेक जैन और मध्यप्रदेश वेयर हाउस एंड लॉजिसटिक कॉर्पोरेशन के शाखा प्रबंधक श्री सीके वर्मा को शामिल किया गया है। उपार्जन संस्था वृहत्ता सेवा सहकारी संस्था खांड-1 के उपार्जन स्थल मां रेवा वेयर हाउस गोदाम क्रमांक 103, पिता श्री वेयर हाउस गोदाम क्रमांक 74 और वृहत्ता सेवा सहकारी संस्था खांड-2 के उपार्जन स्थल जय भवानी स्टोरेज वेयर हाउस गोदाम क्रमांक 141 एवं जय भवानी स्टोरेज वेयर हाउस गोदाम क्रमांक 106 के लिए मझौली तहसीलदार श्री वीर बहादुर सिंह, जेएसओ सिहोरा श्री कुंजन सिंह, सहकारिता विस्तार अधिकारी मझौली श्री विकास तिवारी, एमपीडब्ल्यूएलसी शाखा प्रबंधक श्री कैलाश चौहान को दल में शामिल किया गया है।

48 घंटे के रेस्क्यू के बाद मेकल रिसॉर्ट के पास उतराती मिली लाश

# बरगी बांध में डूबे शहबुद्दीन का शव मिला



जबलपुर। गत रविवार की शाम बरगी डेम में नहाते समय बहे अमखेरा तालाब निवासी शहाबुद्दीन का शव मंगलवार की सुबह मेकल रिसॉर्ट के पास पानी में उतराता हुआ मिला। पुलिस ने शव का पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडीकल भिजवा दिया, मर्ग कायम कर मामलें की जांच कर रही है। एनडीआरएफ की टीम ने करीब 48 घंटे रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया।

यहां उल्लेखनीय है कि गत रविवार अमखेरा तालाब के पास रहने वाला शहाबुद्दीन अंसारी रविवार को अपने दोस्तों के साथ बरगी डेम घूमने गया था। जहां मेकल रिसॉर्ट के पास वे सभी दोस्त नहाने लगे लेकिन शहाबुद्दीन पानी में डूब गया। दोस्तों ने उसे बचाने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली, जिसके बाद तत्काल उन लोगों ने परिजनों और पुलिस को सूचना दी। रविवार शाम के बाद सोमवार पूरा दिन भी एनडीआरएफ ने रेस्क्यू किया लेकिन शहाबुद्दीन का कहीं कुछ पता नहीं चला। मंगलवार की सुबह जैसे ही रेस्क्यू शुरु हुआ हुआ मेकल रिसॉर्ट के पास शहाबुद्दीन का शव मिल गया। जिसके बाद मौके पर मौजूद परिजन बेसुध हो गए। इस दुख के क्षणों में शहाबुद्दीन के परिजन, स्नेहीजन मौजूद थे। जिनके चेहरे पर गम की लकीरें साफ दिख रही थी आंखे नम थी।

## सर्रा पीपल हत्याकांड के 6 आरोपी गिरफ्तार

जबलपुर। रांझी सर्रा पीपल नई बस्ती में बदमाशों के हमले मारे गए सुमित चौधरी की हत्या के छह आरोपियों को पुलिस ने एक ढाबे से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने पहले चार लोगों के नाम पर एफआईआर दर्ज की थी, मृतक के परिजनों के बयानों के आधार पर दो आरोपियों की संख्या बढ़ाई गई है। पुलिस ने हत्याकांड मामले में मनोज तिवारी, हेमंत तिवारी, दिनेश तिवारी, अभिषेक फ्रांसिस, मार्टिन एंथोनी, भानु सोनी को गिरफ्तार किया है।
उल्लेखनीय है कि 16-17 मई की दरमियानी रात करीब 3.30 बजे उक्त बदमाशों ने सुमित, शुभम व गुरुचरण पर हमला किया था। इस हमले में सुमित चौधरी के सिर पर गंभीर चोट पहुंची थी। जिसके चलते उसने उपचार के दौरान मेडिकल कॉलेज अस्पताल में दमतोड़ दिया था। सुमित की मौत के बाद उसके परिजनों ने रांझी थाना में लाश रख प्रदर्शन किया था और हत्याकांड में शामिल सभी आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की थी।

विधायक बरकडे ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखने का दिया आश्वासन

# विधायक कार्यालय सिहोरा में बजाया घंटा-शंख-थाली

हरिभूमि न्यूज सिहोरा।



लक्ष्य जिला आंदोलन समिति सहित नगरवासियों ने सिहोरा को जिला बनाने के लिए अपने वायदे के मुताबिक अनेक नारों के साथ शंख,घंटा,थाली बजाते हुए विधायक कार्यालय के सामने घंटो प्रदर्शन किया। विधायक संतोष बरकड़े ने प्रदर्शन कर रही समिति को मुख्यमंत्री को जिला के संबंध में पत्र लिखने का आश्वासन दिया तथा कार्यालय में समिति के सभी पदाधिकारियों से मुलाकात की। लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति के सदस्यों ने कहा कि अभी तक सिहोरा को जिला बनाने के लिए दो केन्द्रीय मंत्री,दो पूर्व मुख्यमंत्री सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने सार्वजनिक रूप से सिहोरा को जिला बनाने का वचन दिया था। समिति ने अपना संकल्प दोहराया कि वे इन सारी घोषणाओं के कार्यक्रमों में उपस्थित स्थानीय नेताओं के घर प्रदर्शन के अपने निर्णय पर कायम है और सभी लोगों के घर प्रदर्शन के बाद 6 जून को विशाल प्रदर्शन एवं आमसभा का आयोजन किया जाएगा । समिति ने पुनः दोहराया कि सिहोरा जिला बनने तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।

लार्डगंज, रांझी में 2 युवक घायल

# बदमाशों ने रंगदारी वसूलने की मारपीट

जबलपुर। रांझी और लार्डगंज थाना क्षेत्रों में शराब पीने के लिए रुपए नहीं मिलने की बात पर बदमाशों ने दो युवकों के साथ मारपीट कर कड़े से हमला कर घायल कर दिया।

रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार पंचायती कुआं के पास गोसलपुर निवासी 41 वर्षीय अमित यादव गत रात लगभग 11.30 बजे अपने घर के सामने खड़ा था, तभी घर के सामने रहने वाला शांटू उर्फ सौरभ यादव उससे शराब पीने के लिये 1 हजार रूपये की मांग करने लगा, रूपये देने से मना करने पर गाली गलौज करते हुए झूमाझपटी करने लगा, अमित के भाई भाभी को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 119(1), 351(2)भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

इसी तरह लार्डगंज में रानीताल जगदीश अखाड़ा के पास लार्डगंज निवासी 24 वर्षीय शिवम प्रधान गत दिवस गंजीपुरा से काम कर अपने घर पैदल जा रहा था। रात लगभग 11.15 बजे रानीताल गेट नंबर 1 के पास रास्ते में मोहल्ले का सुमित साहू तथा नीरज नामदेव दोनों बाईक से उसके पास आये और शराब पीने के लिये 500 रूपये मांगने लगे, रूपये देने से मना करने पर दोनों गाली गलौज करते मारपीट करने लगे वहीं सुमित साहू ने हाथ में पहने हुये कड़े से हमालकर सिर में चोट पहुँचा दी और दोनों ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 119(1), 115(2), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# निमार्णाधीन मकान से सैंटिंग प्लेटे चोरी करने के आरोपी गिरफ्तार

जबलपुर। गौरीघाट थाना अतंर्गत सांई धाम कालोनी में एक निर्माणाधीन मकान में रखी सेंटिंग प्लेटे चोरी कर ले गए दो चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 22 सेंटिंग प्लेटे जब्त की है। गौरीघाट पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार देवगांव थाना टिकरिया मंडला निवासी 35 वर्षीय ठेकेदार संतोष नेमा सांई धाम कालोनी गौरीघाट में नीरज का मकान बना रहा था। निर्माणाधीन मकान के लेंटर की सेंटिंग प्लेट खोलकर सेटिंग प्लेट मकान के अंदर रख दी थी। लगातार तीन दिन में 20 से 22 सेंटिंग प्लेटे चोरी हो गई। चोरी गई सेंटिंग प्लेटों की कीमत लगभग 22 हजार रुपए बताई गई है। गत दिवस 2.30 बजे अभिषेक चौधरी और विन्नू उर्फ विनोद निर्माणाधीन मकान में घुसे थे जो शोर मचाने पर वहां से भाग गये। उसे शक है कि गली न. 3,5 के रहने वाले निवासी अभिषेक ओर विन्नू ने ही चोरी की है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 331(4), 305(एं) बी एन एस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। जांच के दौरान पुलिस ने गली नंबर 5 निवासी 25 वर्षीय अभिषेक चौधरी और गली नंबर 3 गौरीघाट निवासी 27 वर्षीय विनोद झारिया उर्फ विन्नू को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ करने पर दोनों चोरी करना स्वीकार करते हुये चुराई हुई सैंटिंग गौरीघाट के जंगल में छिपाकर रखने की बात स्वीकार की है। पुलिस ने आरोपियों की निशादेही पर चुराई हुई 22 सैंटिंग प्लेट जप्त करते हुये आरोपियों को प्रकरण मे विधिवत गिरफ्तार किया गया।

## मानसिक रूप से कमजोर एक युवक ने फांसी लगाई

जबलपुर। मझगवां थाना अतंर्गत ग्राम महगवां हार में मानसिक रुप से कमजोर एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया गया है कि युवक गांजा पीने का आदि था। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। मझगवां पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम भैंसवाही चैरई निवासी 35 वर्षीय नरबद सिंह अपनी मां, पत्नी व बच्चों के साथ रहता है। लगभग 3-4 दिन पहले नरबद के पिता लोकसिंह गौंड भैंसवाही शादी में गया था एवं नरबद सिंह के साथ महगवां आ गया था। गत शाम लगभग 6.30 बजे नरबद के पिता लोकसिंह अपनी दूसरी पत्नी के साथ खेत से घर आए तो देखा नरबद घर पर नहीं था। रात लगभग 11 बजे उसके पिता लोकसिंह को फोन पर सूचना मिली कि नरबद ने ग्राम महगवां हार स्थित एक खेत में लगे आम के पेड़ पर गमछा बांधकर गले में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। नरबद के पिता लोकसिंह ने बताया कि बेटा नरबद सिंह मानसिक रूप से कुछ कमजोर था जिसका देशी इलाज चल रहा था। नरबद गांजा पीने का भी आदि था। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

**श्रीमति रुकमणी खम्परिया-**



सिहोरा ज्वालामुखी वार्ड क्रमांक दो निवासी श्रीमती रुकमणी खम्परिया का 62 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। अंतिम संस्कार ग्रह ग्राम खुडावल में आज बुधवार को सुबह 10 बजे होगा। वे राजकुमार खम्परिया की धर्मपत्नी एंव संयोग खम्परिया की मां तथा नरेन्द्र खम्परिया की भाभी, नीलू बाजपेयी की सास थी।

**श्री गुलशन खेत्रपाल-** प्रेम नगर एलआईसी के पास मदनमहल निवासी श्री गुलशन खेत्रपाल (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री साधू चौधरी-** चेरीताल चंडालभाटा ट्रांसपोर्ट नगर निवासी श्री साधू चौधरी (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मनोहर लाल अंबवानी-** गोरखपुर गुरूद्वारा के पास निवासी श्री मनोहर लाल अंबवानी (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री गोविंद कोरी-** तिलहरी दुर्गावती नगर फेस 2 निवासी श्री गोविंद कोरी (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रितेश विश्वकर्मा-** कांचघर निवासी श्री अनिल विश्वकर्मा के पुत्र श्री रितेश विश्वकर्मा (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।




**श्री जनार्दन कुमार-** महावीर कम्पाउंड सदर निवासी श्री जनार्दन कुमार (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री करन बागरी-** कंजड़ मोहल्ला बेलबाग निवासी श्री करन बागरी (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती अमृता पोतदार-** शुभम अपार्टमेंट नेपियर टाउन निवासी श्री अनंत नारायण पोतदार की धर्मपत्नी श्रीमती अमृता पोतदार का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**अर्जुन खरे-** नया मोहल्ला सिहोरा निवासी श्री अंचल खरे के अल्पायु पुत्र अर्जुन खरे (05) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री प्रेम लाल-** चौबे कॉलोनी करमेता निवासी श्री प्रेम लाल (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री राजेश कुमार राय-** ग्रीन सिटी रोड माढ़ोताल निवासी श्री राजेश कुमार राय (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि बिजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति क्वायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| सिंगल साइज:- | [illegible] से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| सिंगल साइज:- | [illegible] से.मी. | रंगीन | 400/- |
| सिंगल साइज | [illegible] से.मी. | रंगीन | 1100/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303508294, 9407362160

# जलवायु जोखिमों से बचाव के लिए बीमा उत्पाद लाने की तैयारी

## न्यू इंडिया इंश्योरेंस इस महीने पैरामीट्रिक बीमा उत्पाद लेकर आएगी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

साधारण बीमा कंपनी न्यू इंडिया एश्योरेंस इस महीने अपने खुदरा और कारोबारी ग्राहकों को जलवायु जोखिमों के खिलाफ वित्तीय सुरक्षा देने वाला एक पैरामीट्रिक बीमा उत्पाद लेकर आएगी।

बाजार हिस्सेदारी के हिसाब से देश की सबसे बड़ी साधारण बीमा कंपनी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक गिरिजा सुब्रमण्यन ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पैरामीट्रिक बीमा भारी बारिश, तेज हवा और बाढ़/सूखे जैसी आपदाओं से होने वाले नुकसान को कवर करता है। सुब्रमण्यन ने कहा कि पैरामीट्रिक बीमा उत्पाद के दायरे में जलवायु संबंधी अधिकांश अनिश्चितताएं आएंगी जो दैनिक आजीविका, रोजगार सृजन को प्रभावित करती हैं। न्यू इंडिया एश्योरेंस का मार्च तिमाही में शुद्ध लाभ लगभग दो प्रतिशत गिरकर 347 करोड़ रुपये रहा। वित्त वर्ष 2023-24 की मार्च तिमाही में उसे 354 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था।

### बीमा नियामक इरडा से मिली अनुमति

पारंपरिक बीमा के उलट पैरामीट्रिक बीमा में भुगतान पूर्व-निर्धारित मापदंडों के घटित होने पर निर्भर करता है, जिससे दावों का त्वरित निपटान संभव हो जाता है। सुब्रमण्यन ने कहा, पैरामीट्रिक बीमा एक उपयोग और फाइल उत्पाद है, जिसे बीमा नियामक इरडा ने अनुमति दी हुई है।




### इरडा के पास कंपनी का पंजीकरण

*हमने पहले ही इरडा के पास इसका पंजीकरण करा लिया है, लिहाजा उत्पाद तैयार है और इसका उपयोग खुदरा और व्यावसायिक समूहों दोनों में किया जा सकता है। हम इसके लिए बड़े पैमाने पर तैयार हैं। इस बीमा उत्पाद को पेश किए जाने की समयसीमा के बारे में पूछे जाने पर, उन्होंने कहा, ''हम इसे मई महीने के अंत तक पेश कर देंगे।''*

### प्राकृतिक आपदा उद्योगों के लिए गंभीर सरदर्द

प्राकृतिक आपदाओं की तीव्रता और आवृत्ति में बढ़ोतरी बीमा उद्योग के लिए गंभीर सिरदर्द बनती जा रही है। प्रमुख वैश्विक पुनर्बीमा कंपनी स्विस रे की ताजा रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2025 में जलवायु से जुड़ी आपदाओं के कारण बीमित नुकसान की राशि 14,500 करोड़ डॉलर तक पहुंच सकती है।

## खबर संक्षेप

### आईएचएच समूह ने दाइची सैंक्यो से मांगा हर्जाना

**नई दिल्ली।** मलेशिया की आईएचएच हेल्थकेयर ने जापान की दाइची सैंक्यो से 200 अरब येन (11,800 करोड़ रुपये) का हर्जाना मांगा है। भारतीय अस्पताल संचालक फोर्टिस के नियंत्रण के लिए आईएचएच की बोली को रोकने का आरोप लगाते हुए यह हर्जाना मांगा गया है। आईएचएच की टोक्यो स्थित अप्रत्यक्ष सहायक कंपनी नॉर्दर्न टीके वेंचर्स (एनटीके) ने दाइची सैंक्यो के खिलाफ जारी हर्जाने की मांग में संशोधन करने के लिए तोक्यो जिला न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है।

### रुपया 21 पैसे टूटकर 85.63 प्रति डॉलर पर हुआ बंद

**मुंबई।** घरेलू बाजारों में कमजोर रुख के बीच रुपया मंगलवार को 21 पैसे टूटकर 85.63 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अमेरिका में 10 साल के बॉन्ड प्रतिफल में हालिया उछाल राजकोषीय और मौद्रिक नीतियों पर बढ़ती चिंताओं को दर्शाता है, जिससे कर्ज की लागत बढ़ रही है। विदेशी पूंजी की निकासी और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से भी रुपये पर दबाव पड़ा। हालांकि, अमेरिकी डॉलर सूचकांक में नरमी ने गिरावट को सीमित किया।



### फाइजर का लाभ 85 फीसदी बढ़कर 330.94 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** फाइजर लिमिटेड का जनवरी-मार्च तिमाही में शुद्ध लाभ 85 प्रतिशत बढ़कर 330.94 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी का जनवरी-मार्च, 2024 में मुनाफा 178.86 करोड़ रुपये रहा था। फाइजर लिमिटेड ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी परिचालन आय बढ़कर 591.91 करोड़ रुपये हो गई जो पिछले वर्ष समान अवधि में 546.63 करोड़ रुपये थी। कुल व्यय भी सालाना आधार पर 377.9 करोड़ रुपये से बढ़कर 383.5 करोड़ रुपये हो गया।




### धामपुर शुगर 10.81 लाख से अधिक शेयर खरीदेगी वापस

**नई दिल्ली।** धामपुर शुगर मिल्स ने मंगलवार को कहा कि वह 'टेंडर ऑफर' के जरिये करीब 20 करोड़ रुपये में 10.81 लाख शेयर वापस खरीदेगी। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि वह 'टेंडर ऑफर' प्रक्रिया के जरिये आनुपातिक आधार पर 185 रुपये प्रति शेयर की कीमत पर 10 रुपये अंकित मूल्य के 10,81,081 शेयर तक कंपनी के पूरी तरह से चुकता शेयर को वापस खरीदेगी। शेयर वापस खरीदने की रिकॉर्ड तिथि 23 मई है। कंपनी के निदेशक मंडल ने शेयर वापस खरीदने के प्रस्ताव को 16 मई को मंजूरी दे दी थी।

### मोबिक्विक का एकीकृत घाटा बढ़कर 56 करोड़

**नई दिल्ली।** वित्त प्रौद्योगिकी कंपनी वन मोबिक्विक सिस्टम्स का जनवरी-मार्च तिमाही में एकीकृत घाटा बढ़कर 56 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी का पिछले वर्ष इसी तिमाही में घाटा 0.6 करोड़ रुपये रहा था। मोबिक्विक सिस्टम्स ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया, समीक्षाधीन अवधि में परिचालन आय मामूली वृद्धि के साथ 267.7 करोड़ रुपये हो गई। कंपनी का भुगतान जीएमवी (सकल व्यापारिक मूल्य) सालाना आधार पर 203 प्रतिशत बढ़कर 1,15,900 करोड़ रुपये हो गया। मोबिक्विक की सह-संस्थापक एवं मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) उपासना टाकू ने कहा, '' हमारे भुगतान व्यवसाय ने उल्लेखनीय मजबूती दिखाई है, जो सालाना आधार पर तीन गुना बढ़ रहा है''।

### लोगों के लिए सुरक्षित खाद्य सुनिश्चित करने का प्रयास

# फलों को पकाने सिंथेटिक रसायन का उपयोग रोके राज्य, फसाई की अपील

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

खाद्य नियामक एफएसएसएआई ने लोगों के लिए सुरक्षित खाद्य सुनिश्चित करने के अपने प्रयासों के तहत सभी राज्यों से फलों को पकाने वाले तत्वों (एजेंटों) और सिंथेटिक रसायन लेप (कोटिंग्स) के अवैध उपयोग को रोकने को कहा है।

- राज्यों से फलों पर कोटिंग्स का उपयोग रोकने कहा गया

नियामक ने मंगलवार को एक बयान में कहा, ''भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से इस बारे में अपनी जांच में तेजी लाने और गैर-अनुमति प्राप्त फलों को पकाने वाले एजेंटों के अवैध उपयोग को रोकने के लिए विशेष प्रवर्तन अभियान चलाने का आग्रह किया है। साथ ही सिंथेटिक रंगों या गैर-अनुमति प्राप्त मोम के साथ फलों को रंगने और कोटिंग करने पर भी रोक लगाई है।''

**खास बातें**

- फसाई ने राज्यों से अपने यहां जांच में तेजी लाने कहा
- अवैध उपयोग को रोकने विशेष प्रवर्तन अभियान चलाने का आग्रह



### गोदामों व भंडारण केंद्रों का किया जा सकेगा निरीक्षण

*प्रवर्तन अभियान के तहत एफएसएसएआई ने सुझाव दिया है कि गोदामों और भंडारण केन्द्रों का निरीक्षण किया जा सकता है, विशेष रूप से उन पर जहां पकाने के लिए कैल्शियम कार्बाइड जैसे पदार्थों का उपयोग करने का संदेह है।*

### फल बाजार व मंडियों की निगरानी बढ़े

सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के खाद्य सुरक्षा आयुक्तों और एफएसएसएआई के क्षेत्रीय निदेशकों से अनुरोध किया गया है कि वे फल बाजारों और मंडियों पर कड़ी निगरानी रखें, ताकि कैल्शियम कार्बाइड जैसे एजेंटों का उपयोग करके फलों को पकाने के अवैध उपयोग को रोका जा सके, जिसे आमतौर पर 'मसाले' के रूप में जाना जाता है।

### खाद्य सुरक्षा मानक के तहत चलेगा मुकदमा

इसमें कहा गया, ''परिसर में या फलों के टोकरे के साथ संग्रहीत कैल्शियम कार्बाइड की उपस्थिति को खाद्य व्यवसाय संचालक (एफबीओ) के खिलाफ परिस्थितिजन्य साक्ष्य के रूप में माना जाएगा, जिससे संभावित रूप से खाद्य सुरक्षा और मानक (एफएसएस) अधिनियम 2006 के तहत मुकदमा चलाया जा सकता है।''

### कैल्शियम कार्बाइड का उपयोग वर्जित

खाद्य सुरक्षा और मानक (बिक्री पर प्रतिबंध और रोक) विनियम, 2011 के तहत फलों को कृत्रिम रूप से पकाने के लिए कैल्शियम कार्बाइड का उपयोग सख्त वर्जित है। नियामक ने बताया कि इस पदार्थ के उपयोग से गंभीर स्वास्थ्य जोखिम पैदा होते हैं और यह मुंह के छाले, गैस्ट्रिक जलन पैदा करने के लिए जाना जाता है और इसमें कैंसरकारी गुण होते हैं।''

### कृत्रिम रूप से पकाने एथेफॉन का उपयोग

इसके अलावा, एफएसएसएआई ने ऐसे मामलों की भी पहचान की है जहां एफबीओ केले और अन्य फलों को सीधे रसायन में डुबोकर कृत्रिम रूप से पकाने के लिए एथेफॉन घोल का उपयोग कर रहे हैं। इस संदर्भ में, प्राधिकरण ने ''फलों को कृत्रिम रूप से पकाना - एथिलीन गैसः एक सुरक्षित फल पकाने वाला'' शीर्षक से एक व्यापक मार्गदर्शन दस्तावेज जारी किया है।

### एथेफोन का उपयोग केवल एथिलीन बनाने में हो

दस्तावेज में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि एथेफ़ोन का उपयोग केवल एथिलीन गैस बनाने के स्रोत के रूप में किया जा सकता है और इसे निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के अनुरूप सख्ती से अमल में लाना चाहिए।

# बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर अप्रैल में पड़ी सुस्त

## वृद्धि दर सुस्त पड़कर 0.5 फीसदी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कच्चे तेल, रिफाइनरी उत्पादों और उर्वरक के उत्पादन में गिरावट आने से अप्रैल में आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर आठ माह के निचले स्तर 0.5 प्रतिशत पर आ गई। मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

- आठ माह के निचले स्तर पर आई

एक साल पहले की समान अवधि में बुनियादी उद्योगों का उत्पादन 6.9 प्रतिशत की दर से बढ़ा था। वहीं मार्च, 2025 में बुनियादी उद्योगों का उत्पादन 4.6 प्रतिशत बढ़ा था। प्रमुख बुनियादी उद्योगों में कोयला, कच्चा तेल, रिफाइनरी उत्पाद, प्राकृतिक गैस, इस्पात, सीमेंट, बिजली और उर्वरक शामिल हैं। इन उद्योगों का देश के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में 40.27 प्रतिशत का भारांश है। आधिकारिक आंकड़ों से पता चलता है कि समीक्षाधीन महीने में कच्चे तेल, रिफाइनरी उत्पादों और उर्वरक क्षेत्रों के उत्पादन में गिरावट दर्ज की गई है। इससे पहले निम्न वृद्धि दर अगस्त, 2024 में दर्ज की गई थी। उस समय इन बुनियादी क्षेत्रों के उत्पादन में 1.5 प्रतिशत की गिरावट आई थी। अप्रैल 2025 में कोयला, प्राकृतिक गैस, इस्पात और बिजली के उत्पादन में वृद्धि दर क्रमशः 3.5 प्रतिशत, 0.4 प्रतिशत, तीन प्रतिशत और एक प्रतिशत रही। हालांकि, इस साल अप्रैल में सीमेंट उत्पादन में 6.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह 0.2 प्रतिशत बढ़ा था।




# बिकवाली दबाव से सेंसेक्स 873 अंक लुढ़का

एजेंसी ⏭ मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 873 अंक का गोता लगा गया। एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और आईसीआईसीआई बैंक जैसे प्रमुख शेयरों में गिरावट से बाजार नुकसान में रहा।

- शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन गिरावट

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 872.98 अंक यानी 1.06 प्रतिशत लुढ़क कर 81,186.44 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 905.72 अंक लुढ़क गया था। सेंसेक्स के तीस शेयरों में से 27 नुकसान में जबकि तीन लाभ में रहे। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 261.55 अंक यानी 1.05 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,683.90 अंक पर बंद हुआ। विश्लेषकों ने कहा कि निवेशकों ने मुनाफावसूली का विकल्प चुना।



### निवेशकों ने मुनाफा वसूली की

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''प्रमुख सकारात्मक संकेतकों के अभाव और अमेरिकी राजकोषीय स्थिरता पर मौजूदा अनिश्चितता के साथ, निवेशकों ने मुनाफावसूली का विकल्प चुना और सतर्क रुख अपनाया। निवेशकों को भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर अधिक स्पष्टता की प्रतीक्षा है और इस बीच उन्होंने बिकवाली को तरजीह दी।''

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में इटर्नल (पूर्व में जोमैटो) में सबसे अधिक 4.10 प्रतिशत की गिरावट आई। इसके अलावा मारुति, महिंद्रा एंड महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, पावर ग्रिड, नेस्ले, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एशियन पेंट्स भी प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। एचडीएफसी बैंक में 1.26 प्रतिशत और सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज में 1.13 प्रतिशत की गिरावट आई। दूसरी तरफ टाटा स्टील, इन्फोसिस और आईटीसी के शेयर लाभ के साथ बंद हुए।

# हिंडाल्को इंडस्ट्रीज के लाभ में 66 फीसदी का इजाफा

**नई दिल्ली।** आदित्य बिड़ला समूह की प्रमुख धातु कंपनी हिंडाल्को इंडस्ट्रीज का जनवरी-मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 66 प्रतिशत बढ़कर 5,284 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी का जनवरी-मार्च 2024 में मुनाफा 3,174 करोड़ रुपये रहा था। हिंडाल्को इंडस्ट्रीज की ओर से जारी बयान के अनुसार, समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी की परिचालन आय बढ़कर 64,890 करोड़ रुपये हो गई जो पिछले साल समान अवधि में 55,994 करोड़ रुपये थी। वहीं समूचे वित्त वर्ष 2024-25 में कंपनी का शुद्ध लाभ बढ़कर 16,002 करोड़ रुपये और परिचालन आय बढ़कर 2,38,496 करोड़ रुपये रही। कंपनी के प्रबंध निदेशक सतीश पई ने कहा, '' हिंडाल्को ने वित्त वर्ष 2024-25 में सर्वकालिक उच्च प्रदर्शन किया जो मजबूत परिचालन क्षमता, लागत अनुशासन और हमारे सभी व्यवसायों में निरंतर गति से प्रेरित रहा।''


**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर, लोककर्म विभाग**

निविदा सूचना (2 nd Call)

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनाक | कार्य का विवरण | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | न.नि.ज./प्रकाश/2025-26/ 44/पी.आर.ओ/158 दिनांक 20/05/2025 | Supply, Installation, Testing & Commissioning (SITC) of 16 Mtr Highmast at Adhartal Talab Ward No. 61 JMC jabalpur. | 03 माह एवं 358557.00 | 2000.00 एवं 3586.00 | 06/06/2025 |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन https://mptenders.gov.in ऑनलाईन की वेबसाईड पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री (विद्युतीय)
नगर पालिक निगम जबलपुर

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, डिण्डौरी (म.प्र.)**

नि.सू.क्र./13-14/ व.ले.लि./का.यं./लो.स्वा.यां./2025 **निविदा आमंत्रण सूचना** डिण्डौरी, दिनांक 09.05.2025

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा निम्नानुसार ई-टेण्डर ऑनलाईन डिजिटल मुहरबंद (Digitaly Scaled) डिण्डौरी जिले के अन्तर्गत ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसका अवलोकन https://www.mptenders.gov.in बेवसाईट में किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र केवल ऊपर उल्लेखित बेवसाईट से ऑनलाईन क्रय किये जा सकते है। जिसके मूल्य का भुगतान इण्टरनेट बैंकिंग से किया जावेगा। निविदा दिनांक 13.05.2025 को दोपहर 12.30 बजे से दिनांक 27.05.2025 शाम 17.30 बजे तक ऑनलाईन प्रस्तुत किये जा सकते है। निविदा में संशोधन की स्थिति में बेवसाईट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा जिसका पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही दिया जावेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना एवं अन्य जानकारी उक्त बेवसाईट पर देखी जा सकती है।

| स. क्र. | ई निविदा क्र. | नि. सू. क्र. | वि.ख. /जिला | विवरण | अनु.लागत (PAC) (रू. में) | धरोहर राशि (PAC) (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_PHED _422613_1 | 13 | डिण्डौरी | Balance Work of Under JJM Driking water supply scheme at Village Keolari Mal/ Ryt. Block- Dindori District- Dindori | 14.99 | 29980.00 | 2000.00 | प्रथम आमंत्रण |
| 2 | 2025_PHED _422620_1 | 14 | डिण्डौरी | Preparation of Detailed Project Reports for "Piped Water Supply Scheme under Jal Jeevan Mission to supply drinking water Recharge structure under "jal shakti abhiyan catch the rain 2025 programme "various village of District Dindori for (Recharge Pit ) | 13.40 | 26800.00 | 2000.00 | प्रथम आमंत्रण |

G-13136/25 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड (डिण्डौरी (म.प्र.)

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग ( भ / स ) संभाग क्र 1 जबलपुर**

निविदा सूचना क्र 10 वर्ष 2025-26 टेन्डर लिपिक **निविदा सूचना** जबलपुर दिनांक 16/05/2025

निम्नलिखित कार्यो हेतु ई टेन्डरिंग के माध्यम से निर्मलखित कार्यो की निविदायें आमंत्रित की जाती है। कार्यो का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाईड पर आनलाईन भुगतान कर वेबसाईड के माध्यम से प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. | ई टेण्डर कमांक | कार्य का नाम | आमंत्रण | ठेके की अनु राशि (रू. लाख में | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मुल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_PWDRB_423699_pack1 | मार्ग उपसंभाग अंतर्गत विभिन्न मार्गो में बी. टी. पेंच रिपयेर एवं अन्य मरम्मत कार्य। | प्रथम | 9.95 | 20000 | 2000 | 02 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 2 | 2025_PWDRB_423700_pack1 | मार्ग उपसंभाग अंतर्गत विभिन्न मार्गो में बी.टी.पेंच रिपयेर एवं ओ.डी. आर. / व्ही. आर. अन्य मरम्मत कार्य। | प्रथम | 9.90 | 20000 | 2000 | 02 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 3 | 2025_PWDRB_423701_pack1 | मुख्यालय उपखण्ड, उपसंभाग क्र. 3 जबलपुर अंतर्गत माननीय न्यायाधीश बंगला नं. ए-3, पचपेढ़ी में फाउण्टेन, बाउण्ड्रीवॉल के ऊपर पी.व्ही.सी. शीट, टी.व्ही. यूनिट (लकड़ी) एवं डोर पेनेलनिंग इत्यादि कार्य। | प्रथम | 19.86 | 40000 | 2000 | 04 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 4 | 2025_PWDRB_423702_pack1 | मुख्यालय उपखण्ड, उपसंभाग क्र. 3 जबलपुर अंतर्गत माननीय चीफ जस्टिस बंगला एवं अन्य न्यायाधीश बंगलों में वुडन फ्लोरिंग, लूवर्स, वॉल पेपर इत्यादि मरम्मत कार्य। | प्रथम | 19.75 | 40000 | 2000 | 04 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 5 | 2025_PWDRB_423703_pack1 | मुख्यालय उपखण्ड, उपसंभाग क्र. 3 जबलपुर अंतर्गत माननीय न्यायाधीश बंगलों में पेवर ब्लॉक, कर्ब स्टोन, विट्रीफाईड टाईल्स फ्लोरिंग इत्यादि कार्य। | प्रथम | 19.48 | 40000 | 2000 | 04 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 6 | 2025_PWDRB_423704_pack1 | मुख्यालय उपखण्ड, उपसंभाग क्र. 3 जबलपुर अंतर्गत माननीय उच्च न्यायालय के बंगले एवं ए. जी. बंगले में बाउण्ड्री गेट, पेवर ब्लॉक, ब्लाइन्ड्स एवं विभिन्न मरम्मत कार्य। | प्रथम | 19.80 | 40000 | 2000 | 04 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 7 | 2025_PWDRB_423705_pack1 | मुख्यालय उपखण्ड, उपसंभाग क्र. 3 जबलपुर अंतर्गत पचपेढी स्थित 04 नग माननीय न्यायाधीश बंगलों के डिपॉजिट, एस. आर. कार्य, प्रोफाईल शीट शेड, आयरन फ्रेम, वाटर प्रूफिंग इत्यादि कार्य। | प्रथम | 19.68 | 40000 | 2000 | 04 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 8 | 2025_PWDRB_423706_pack1 | मुख्यालय उपखण्ड, उपसंभाग क्र. 3 जबलपुर अंतर्गत माननीय चीफ जस्टिस बंगला में गैरेज में पार्किंग टाईल्स, वुडन अलमीरा कार्य एवं माननीय उच्च न्यायालय के अन्य बंगलों में मरम्मत कार्य। | प्रथम | 19.78 | 40000 | 2000 | 04 माह वर्षा ऋतु सहित |
| | | कुल योग | | 138.20 | | | |

टीप:- (1) निविदा प्रपत्र कय करने की अंतिम तिथि 31/05/2025 17:30 बजे तक है। अन्य तिथियाँ एवं विस्तृत विवरण व संशोधन आनलाईन वेब साईड www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है किसी भी प्रकार के संशोधन का पुनः प्रकाशन नही कराया जावेगा। संशोधन सूचना कार्यालय के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।

G-13086/25

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग ( भ / स )
संभाग क्र 1 जबलपुर

**कार्यालय वनमण्डलाधिकारी (सा.) मनेन्द्रगढ़ वनमण्डल, मनेन्द्रगढ़ (छ.ग.)**

**नीलाम विज्ञापन**

सामान्य सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है, कि मनेन्द्रगढ वनमण्डल के अधीनस्थ काष्ठागार मनेन्द्रगढ़ में उपलब्ध नये ईमारती काष्ठ / जलाऊ एवं खैर काष्ठ का दर्शित तिथि व समय में ई-ऑक्सन द्वारा निवर्तन किया जाना है, इच्छुक व्यापारी ई-ऑक्सन में अवश्य भाग लेवे। ई-ऑक्सन की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय अथवा काष्ठागार मनेन्द्रगढ से प्राप्त कर सकते है।

डिपो का नाम - काष्ठागार मनेन्द्रगढ़
नीलाम दिनांक- 29-05-2025
नीलाम समय- प्रातः 09:00 बजे से प्रारम्भ

| क्र. | प्रजाति | नये काष्ठ | | पुराने काष्ठ | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | लठ्ठा घ.मी. | बल्ली नग | लठ्ठा घ.मी. | बल्ली नग |
| 1 | सागौन | 1.419 | 0 | 31.939 | 983 |
| 2 | साल | 332.719 | 2782 | 506.315 | 440 |
| 3 | साजा | 3.675 | 88 | 61.249 | 0 |
| 4 | सतकठा | 4.134 | 96 | 0.126 | 51 |
| 5 | खम्हार | 0.270 | 0 | 11.442 | 240 |
| 6 | हल्दू | 0.000 | 0 | 0.393 | 0 |
| 7 | धावड़ा | 0.000 | 323 | 3.634 | 0 |
| 8 | सलैया | 0.000 | 0 | 1.265 | 0 |
| 9 | खैर | 10.686 | 0 | 0 | 0 |
| | योग:- | 352.903 | 3289 | 619.363 | 1714 |

जलाऊ काष्ठ

| क्र. | विवरण | नया लॉट | पुराना लॉट |
|---|---|---|---|
| 1 | जलाऊ मिश्रित | 150 चट्टा | 139 चट्टा |

टीप :- 1. क्रेता को ई-ऑक्सन के पूर्व MSTC E-commerce पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। 2. क्रेताओं को ई-ऑक्सन के पूर्व कय लॉटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है, सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर 15 प्रतिशत E.M.D. की राशि जमा करना अनिवार्य है। 3. लॉट की थप्पी एवं फोटो MSTC E-commerce पोर्टल में अपने आई डी से लॉगईन करके देख सकते है।

G-252601012/4

वनमण्डलाधिकारी
मनेन्द्रगढ़ वनमण्डल, मनेन्द्रगढ़

**कार्यालय वन मण्डलाधिकारी छतरपुर सामान्य वनमंडल**

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में वनमण्डल छतरपुर के समस्त परिक्षेत्रों के लिये विभागीय कार्यों के लिये सामग्री क्रय हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दस्तावेज / प्रारूप / शर्तो का क्रय मध्यप्रदेश ऑनलाईन निविदा प्रणाली की बेबसाईट www.mptenders.gov.in से ऑनलाईन क्रय किये जा सकते है।

| क्रमांक | विवरण | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रपत्र की उपलब्धता | www.mptenders.gov.in |
| 2 | निविदा प्रपत्र का मूल्य | 1000 /- रुपये (एक हजार रुपये मात्र ) |
| 3 | धरोहर राशि | संबंधित कार्य की निविदा अनुसार |
| 4 | ऑनलाईन निविदा जमा करने की प्रारंभिक तिथि एवं समय | दिनांक 16.05.2025 को शाम 06.00PM |
| 5 | प्रीबिड मीटिंग | दिनांक 23.05.2025 को शाम 11.00AM |
| 6 | ऑनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 30.05.2025 को शाम 05.00PM |
| 7 | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 31.05.2025 को शाम 06.00PM |
| 8 | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि व समय | दिनांक 02.06.2025 को शाम 01.00PM |


G-13139/25

वन मण्डलाधिकारी
छतरपुर/ सामान्य वनमंडल

## चिंतन

# कोरोना वायरस को हराने के लिए रहना होगा सतर्क

कोरोना की फिर से वापसी की आहट सुनाई देने लगी है। यह आशंका सताने लगी है कि क्या यह फिर से अपने पांव फैला सकता है। दिसंबर 2019 में चीन के वुहान से रहस्यमय तरीके से फैले इस वायरस ने कुछ ही महीनों में दुनिया के अनेक देशों को अपनी चपेट में ले लिया था और मार्च 2020 में विश्व स्वस्थ्य संगठन ने इसे वैश्विक महामारी घोषित कर दिया। महज तीन साल के समय में वायरस की कई लहरों ने दुनियाभर में 70 लाख से अधिक लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। नवंबर 2023 में कोरोना वायरस की अंतिम लहर देखी गई थी, लेकिन बीते कुछ दिनों के दौरान एक बार फिर कोरोना की आहट सुनाई देने लगी है। एशिया के सिंगापुर, हॉन्गकॉन्ग, चीन और थाईलैंड में कोरोना वायरस के मामले बढ़ रहे हैं। सिंगापुर में एक मई से 19 मई के बीच 3000 मरीज सामने आए हैं। अप्रैल के आखिरी हफ्ते तक ये संख्या 11,100 थी। यहां मामलों में 28 फीसदी का इजाफा हुआ है। हॉन्गकॉन्ग में जनवरी से अब तक 81 मामले सामने आए हैं। इनमें से 30 की मौत हो चुकी है। चीन और थाईलैंड में भी अलर्ट जारी किया गया है। हालांकि, यहां मरीजों की संख्या के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। मुंबई के केईएम अस्पताल में सोमवार को 2 कोविड पॉजिटिव मरीजों की मौत हुई है। हालांकि डॉक्टरों का कहना है कि इनकी मौत कोविड से नहीं, बल्कि पुरानी बीमारियों की वजह से हुई है। एक मरीज को मुंह का कैंसर था और दूसरे को किडनी से जुड़ी बीमारी नेफ्रोटिक सिंड्रोम थी। इसके अलावा भी अलग-अलग राज्यों में मरीजों की संख्या में इजाफा हो रहा है। इस लिस्ट में सबसे पहले नंबर पर केरल का नाम है। केरल में इस वक्त कोविड-19 के सबसे ज्यादा मरीज हैं। प्रदेश में इस वक्त कोरोना के 69 मामले एक्टिव हैं। दूसरे नंबर पर महाराष्ट्र है, जहां 44 मामले हैं। इसके अलावा तमिलनाडु में 34, कर्नाटक में 8, गुजरात में 6 और दिल्ली में करीब 3 मामले सामने आए हैं। हरियाणा, राजस्थान और सिक्किम में भी एक-एक मामले हैं। एशिया में कोरोना के मामले बढ़ने की वजह वायरस का नया वैरिएंट बताया जा है। इस बार संक्रमण के लिए ओमिक्रॉन के नए वैरिएंट जेएन 1 और उसके सब-वैरिएंट्स एलएफ7 और एनबी1.8 को जिम्मेदार माना जा रहा है। वैसे अब तक ऐसा कोई सबूत नहीं मिला है जिससे यह लगे कि ये नए वैरिएंट पहले से ज्यादा खतरनाक या तेजी से फैलने वाले हैं। इसके बावजूद सरकार ने स्वास्थ्य अमले को सक्रिय कर दिया है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के साथ लगातार बैठकें हो रही हैं और सरकार अलर्ट मोड पर है। डर है कि यह लहर कमजोर इम्यूनिटी वाले लोगों पर अपना असर दिखा सकती है। इसके चलते देशभर में सुरक्षा के उपाए किए जा रहे हैं। सरकार तो अपने स्तर पर हर संभव प्रयास कर रही है। हमें और आपको भी कोरोना के नए वायरस को लेकर सतर्क रहने की जरूरत है। जैसे हमने पहले कोरोना को हराया है, इस बार फिर उसे हराना है। इसके लिए सावधानियां बरतना बहुत जरूरी है। अगर आपको सूखी खांसी, नाक बहना या बंद होने, सिरदर्द, गले में खराश, बुखार और थकावट होने, स्वाद या गंध का महसूस न होने के साथ पाचन की दिक्कत हो रही है तो तुरंत खुद को दूसरों से अलग कर लें। घर से बाहर न निकलें। तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें। भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में न जाएं। बार-बार हाथ धोते रहें और हाथ मिलाने से पहरेज करें। बस ऐसे ही कुछ उपायों से हम कोरोना को सहजता से पराजित कर सकते हैं। डरें नहीं, सतर्क रहें।



आतंक विरोधी दिवस
अखिलेश आर्येन्दु

# आतंकवाद को नेस्तनाबूद करना जरूरी

चार दशकों से भारत में कई खूंखार आतंकवादी संगठन सक्रिय हुए हैं। 11 राज्यों में दशकों से वामपंथी नक्सलवाद हिंसक गतिविधियां चलाता रहा है जिसमें हजारों लोग और पुलिस बल (सेना के जवान भी) इसके शिकार हुए हैं। जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान द्वारा पोषित आतंकवादियों की घुसपैठ पूरी तरह खत्म नहीं हुई। दुनिया में आतंकवाद जिस तेजी से बढ़ा है, ऐसे में भारत के सामने आतंकवाद खत्म करने की बहुत बड़ी चुनौती है। इस चुनौती को दुनिया के उन सभी देशों को स्वीकार करने की जरूरत है जो आतंकवाद के खतरे से कई तरह से पीड़ित हैं। देखना यह होगा कि भारत के सामने आतंकवाद की आई चुनौती में दुनिया के कौन-कौन से देश खुलकर साथ देते हैं।

दुनिया में सबसे विकट, गंभीर और बर्बरता का पर्याय आतंकवाद वर्षों से मानवता का विध्वंसक बना हुआ है। इससे महज जान-माल का खतरा ही नहीं पैदा हुआ है बल्कि इंसानियत की हत्या आतंकवाद के जरिए हो रही है। आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक और मनोवैज्ञानिक स्तर पर इससे अत्यंत गम्भीर समस्याएं पैदा हुई हैं। अमेरिका, अफ्रीका, रूस, फ्रांस, जर्मन, जापान जैसे विकसित देश इसकी बर्बर हिंसक गतिविधियों से पीड़ित तो हैं ही, एशिया के तकरीबन सभी मुल्क जिसमें भारत सबसे ज्यादा आंतरिक और विदेशी (बाह्य) दोनों से गम्भीर रूप से पीड़ित है। भारत में आतंकवाद के कई कारण और रूप हैं, जिसमें राजनीतिक कारण सबसे अहम है, जिसमें अलगाववादी आंदोलन, जातीय संघर्ष, सीमावर्ती क्षेत्रों में तनाव और पड़ोसी देश द्वारा सीमा से आतंकवादियों की घुसपैठ कराकर आतंकवाद फैलाना शामिल है। धर्म या मजहब के नाम पर भी कट्टरपंथी सोच और हिंसा भी आतंकवाद का महत्वपूर्ण कारण है। वैचारिक मतभेद, हिंसा द्वारा विचारधारा को फैलाने के हथियार के रूप में इसका इस्तेमाल आम है। सामाजिक-आर्थिक असमानता भी आतंकवाद की एक वजह रही है जैसे वामपंथी नक्सलवाद का जन्म, जो बाद में हथियारबंद तथाकथित आंदोलन बन गया।

पिछले चार दशकों से भारत में कई खूंखार आतंकवादी संगठन सक्रिय हुए हैं। ग्यारह राज्यों में दशकों से वामपंथी नक्सलवाद हिंसक गतिविधियां चलाता रहा है जिसमें हजारों लोग और पुलिस बल (सेना के जवान भी) इसके शिकार हुए हैं। सामाजिक विभाजन को बढ़ावा देने वाले और धर्म व मजहब के नाम पर हिंसा करने वाले, अपनी बात जबरन मनवाने वाले संगठन भारत में अराजकता फैलाने का काम करते रहे हैं। कुछ राज्यों में आतंकवाद की वजह से उद्योग, पर्यटन और दूसरे तमाम क्षेत्रों में रोजगार में कमी आई है। इससे शासन और सरकार की स्थिरता पर गहरा असर रहा है। साथ में, देशभर में अराकता का माहौल पैदा करने की इनकी कोशिश जगजाहिर है। यह देशों के बीच संघर्ष और तनाव पैदा करने का काम भी करता है। भारत में 2014 के पहले पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल की सीमा से आतंकवादी घुसपैठ करते थे और बहुत बड़े पैमाने पर भारत में तकरीबन सभी राज्यों में बम विस्फोट और हिंसा की बर्बर घटनाएं आए दिन होती थीं, जिससे बड़ी तादाद में जान-माल का नुकसान होता था। कहना न होगा कि भाजपा के सत्ता में आने के बाद कानून व्यवस्था हर तरह से चाक-चौबंद की गई और आतंकवादी घटनाओं पर कुछ ही महीने में काबू पा लिया गया। लेकिन जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान द्वारा पोषित आतंकवादियों की घुसपैठ पूरी तरह खत्म नहीं हुई। इसी दौरान धारा 370 खत्म की गई और जम्मू-कश्मीर को पुनर्गठित कर तीन राज्यों कश्मीर, जम्मू और लद्दाख में विभाजित कर इन्हें केंद्र शासित घोषित कर दिया गया। केंद्र सरकार के पिछले दस वर्ष आजादी के इतिहास में कई विकट समस्याओं के समाधान वाले रहे हैं। यह सरकार की नीतियों में अमूलचूल बदलाव से संभव हुआ। विदेश नीति के मामले निर्गुट नीति की जगह 'सर्वगुट' नीति को अपनाया गया। गौरतलब है कि 1947 से 2013 तक भारत की विदेश नीति निर्गुट, समझौतावादी और हिंसा



का जवाब अहिंसा से देने की रही है। यही वजह है कि पिछले चार दशकों से अधिक समय से पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद और घुसपैठ की घटनाएं भारत में लगातार जारी रहीं। पानी की तरह पैसा बहाकर भी धारा 370 के लागू रहने की वजह से केंद्र का यहां सीमित हस्तक्षेप था, जिसकी वजह से आतंकवाद लगातार फलता-फूलता रहा। जाहिर तौर पर पिछले कई दशकों से आतंकवाद अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा बन गया है। यूं तो भारत में आतंकवादी गतिविधियां 50 के दशक में ही बड़े पैमाने पर चालू हो गई थीं। विश्वभर में वामपंथ के उत्थान के बाद आतंकवादी गतिविधियां दुनिया के तमाम मुल्कों में देखी जाने लगी थीं, जिसके जद में यूरोप, अमेरिका, जापान, जर्मनी और भारत जैसे अनेक देश आए, लेकिन भारत में आतंकवाद सबसे ज्यादा गंभीर, मुखर और बर्बर गतिविधियों का एक विस्तृत स्वरूप में जारी रहा है। इसलिए 1967 में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम बनाया गया। इस अधिनियम को संशोधित किया गया है जिसमें संघीय सरकार को संगठनों और व्यक्तियों को 'आतंकवादी के रूप में नामित करने की शक्ति मिली है। इसके अलावा राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम, 1980 (एनएसए)। यह अधिनियम अत्यंत कारगर है जिसमें अधिनियम अधिकारियों को आतंकवादियों से ताल्लुक रखने वाले गुटों के सदस्यों को बिना किसी प्रदर्शन के घोषित अवधि के लिए हिरासत में रखने की अनुमति देता है। फिर पोटा कानून बनाया गया लेकिन 2002 में यह अधिनियम निरस्त कर दिया गया।

आतंकवादी और विघटनकारी गतिविधियों (रोकथाम) अधिनियम (टाडा) 1985 में लागू किया गया, जिसे 1995 में निरस्त कर दिया गया था। इसके अलावा भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के विभिन्न प्रावधानों का इस्तेमाल किया जाता है। आंतकवादी गतिविधियों को रोकने में आर्म्स एक्ट लागू है जो आतंकवादी गतिविधियों में इस्तेमाल होने वाले हथियारों के संबंध में लागू किया गया है। इसी क्रम में विस्फोटक अधिनियम कानून भी लागू है जो विस्फोटक चीजों के इस्तेमाल से संबंधित मामलों से ताल्लुक रखता है। आज दुनिया में आतंकवाद एक ऐसी बर्बर मानवता विरोधी और सहिष्णुता विरोधी कवायद बन गया है जिससे डर, दहशत और खौफ पैदा होना आम बात है। भारत में नक्सलवाद भी आतंकवाद जैसा रहा, लेकिन अब नक्सलवाद की जड़ें तकरीबन सूख गई हैं जिससे आतंरिक आतंकवादी कवायदों पर लगाम लगी है। पूर्वोत्तर भारत में तमाम राजनीतिक, जातीय व सामाजिक संगठनों के जरिए भी हिंसक गतिविधियां लगातार चलती आई हैं। ये आतंकवादी गतिविधियां जैसी ही हैं। भारत में आतंकवाद का सबसे खतरनाक खेल पाकिस्तान पोषित आतंकवाद की वजह से है। एक पड़ोसी देश द्वारा आतंक, हिंसा और खौफ पैदा करना अंतरराष्ट्रीय कानून के मुताबिक भी अपराध है। यह अपराध पाकिस्तान बार-बार कभी लुके-छिपे तो कभी खुलेआम करता रहता है। लेकिन अब भारत की विदेश नीति बदल चुकी है-'पहले छेड़ेंगे नहीं, छेड़ा तो छोड़ेंगे नहीं, के तहत पड़ोसी मुल्क को उसकी करतूतों की सजा देने के लिए पिछले दिनों सिन्दूर ऑपरेशन कर पाकिस्तान स्थित 9 आतंकवादी प्रशिक्षण शिविरों को नष्ट कर दिया गया। भारत का दृढ़संकल्प है कि आतंकवाद को जड़ से खत्म कर दिया जाएगा। दुनिया में आतंकवाद जिस तेजी से बढ़ा है, ऐसे में भारत के सामने आतंकवाद खत्म करने की बहुत बड़ी चुनौती है। इस चुनौती को दुनिया के उन सभी देशों को स्वीकार करने की जरूरत है जो आतंकवाद के खतरे से कई तरह से पीड़ित हैं। देखना यह होगा कि भारत के सामने आतंकवाद की आई चुनौती में दुनिया के कौन-कौन से देश खुलकर साथ देते हैं।

(लेखक पत्रकार, चिंतक और समाजसेवी हैं, ये उनके अपने विचार हैं। लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

सामरिक चुनौती
डॉ. एल.एस. यादव




# रक्षा बजट को बढ़ाना होगा

ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत की रक्षा तैयारियां बढ़ाने की आवश्यकता महसूस की जाने लगी है। भारत का रक्षा तंत्र भी इसको समझ चुका है, इसीलिए रक्षा मंत्रालय ने सरकार को 50000 करोड़ रुपये का रक्षा फंड बढ़ाने का प्रस्ताव दिया है। उम्मीद की जा रही है कि भारत की केन्द्र सरकार रक्षा बजट में बढ़ोत्तरी कर सकती है क्योंकि यह समय की जरूरत भी है। यदि यह प्रस्ताव मान लिया जाता है तो भारत का कुल रक्षा बजट सात लाख करोड़ रुपये से ज्यादा हो जाएगा। उल्लेखनीय है कि एक फरवरी 2025 को पेश किए गए बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रक्षा क्षेत्र के लिए 6.81 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए थे। नई बढ़ोत्तरी होने से यह धनराशि 7.31 लाख करोड़ रुपये हो जाएगी। निश्चित है कि इस राशि को खर्च करके रक्षा तैयारियों को मजबूती प्रदान की जा सकेगी। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए आवंटित 6.81 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 2024-25 में सशस्त्र बलों के लिए 6.22 लाख करोड़ रुपये दिए गए थे। इस हिसाब से रक्षा बजट में इस साल के लिए 9.5 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी की गई थी क्योंकि भारत के दो रक्षा मोर्चों पर चुनौतियां ज्यादा बढ़ गई थीं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह अनुभव हुआ कि रक्षा चुनौतियां और ज्यादा बढ़ गई हैं जिनसे निपटने के लिए अब और अधिक रक्षा संसाधनों की जरुरत है। इसीलिए रक्षा बजट में 50000 करोड़ रुपये की बढ़ोत्तरी किया जाना अत्यंत आवश्यक हो गया है। यदि इसे मान लिया जाता है तो इससे अत्याधुनिक हथियारों की खरीद व नवीनतम हथियारों का उत्पादन देश में भी बढ़ाया जा सकेगा। ऐसा होने पर भारत दोनों मोर्चों पर सुरक्षा चुनौतियों से निपटने में सक्षम हो सकेगा। पहलगाम की बैसरन घाटी में हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकियों और उनके सरगनाओं पर कड़ा प्रहार करके पाक अधिकृत कश्मीर के तकरीबन नौ आतंकवादी ठिकाने ध्वस्त कर दिए। इसके बाद बौखलाए पाकिस्तान ने भारत पर जवाबी हमले प्रारम्भ कर दिए तो भारत ने इनका भी मुहंतोड़ जवाब देते हुए उनके कई सामरिक अड्डे ध्वस्त कर दिए। इस तरह भारत की सैन्य ताकत को संसार के सभी देशों ने देखा और जाना कि भारत से टकराव का अंजाम क्या होगा। यह बात सभी को मालूम है कि भारत की सामरिक बढ़त उसकी मजबूत सामरिक तैयारी के कारण प्राप्त हुई। विदित हो कि बीते कुछ वर्षों में भारत ने अपनी रक्षा तैयारियों को मजबूती प्रदान करने के लिए स्वदेशी रक्षा उत्पादन एवं आवश्यक आधुनिकतम रक्षा हथियारों की खरीद करके अपने सैन्य ढांचे को मजबूती प्रदान की है। भारतीय सेनाओं ने पाकिस्तान से निपटने के लिए ऑपरेशन सिंदूर के दौरान रूस के एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम, बराक-8 मिसाइल सिस्टम, स्वदेश निर्मित आकाशतीर मिसाइल सिस्टम को तैनात कर रखा था। इसके अलावा पिचैरा और लो लेवल एयर डिफेंस गन की तैनाती ने बेहतरीन ढंग से मदद की। इस तरह भारत के मल्टी लेयर्ड एयर डिफेंस सिस्टम ने पाकिस्तान के ड्रोन व मिसाइल सहित सभी तरह के आक्रमणों को बेअसर कर दिया। चीन ने पाकिस्तान को जो घातक हथियार दिए थे, पाकिस्तान ने उनका भारत के विरुद्ध प्रयोग किया लेकिन वे भी पाकिस्तान के काम नहीं आए। गौरतलब है कि चीन ने पाकिस्तान को जे-10 सी लड़ाकू विमान व उसमें लगी पीएल-15 किस्म की दी थीं। इनके अलावा परमाणु बम दागने वाली एसएच-15 तोप व घातक किलर ड्रोन भी दिए थे। इन सबका पाकिस्तान ने जमकर प्रयोग करते हुए भारत की जमीन को चीनी हथियारों का परीक्षण केन्द्र बनाया लेकिन सब असफल रहा। इसलिए अब संभावना यही बन रही है कि भविष्य में जब कभी भारत का चीन या पाकिस्तान से टकराव होगा तो ये दोनों देश एक साथ मिलकर भारत के सामने होंगे क्योंकि चीन ने पाकिस्तान को नई सैन्य मदद देने की योजना पर काम करना शुरू कर दिया है। पाकिस्तान की चीन से अत्याधुनिक एवं पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान जे-35 खरीदने की योजना है। चीन पाकिस्तान की नौसेना को मजबूत करने के लिए अत्याधुनिक तकनीक वाली हंगोर श्रेणी की पनडुब्बी और हाइपरसोनिक मिसाइलें भी देना चाह रहा है। निश्चित रूप से इस सहयोग का मकसद भारत के मुकाबले पाकिस्तान की ताकत को मजबूत करना है। ऐसे में भारत का रक्षा बजट बढ़ाया जाना समय की जरूरत है। इसके तहत रक्षा तैयारियों को नई गति देते हुए सरकार ने ब्रह्मोस, आकाश सहित अन्य स्वदेशी मिसाइलों व दूसरी प्रमुख उन्नत किस्म की स्वदेशी हथियार प्रणालियों में तेजी लाने को लिए संबंधित रक्षा कंपनियों को निर्देश दे दिए हैं। ऑपरेशन सिंदूर से यह स्पष्ट हो गया है कि आधुनिक युद्धों में इन्हीं हथियारों की प्रमुख भूमिका होगी। ऐसे में बढ़ाया जाने वाला रक्षा बजट इन्हीं क्षेत्रों में खर्च होने की संभावना होगी।

(लेखक सैन्य विज्ञान विषय के प्राध्यापक रहे हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## चेतना का मूल आधार है अस्तित्व का ज्ञान



संकलित
दर्शन

जब हम दर्शनशास्त्र का अध्ययन करते हैं, तो हमें यह ज्ञान होता है कि संपूर्ण विश्व एक है। आध्यात्मिक, भौतिक, मानसिक तथा प्राण-जगत भिन्न-भिन्न नहीं हैं। समस्त विश्व, यहां से वहां तक, एक है। बात इतनी ही है कि अलग-अलग दृष्टिकोण से देखे जाने के कारण वह विभिन्न प्रतीत होता है। 'मैं शरीर हूं, इस भावना से जब तुम अपनी ओर देखते हो तो यह भूल जाते हो कि मैं मन भी हूं'। और, जब तुम अपने को मनोरूप में देखने लगते हो, तो तुम्हें अपने शरीरत्व की विस्मृति हो जाती है। विद्यमान वस्तु केवल एक है और वह तुम हो। वह तुम्हें जड़ या शरीर के रूप में अथवा मन या आत्मा के रूप में दिख सकती है। जन्म, जीवन, मरण ये सब भ्रम मात्र हैं। न कोई कभी मरता है और ना कोई कभी जन्म लेता है। होता इतना ही है कि मनुष्य एक स्थिति से दूसरी स्थिति में चला जाता है। लोगों को मृत्यु से इतना भय पाते देख मुझे बहुत दुख होता है। वे मानो जीवन को पकड़ कर रखने की सतत चेष्टा करते रहते हैं। वे कहते हैं कि मृत्यु के बाद हमें जीवन दो। हमें मरणोत्तर जीवन दो। यदि कोई आए और उन्हें बताए कि मृत्यु के बाद भी वे विद्यमान रखेंगे, तो वे कितने आनंदित होते हैं? वस्तुतः मनुष्य के अमरत्व में मैं अविश्वास ही किस तरह कर सकता हूं? मैं मृत हूं, यह कल्पना ही मैं किस प्रकार कर सकता हूं? तुम यदि अपने को मृत सोचने की कोशिश करो तो देखोगे कि तुम अपने मृत शरीर को देखने के लिए वर्तमान हो ही। जीवन का अस्तित्व एक ऐसा आश्चर्यमय सत्य है कि तुम एक क्षण भी उसका विस्मरण नहीं कर सकते, क्योंकि अपने अस्तित्व के बिना यह विस्मरण भी बिल्कुल ही असंभव है।

## आइस्क्रीम की एक डिश



संकलित
प्रेरणा

एक बार एक छोटा सा लड़का एक होटल में गया। कुछ ही देर में वहां वेटर आया और उसने पूछा आपको क्या चाहिए सर? छोटे बच्चे ने उल्टा पुछा! वैनिला आइसक्रीम कितने रुपए का है ? उस वेटर वाले ने जवाब दिया 50 रुपए का । यह सुन कर उस छोटे लड़के ने अपने जेब में हाँथ डाल कर कुछ निकाला और हिसाब किया । उसने दूबारा पूछा कि संतरा फ्लेवर आइसक्रीम कितने का है। वेटर ने दूबारा जवाब दिया और कहा 35 रुपए का सर। यह सुनने के बाद उस लड़के ने कहा! मेरे लिए एक संतरा फ्लेवर आइसक्रीम ले आईये। कुछ ही देर में वेटर आइसक्रीम की प्लेट और साथ में बिल लेकर आया और उस बच्चे के टेबल पर रखकर चले गया। उस लड़के ने उस आइसक्रीम को खाने के बाद पैसे दिए और वह चले गया। जब वह वेटर वापस आया तो वह दंग रहे गया यह देखकर कि उस लड़के नें खाए हुए आइसक्रीम प्लेट के बगल में आइस-क्रीम के 35 रुपए के साथ उसके लिए 15 रुपए का टिप छोड़ गया था। उस लड़के पास 50 रुपए होने पर भी उसने उस वेटर के टिप के बारे में पहले सोचा न की अपने आइसक्रीम के बारे में । उसी प्रकार हमें अपने फायदे के बारे में सोचने से पहले दूसरों के बारे में भी सोचना चाहिए । हमारा ध्यान कभी दूसरो के भलाई की और नहीं जाता। हम पहले अपनी भलाई में ही लगे रहते हैं।

## सटाका




## आज की पाती

### मलेरिया भगाने के लिए जनजागरण जरूरी

मलेरिया एक प्राचीन लेकिन अब भी प्रासंगिक बीमारी है, जिसने सदियों से मानव सभ्यता को प्रभावित किया है। यह मुख्य रूप से एनोफिलीज नामक मादा मच्छर के काटने से फैलता है, जो प्लाज्मोडियम परजीवी से संक्रमित होती है। जब यह परजीवी मानव शरीर में प्रवेश करता है तो वह यकृत और रक्त कोशिकाओं में पहुंच कर वहां अपनी संख्या बढ़ाता है और शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को क्षतिग्रस्त करता है। लोगों को मलेरिया के खतरों और उससे बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करने के लिए प्रतिवर्ष 25 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य संगठन की पहल पर विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष मलेरिया दिवस की थीम 'मलेरिया का अंत हमारे साथ : पुनर्निवेश, पुनर्कल्पना, पुनर्जागृति' रखी गई थी, जिसका निहितार्थ यह है कि मलेरिया को समाप्त करने की जिम्मेदारी अब हम सबकी है।

– प्रतीक पटले, भाटापारा

## करंट अफेयर

### लैंटर्नफ्लाई के प्रसार को रोकने में मददगार बने प्रशिक्षित कुत्ते

पत्तों पर रहकर पौधों को नुकसान पहुंचाने वाला चित्तीदार लैंटर्नफ्लाई' वह कीट है जिसे एक दशक पहले पहली बार अमेरिका में देखा गया था। हालांकि, अब यह ईस्ट कोस्ट और मिडवेस्ट में फैल चुका है। शोधकर्ता इसके प्रसार को धीमा करने के लिए एक नया हथियार इस्तेमाल कर रहे हैं। यह हथियार कुछ और नहीं बल्कि कुत्ते हैं। विशेष रूप से प्रशिक्षित कुत्ते इस कीट के अंडों को फूटने से पहले ही सूंघ सकते हैं। एक अंडे से 30 से 50 चित्तीदार लैंटर्नफ्लाई उत्पन्न हो सकती हैं। क्लीवलैंड मेट्रोपार्क्स प्रबंधक कोनी हॉसमैन ने बताया कि अब तक कुत्तों ने 4,000 से अधिक अंडों को ढूंढा है, यानि इनसे पैदा होने वाले 2,00,000 कीटों को खत्म करने में मदद मिली है। हॉसमैन ने बताया कि अप्रैल में कुछ ही घंटों में कुत्तों ने क्लीवलैंड मेट्रोपार्क्स चिड़ियाघर में लगभग 1,100 अंडे के ढेर खोज निकाले। उन्होंने कहा, 'कोई भी मामूली कुत्ता इन अंडों को नहीं ढूंढ सकता है। ऐसे विशेष कुत्तों की सूंघने की क्षमता अद्भुत होती है और उन्हें अपनी सेवा साबित करने के लिए कई परीक्षा पास करनी पड़ती है।' इन कुत्तों को वर्जीनिया टेक विश्वविद्यालय के एक समूह के नेतृत्व में एक शोध परियोजना के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया था।



## ऑफ बीट

### बोरियत खराब मानी जाती है विज्ञान लाभकारी मानता है

हम सभी ने उदासी और उबाऊ स्थितियों का सामना किया है जिसमें रुचियों को लेकर उदासीनता की स्थिति होती है और मानसिक प्रोत्साहन कम हो जाता है।



अंततः जब हमारा ध्यान भटक जाता है तो हम विरक्त से हो जाते हैं। समय धीरे-धीरे बीतता हुआ प्रतीत होता है, और हम बेचैनी भी महसूस करने लगते हैं। चाहे वह कोई ऐसी फिल्म देखना हो जो निराश करती हो, कोई बच्चा शिकायत करता हो कि "करने के लिए कुछ नहीं है", या कोई वयस्क बैठक के दौरान ध्यान न दे रहा हो। कुल मिलाकर बोरियत एक सार्वभौमिक अनुभव है। सामान्यतः उबाऊपन या बोरियत को किसी वर्तमान गतिविधि में ध्यान या रुचि बनाए रखने में कठिनाई के रूप में परिभाषित किया जाता है और इसे आमतौर पर एक नकारात्मक स्थिति के रूप में देखा जाता है, जिसे हमें अनुभव करने से बचने या रोकने का प्रयास करना चाहिए। लेकिन क्या होगा अगर बोरियत को सकारात्मक स्थिति के रूप में देखने का कोई और तरीका हो? क्या बोरियत को अपनाना सीखना फायदेमंद हो सकता है? मस्तिष्क का तंत्र परस्पर जुड़े क्षेत्रों की एक प्रणाली है जो विभिन्न कार्यों का समर्थन करने के लिए एक साथ काम करते हैं। हम इसकी तुलना एक ऐसे शहर से कर सकते हैं जहां उपनगर (मस्तिष्क क्षेत्र) सड़कों (तंत्रिका मार्ग) से जुड़े हुए हैं।

## ट्रेंड

### वैज्ञानिक समुदाय को क्षति



पद्म विभूषण डॉ. एम.आर. श्रीनिवासन का निधन भारत के वैज्ञानिक समुदाय के लिए एक बड़ी क्षति है। परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम के पीछे एक दूरदर्शी व्यक्ति, उनके नेतृत्व ने हमारे परमाणु भविष्य को आकार दिया।

-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

### बलूचिस्तान सबसे उपेक्षित



पाकिस्तान का सबसे बड़ा और सबसे अधिक संसाधन संपन्न प्रांत होने के बावजूद, बलूचिस्तान इसका सबसे उपेक्षित और अविकसित क्षेत्र बना हुआ है। एक विरोधाभास जो दशकों के व्यवस्थित आर्थिक और राजनीतिक शोषण को दर्शाता है।

-हिमंत विश्व शर्मा, सीएम, असम

### स्कूली शिक्षा पर ध्यान दें



सरकारी स्कूलों के हालात यूपी व बिहार में यह अति-दयनीय होने से बहुजन गरीब परिवारों का बहुप्रतीक्षित विकास बाधित व इनके बच्चों का भविष्य अंधकारमय। ऐसे में स्कूली शिक्षा पर ध्यान देकर इन्हें बंद करने के बजाय प्रोत्साहन जरूरी।

-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र


### नशा-विरोधी मुहिम



टीएसी की बैठक में पहला एजेंडा आदिवासी बहुल गांवों में शराब की दुकानें एवं बार खोलने का लाइसेंस देने का है। अपने सार्वजनिक जीवन की शुरुआत, मैंने नशा-विरोधी मुहिम से की थी और झारखंड की युवा पीढ़ी को नशे के दलदल में धकेलने की इस कोशिश का पुरजोर विरोध होगा।

-चंपई सोरेन, पूर्व सीएम, झारखंड

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



मुख्यमंत्री ने मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ देवी अहिल्या की जीवन गाथा पर आधारित नाटक देखा

# नारी सशक्तिकरण, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और सुशासन की मिसाल हैं देवी अहिल्या: डॉ. यादव




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल/इंदौर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि देवी अहिल्या सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, नारी सशक्तिकरण और सुशासन की एक मिसाल है। उनके द्वारा कुशल प्रशासक के रूप में कराए गए जन कल्याण के कार्य आज भी हमें समाज के हर वर्ग के कल्याण की प्रेरणा देते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव इंदौर के लता मंगेशकर ऑडिटोरियम हाल में विश्व मांगल्य सभा द्वारा पुण्यश्लोका देवी अहिल्याबाई होल्कर की जन्म त्रिशताब्दी अवसर पर 'राष्ट्र समर्था देवी अहिल्या की पुण्य गाथा' नाटक के मंचन अवसर पर उपस्थित जन समुदाय को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ इस नाटक को देखा।

## पीएम मोदी भी होंगे इस कार्यक्रम में शामिल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देवी अहिल्या की 300वीं जन्म जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सम्पूर्ण देश में अहिल्या उत्सव मनाए जाने का मार्ग प्रशस्त किया है और वे स्वयं भी इस कार्यक्रम में शामिल होने भोपाल आने वाले हैं। देवी अहिल्या बाई की 300वीं जन्मजयंती के अवसर पर इंदौर के राजवाड़ा में प्रदेश की कैबिनेट बैठक का आयोजन किया गया है। कैबिनेट की इस बैठक में देवी अहिल्या बाई की दूरदृष्टि से प्रेरित होकर प्रदेश के विकास के लिए अच्छे निर्णय लिए जाएंगे।



## की विश्व मांगल्य सभा की सराहना



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने देवी अहिल्या बाई के जीवन के विविध पहलुओं को एक नाटक के माध्यम से प्रस्तुत करने के लिए विश्व मांगल्य सभा की सराहना करते हुए कहा कि यह नाटक जन सामान्य को देवी अहिल्या बाई के कार्यों और सुशासन से परिचित कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उनके द्वारा महेश्वर में इस नाटक का कुछ भाग ही देखा गया था। लेकिन आज इंदौर में पूरा नाटक कैबिनेट के सभी सदस्यों के साथ देखने का अवसर मिला है।





## पगड़ी पहनाकर किया स्वागत

कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्यमंत्री डॉ. यादव सहित कैबिनेट के मंत्रिगणों का मालवी पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री द्वय राजेन्द्र शुक्ल और जगदीश देवड़ा, मंत्री प्रहलाद पटेल, कैलाश विजयवर्गीय, राकेश सिंह, तुलसीराम सिलावट, मुख्य सचिव अनुराग जैन, संभागायुक्त दीपक सिंह, सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक मालिनी गौड़, मधु वर्मा, गोलू शुक्ला, सुमित मिश्रा एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।



## चिंतन शिविर में रहा संगठन मजबूत करने पर जोर




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अपना दल (एस) मध्य प्रदेश का चिंतन शिविर बीते रविवार आयोजित हुआ। इस महत्वपूर्ण आयोजन में संगठन की मजबूती, आगामी गतिविधियों और सदस्यता अभियान को गति प्रदान करने हेतु रणनीतिक चर्चाएं हुईं। शिविर में प्रदेश प्रभारी व राष्ट्रीय महासचिव आर. बी. सिंह पटेल और राष्ट्रीय महासचिव युवा मंच डॉ. अखिलेश पटेल मुख्य रूप से शामिल रहे। चिंतन शिविर में मध्य प्रदेश में संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त करने, सदस्यता अभियान को गति देने और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया गया। यह शिविर न केवल रणनीति निर्माण का मंच रहा, बल्कि कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा और दिशा-निर्देश प्राप्त करने का अवसर भी साबित हुआ।

इस मौके पर प्रदेश प्रभारी व राष्ट्रीय महासचिव, आर. बी. सिंह पटेल ने कहा, मध्य प्रदेश में अपना दल (एस) की जड़ें मजबूत करना हमारी प्राथमिकता है। यह चिंतन शिविर न केवल संगठन को नई दिशा देगा, बल्कि कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार भी करेगा। हम यहां बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। राष्ट्रीय महासचिव युवा मंच डॉ. अखिलेश पटेल ने युवाओं की भूमिका पर बल देते हुए कहा, युवा मंच गांव-गांव घर-घर तक पार्टी की नीतियों को पहुंचाने और सामाजिक बदलाव के लिए संकल्पबद्ध है, साथ ही पार्टी के मुद्दों को प्राथमिकता से गति देने के लिए संकल्पित हैं।

नई तकनीकों के उपयोग को लेकर हुई विशेष चर्चा

## लोनिवि मंत्री, भास्कराचार्य संस्थान प्रमुख के बीच उच्च स्तरीय बैठक हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह एवं भास्कराचार्य राष्ट्रीय अंतरिक्ष अनुप्रयोग संस्थान के महा निदेशक टीपी सिंह के बीच सोमवार को मंत्री निवास कार्यालय पर नई तकनीकों के उपयोग को लेकर एक उच्च स्तरीय बैठक हुई। बैठक में मप्र सड़क विकास निगम के एमडी भरत यादव, भवन विकास निगम के एमडी सिबी चक्रवर्ती, लोनिवि प्रमुख अभियंता केपीएस राणा एवं एसआर बघेल उपस्थित थे। बैठक में प्रधानमंत्री गति शक्ति प्लेटफार्म के तहत विकसित किए जा रहे विशेष जीआईएस पोर्टल और सर्वेक्षण मोबाइल ऐप की जानकारी दी गई। बैठक में रोड ऐसेट मैनेजमेंट सिस्टम, ग्रीनफील्ड सड़कों की योजना, राज्य का रोड नेटवर्क मास्टर प्लान, रोड सेक्टर पॉलिसी और इंजीनियरों के प्रशिक्षण जैसे अहम बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। सिंह ने प्रदेश के इंजीनियरों को जीआईएस पोर्टल पर प्रशिक्षण देने की सहमति दी और आईटी संबंधी तकनीकी जरूरतों में सहयोग का आश्वासन भी दिया।

### सॉफ्टवेयर निर्मित किया जाना चाहिए

लोक निर्माण विभाग के लोकपथ मोबाइल ऐप एवं लोक कल्याण सरोवर योजना की प्रशंसा करते हुए टीपी सिंह ने सुझाव दिया कि विभाग के सभी नवाचारों के समयबद्ध क्रियान्वयन के लिये एक विस्तृत सॉफ्टवेयर सिस्टम निर्मित किया जाना चाहिए। लोक कल्याण सरोवर के निर्माण के लिए उपयुक्त स्थल का चयन गति शक्ति पोर्टल के माध्यम से किया जा सकता है। इससे अधिकतम भूजल पुनर्भरण सुनिश्चित किया जा सकेगा। उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक माह 5 और 20 तारीख को किए जाने वाले औचक निरीक्षणों के लिए निर्माण कार्यों के रेंडम चयन व्यवस्था को जीआईएस पोर्टल के सहयोग से और भी बेहतर बनाया जा सकता है।

## किसानों ने कृषि मंत्री कंसाना को ज्ञापन सौंप कर बीज निगम के अधिकारी की शिकायत की

**भोपाल।** हरदा जिले सैकड़ों की संख्या में किसान कृषि मंत्री ऐदल सिंह कंसाना के बंगले पहुंचे। जहां एक ज्ञापन सौंपते हुए बीज निगम हरदा द्वारा कम उर्पाजन देने की बात कही। किसानों का कहना था कि ग्रीष्म वर्ष 2023-2024 में मूंग बीज का उर्पाजन बीज निगम केन्द्र हरदा पर किया गया है। बीज निगम द्वारा केवल 7500/- प्रति क्विंटल पर उर्पाजन घोषित किया गया है, जबकि अन्य सहकारी संस्था राष्ट्रीय बीज निगम द्वारा कृषकों को राशि 9800/- क्विंटल का उर्पाजन दर घोषित किया गया है। `। उपरोक्त समस्याओं के संबंध में बीज निगम से कृषि विभाग के समस्त अधिकारियों से चर्चा हो चुकी है, लेकिन अभी तक तक कोई ठोस कार्यवाही नही हो सकी है।

## कांग्रेस विधायक अभय मिश्रा ने स्थानांतरण नीति पर उठाए सवाल

**भोपाल।** सेमरिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक अभय मिश्रा ने मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार पर स्थानांतरण नीति में पक्षपात, भेदभाव और तानाशाही रवैया अपनाने का गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सरकार न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों का हनन कर रही है, बल्कि संवैधानिक प्रावधानों और जनप्रतिनिधियों की गरिमा को भी ठेस पहुंचा रही है। साथ ही कहा कि रीवा में हाल ही में आयोजित स्थानांतरण नीति की बैठक की जानकारी उन्हें जानबूझकर नहीं दी गई, जबकि अन्य विधायकों और सांसदों को इसमें शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया। उन्होंने इसे एक सुनियोजित साजिश करार देते हुए कहा, यह उपेक्षा केवल मेरी नहीं, बल्कि सेमरिया की जनता का अपमान है। विधायक जनता का प्रतिनिधि होता है, न कि किसी राजनीतिक दल का गुलाम। इस प्रकार की तानाशाही रवैया लोकतंत्र के लिए खतरा है वहीं मिश्रा ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार की स्थानांतरण नीति पूरी तरह से जाति, वोट बैंक और आर्थिक लेन-देन पर आधारित है।

▶ पक्षपात, भेदभाव और तानाशाही रवैया का लगाया आरोप

सुप्रीम कोर्ट का फैसला संविधान और कानून सर्वोपरि

## राष्ट्र सेवा में लगीं बेटियों का अपमान बर्दाश्त नहीं, इसे विस तक ले जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मंत्री विजय शाह को लेकर सुप्रीम कोर्ट द्वारा की गई सख्त टिप्पणी को लेकर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने फैसले को संविधान और कानून सर्वोपरि बताया। वहीं इस मुद्दे पर भाजपा सरकार से शाह के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि कर्नल सोफिया कुरैशी इस देश की बेटी हैं, भारतीय सेना का गौरव हैं। ऐसे में, मध्य प्रदेश सरकार के एक मंत्री द्वारा उनके चरित्र और धर्म पर आधारित अपमानजनक टिप्पणी न केवल उनकी व्यक्तिगत गरिमा पर हमला है, बल्कि यह भारतीय सेना, देश की एकता, और संवैधानिक मूल्यों का अपमान है। भाजपा को समझना होगा कि यह देश तानाशाही तरीकों को कभी स्वीकार नहीं करेगा। यह केवल कर्नल सोफिया कुरैशी का मामला नहीं है, बल्कि यह हमारे देश के सम्मान और एकता का सवाल है।भाजपा इस मामले पर सार्वजनिक रूप से माफी मांगे और स्पष्ट करे कि क्या विजय शाह का बयान उनकी पार्टी की सोच को दशार्ता है।पटवारी ने आगे कहा, हम इस मुद्दे को विधानसभा तक ले जाएंगे। हम जनता के बीच जाएंगे और इस मामले को हर गांव, हर शहर तक पहुंचाएंगे। भाजपा को जवाब देना होगा कि वह सेना का सम्मान करती है या अपने नेताओं के अहंकार को।

### सुप्रीम कोर्ट ने शाह के बयान को अयोग्य माना, मगर भाजपा अब भी इसे योग्य मानती है



मंत्री विजय शाह को सुप्रीम कोर्ट ने विवादित बयान देने के मामले में फटकार लगाई है। इस मामले पर मप्र विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने भी सरकार को घेरते हुए कहा कि मैं सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का स्वागत करता हूं। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने भी शाह के बयान को 'अयोग्य' मानकर अपना फैसला सुनाया, मगर भाजपा अब भी इसे 'योग्य' मानती है और तभी अब तक मौन है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि पूरा देश इस बयान की निंदा कर रहा है मगर भाजपा फिर भी कोई कार्रवाई नहीं कर रही। उन्होने कहा कि कोर्ट जाग गया, लेकिन सरकार नहीं जागी। दिल्ली और मप्र की सरकार को लगता है कि ये कृत्य योग्य है। अगर भाजपा सुप्रीम कोर्ट के फैसले को मानती है तो तुरंत इस्तीफा होना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि मंत्री पद से विजय शाह जब तक इस्तीफा नहीं देते, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

एंबुलेंस के उड़े परखच्चे, दो डॉक्टर सहित 6 गंभीर

## एंबुलेंस और ट्रक की टक्कर, चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंगेली

छत्तीसगढ़ में फिर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है। मुंगेली के शीतलकुंडा गांव के पास मंगलवार को एंबुलेंस और ट्रक की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एंबुलेंस के परखच्चे उड़ गए। हादसे में एंबुलेंस चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो डॉक्टरों समेत छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। अब तक मिली जानकारी के अनुसार, एंबुलेंस उत्तरप्रदेश के प्रतापगढ़ से एक मरीज को लेकर रायपुर जा रही थी। इसी समय ट्रक रायगढ़ से छड़ लेकर भोपाल की ओर जा रहा था।

इसी दौरान शीतलकुंडा गांव के पास दोनों वाहनों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में एंबुलेंस चालक जब्बार खान जो उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ निवासी हैं, की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं, एंबुलेंस में सवार दो डॉक्टर, मरीज और उसके परिजनों समेत छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल मुंगेली में भर्ती कराया गया है। थाना प्रभारी गिरिजा शंकर यादव ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और पुलिस अब ट्रक चालक की पहचान कर रही है, इसके साथ ही हादसे के कारण की जांच में जुटी हुई है।



रामनगर मुख्य मार्ग की घटना, पत्नी ने थाने में कराया केस दर्ज

## चलती गाड़ी से पति ने पत्नी और मासूम बच्चे को गिराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

पति ने पत्नी और मासूम बच्चे को चलती गाड़ी से जानबूझकर गिरा दिया जिसमें दोनों घायल हो गए। यह घटना रामनगर मुख्य मार्ग पर हुई। पीड़िता अनुराधा बघेल ने आरोप लगाया है कि उसके पति कुलदीप बघेल का दूसरी युवती के साथ अवैध संबंध है।



बताया जा रहा है कि अनुराधा और कुलदीप दोनों बिलासपुर के रहने वाले है पढ़ाई के दौरान दोनों की दोस्ती हुई फिर दोस्ती प्यार में बदली और बाद शादी तक जा पहुंची। पांच साल पहले लव मैरिज किया। कुलदीप शादी के बाद अपनी पत्नी को बिलासपुर में ही छोड़ दिया और कोरबा में एक निजी बैंक में लोन दिलाने का काम करता है। जहां गांव बीच-बीच में आना जाना करता है रामनगर में किराए के मकान पर कुलदीप रहता है। दोनों की शादी के बाद दो लड़की है। अनुराधा का आरोप है कि कुलदीप, सास और ससुर उसे दो बेटियों के जन्म के बाद से प्रताड़ित करते हैं। सास और ससुर ने उसे घर से निकाल दिया था, जिसके बाद कुलदीप उसे कोरबा ले आया था। शादी के बाद वह पहली बार कोरबा आई थी जहां मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत रामनगर मुख्य मार्ग पर तेज रफ्तार बाइक चलाते हुए उससे लड़ने लगा कि अब तुझे मैं नहीं रखूंगा तू जान और तेरा काम जाने। यह कहते हुए गाड़ी को ब्रेक मारा जहां पत्नी और मासूम बच्ची नीचे गिर गई। दोनों को चोंटे आई हैं मासूम के चेहरे और हाथ पर चोट लगे हैं वहीं अनुराधा के हाथ और सिर पर चोंटे आई हैं।

पीएचई के सब इंजीनियर को सीएम ने लगाई फटकार

## काम करो वरना सस्पेंशन के लिए तैयार रहो: सीएम साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गौरेला-पेंड्रा-मरवाही

छत्तीसगढ़ सरकार के सुशासन तिहार का तीसरा चरण जारी है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सोमवार को हेलीकॉप्टर से जीपीएम (गौरेला-पेंड्रा-मरवाही) जिले के चुकतीपानी गांव पहुंचे। यहां सीएम साय ने चौपाल लगाकर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया और सरकारी योजनाओं का फीडबैक लिया।

सीएम साय ने चौपाल लगाकर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया और सरकारी योजनाओं का का फीडबैक लिया



ग्रामीणों ने गांव में पेयजल व्यवस्था की समस्या की शिकायत सीएम साय से की। इस पर मुख्यमंत्री ने चौपाल के बीच जल जीवन मिशन के काम में लापरवाही से नाराज होकर पीएचई के सब इंजीनियर को जमकर फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि काम करो या फिर सस्पेंड होने के लिए तैयार रहो। सीएम साय के चुकतीपानी गांव में आगमन पर ग्रामीणों ने उनका पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

आदिवासी बाहुल्य गांव, चुकतीपानी में सीएम साय ने चौपाल लगाई और ग्रामीणों से सरकार के विभिन्न योजनाओं का फीडबैक लिया। सीएम ने बताया कि पेयजल समस्या के निराकरण के लिए निर्देशित किए हैं, इसके अलावा अन्य परेशानियों को देखते हुए दो महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई है।

समाधान शिविर में बोले मुख्यमंत्री साय, डिप्टी सीएम रहे मौजूद

## डबल इंजन की सरकार बनने के बाद विकास में आई तेजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय दुर्ग जिले के ग्राम पंचायत मुरमुंदा पहुंचे। इस मौके पर उनके साथ उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, पूर्व मंत्री प्रेम प्रकाश पांडे सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। भीषण गर्मी के बावजूद सैकड़ों की संख्या में क्षेत्र की महिलाएं और पुरुष समाधान शिविर में उपस्थित हुए। मुख्यमंत्री ने मंच से जनता को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार बनने के बाद से विकास



कार्यों में तेजी आई है। उन्होंने बताया कि गरीबों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभ दिया जा रहा है और सरकार की प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि हर जरूरतमंद तक इस योजना का लाभ पहुंचे। वही मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे प्रदेश में सुशासन तिहार चलाया जा रहा है। जो अब तीसरे चरण में पहुंच चुका है। इसका मुख्य उद्देश्य जनता की समस्याओं का मौके पर ही समाधान करना और सरकार के कामकाज का फीडबैक सीधे लोगों से लेना है। और सरकार की नीतियां और योजनाएं धरातल पर लागू हो रही हैं और आम जनता संतुष्ट है। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट कार्ड जनता के बीच रखा जा रहा है ताकि पारदर्शिता बनी रहे। वहीं मुख्यमंत्री ने एसीबी और ईओडब्ल्यू रेड कार्रवाई पर मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि जांच एजेंसियां स्वतंत्र रूप से अपना कार्य कर रही हैं और जिनके खिलाफ शिकायतें हैं। उनके खिलाफ जांच जारी है। दोषी पाए जाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### जय हिन्द सभा को लेकर कांग्रेस की बैठक आज

**जबलपुर।** शहर (जिला) कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा ने बताया की आगामी 31 मई को आयोजित होने वाले "जय हिंद सभा" कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन आज 21 मई को शाम 4 बजे से होटल अरिहंत पैलेस, रसल चौक आयोजित की गई है। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा तय की जाएगी। सभी कांग्रेसजनों से उपस्थिति की अपील की गई है।

### राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि सभा आज

जबलपुर। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर आज 21 मई को राजीवगांधी चौक नौदराब्रिज में सुबह 9.30 बजे से पुष्पाजंलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। शहर (जिला) कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा ने सभी कांग्रेस जनों से उपस्थिति की अपील की है।

### श्रवण बाधितार्थ विद्यालय में प्रवेश की प्रक्रिया जारी

**जबलपुर।** भेडाघाट रोड बायपास चौक स्थित शासकीय श्रवण बधितार्थ (मूक बधिर) उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, जबलपुर में नवीन शिक्षण सत्र में मूक बधिर बालक-बालिकाओं के प्रवेश की प्रक्रिया जारी है। प्रवेश के इच्छुक छात्र-छात्रायें सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक कार्यालय में आकर आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं। शासकीय श्रवण बाधितार्थ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के अधीक्षक के अनुसार राज्य शासन के सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा प्री-प्राइमरी से कक्षा बारहवीं तक संचालित इस विद्यालय में जबलपुर संभाग के सभी जिलों के मूक बधिर छात्र-छात्राओं को निःशुल्क प्रवेश दिया जायेगा। विद्यालय में मूक बधिर छात्र-छात्राओं को शिक्षा भी निःशुल्क दी जायेगी तथा उन्हें छात्रवृत्ति की पात्रता भी होगी। इसके साथ ही प्री-प्राइमरी से कक्षा आठवीं तक के छात्रों को छात्रावासीय सुविधायें भी उपलब्ध कराई जायेगी।

# देश की रक्षा के लिए महिलाएं कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है : सुमित्रा वाल्मिकी

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर मातृ शक्ति ने निकाली सिंदूर यात्रा

हरिभूमि, जबलपुर।




देश की सुरक्षा में पुरुषो के साथ कंधे से कंधा मिलाकर महिलाए खड़ी है, और हमारी मातृ शक्ति के होते हुए न तो आतंकवादी और न ही देश के दुश्मन हमारा कुछ बिगाड़ सकते है यह हमने कुछ दिनों पूर्व आतंकवाद के खिलाफ हुए ऑपरेशन सिंदूर में देखा और और ऑपरेशन सिंदूर की सफलता में महिला सैनिकों के योगदान को लेकर ही आज मातृ शक्ति द्वारा सिंदूर यात्रा निकाली गई है, यह बात राज्यसभा सांसद सुमित्रा वाल्मिकी ने मातृ शक्ति के द्वारा निकाली गई सिंदूर यात्रा के दौरान कही। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर जबलपुर महानगर में मातृ शक्ति द्वारा पूज्य संत ज्ञानेश्वरी दीदी के सानिध्य और राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा वाल्मिकी के नेतृत्व में शहीद भगत सिंह चौक (कटंगा चौक) से तिरंगा यात्रा निकाली गई जो गोरखपुर बाजार होते हुए आद्य शंकराचार्य चौक (छोटी लाइन फाटक) पहुंची जहां सभी महिलाओ ने हाथो मे तिरंगा ध्वज लिए भारतमाता की जय, वंदे मातरम्, आतंकवाद मुर्दाबाद के नारों के साथ मातृ शक्ति ने प्रचंड उद्घोष किया।सिंदूर यात्रा में भारतमाता, अखंड भारत, कर्नल सोफिया कुरेशी, विंग कमांडर व्योमिका सिंह के वृहत चित्रों के साथ जानकी बैंड की बहिनों ने देश भक्ति के चलित गीतों की प्रस्तुति दी।राज्यसभा सांसद वाल्मिकी ने इस अवसर पर कहा हमारी देश की सेना ने पाकिस्तान प्रेरित आतंकवाद को पस्त किया है। पहलगाम आतंकी हमले में हमारी बहनों का सिंदूर उजाड़ने वाले आतंकियों को भारत ने अपनी भाषा में जवाब दिया है। हमारी सेनाओं ने इसके पूर्व भी उरी, पुलवामा और अब पहलगांव में हुई आतंकवादी घटनाओं का घर में घुसकर जवाब दिया है और हमारे देश के नेतृत्व ने दुनिया को बता दिया है कि भारत अब आतंकवाद को बर्दशात नही करेगा और जो भी आतंकवाद को बढ़ावा देगा वह हमारा दुश्मन होगा और इसका परिणाम उन्हे भी भुगतना होगा।सिंदूर यात्रा में भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, विधायक अशोक रोहाणी, अभिलाष पांडे, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, लेखराज सिंह मुन्ना, नगर निगम अध्यक्ष रिंकुंज बिज, पूर्व महापौर स्वाति गोडबोले, राममूर्ति मिश्रा, पंकज दुबे, महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री अश्विनी परांजपे महिला मोर्चा अध्यक्ष रूपा राव, रजनीश यादव, अभय सिंह ठाकुर, अंजू भार्गव, मधुबाला राजपुत, जय सचदेवा, माया इंदु तिवारी, तनुश्री सिंह, वाणी अहलूवालिया, सीमा सिंह, पूजा रजक, रजनी यादव, सुमन यादव, माधुरी सोनकर, अंशुल लालू यादव, मालती चौधरी, लक्ष्मी जय चक्रवर्ती, प्रिया संजय तिवारी, रजनी साहू, निशा राठौर, सुमन यादव, अर्चना अग्रवाल, प्रियंका श्रीवास्तव, के साथ बड़ी संख्या में मातृ शक्ति उपस्थित थी।



डीपीसी ने दान की इंजीनियरिंग की किताबें

# बुक बैंक का हो रहा नियमित संचालन

**जबलपुर।** पुस्तक मेले में मिली अपार सफलता के बाद एमएलबी स्कूल के केंद्रीय ग्रंथालय में बुक बैंक को नियमित रूप से संचालित करने का निर्णय विद्यार्थियों के लिये अत्यंत उपयोगी साबित हो रहा है। बुक बैंक को जहाँ शहर के नागरिकों द्वारा विद्यार्थियों के लिये उपयोगी पुस्तकें भेंट की जा रही हैं, वहीं छात्र-छात्राएं भी पूर्व की कक्षाओं की किताबें यहाँ जमा कर रहे हैं, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चे इन किताबों का इस्तेमाल कर सकें।

ज्ञात हो कि कलेक्टर दीपक सक्सेना की नवाचारी पहल के तहत शहीद स्मारक परिसर गोल बाजार में लगाये गये पुस्तक मेला में बुक बैंक का अलग से एक स्टॉल लगाया गया था। इसके पीछे सोच यह थी कि विद्यार्थी पूर्व की कक्षाओं की अपनी किताबें यहाँ जमा कर दें और आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के बच्चे जिला रेडक्रॉस सोसायटी को दान स्वरूप नाममात्र की तय राशि देकर इन किताबों को खरीद लें। पुस्तक मेले में बुक बैंक की उपयोगिता साबित होने के बाद इसका एमएलबी स्कूल के केंद्रीय ग्रन्थालय में नियमित संचालन का निर्णय लिया गया। कलेक्टर दीपक सक्सेना के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी के प्रयासों से स्थापित किये गये इस बुक बैंक को स्कूली शिक्षा के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों से सबंधित तथा उच्च एवं तकनीकी शिक्षा से संबंधित उपयोगी किताबें भी नागरिकों से प्राप्त होने लगी हैं। जिला शिक्षा केन्द्र के परियोजना समन्वयक योगेश शर्मा ने भी मंगलवार को इंजीनियरिंग की कई किताबें बुक बैंक को प्रदान की है। श्री शर्मा ने बताया कि बुक बैंक को दी गई पुस्तकों का विद्यार्थी केंद्रीय ग्रंथालय में बैठकर इन किताबों का अध्ययन के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकेंगे।



# कृषि उद्यमिता जागरूकता अभियान के तहत हुआ कार्यक्रम

**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय में कृषि स्टार्टअप कार्यक्रम संचालित हैं। जिसके कारण जवाहर आर-एबीआई द्वारा मंगलायतन विश्वविद्यालय, जबलपुर में कृषि उद्यमिता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 250 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। साथ ही विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के प्रोफेसर की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम में वक्ता डॉ. लवीना शर्मा, बिजनेस मैनेजर, जवाहर आर-एबीआई ने छात्रों को कृषि आधारित स्टार्टअप्स, इन्क्यूबेशन प्रक्रिया, उपलब्ध वित्तीय सहायता एवं मार्गदर्शन सुविधाओं तथा एग्री-स्टार्टअप्स हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 15 जून 2025 की जानकारी से भी अवगत कराया तथा जे-आरएबीआई टीम के सदस्यों सुश्री लक्ष्मी सिंह, दीपांशु पटेल एवं लवकेश पटेल का विशेष योगदान रहा।इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए मंगलायतन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के.आर.एस. सांबशिवा राव द्वारा दी गई अनुमति एवं सहयोग के लिए आभार प्रकट किया गया। दरअसल डॉ. मोनी थॉमस, निदेशक, इंस्टीट्यूट ऑफ एग्री-बिजनेस मैनेजमेंट, जनेकृविवि के निरंतर मार्गदर्शन एवं समर्थन से ऐसे जागरूकता कार्यक्रम संभव हो पा रहे हैं। कार्यक्रम में समन्वय डॉ. प्रियंका मिश्रा दुबे, विभागाध्यक्ष, बागवानी विभाग, डॉ. जाग्रति उपाध्याय एवं डॉ. विजय बघारे, सहायक प्राध्यापक, कृषि विज्ञान विभाग, मंगलायतन विश्वविद्यालय का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# बुजुर्ग की मौत पर मोक्ष ने किया अंतिम संस्कार

## 1 हफ्ते में 4 लावारिसों को मोक्ष देने में किया सहयोग



**जबलपुर।** बाजनामठ शास्त्रीनगर स्थित वृद्ध कुष्ठ आश्रम में रहने वालें एक 73 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। ये पिछले 8 सालों से आश्रम में रह रहे थे। बीमार होने पर उन्हें मेडीकल अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बताया गया है कि वृद्ध का कोई परिजन नही था। इसके बाद मेडीकल ने मोक्ष मानव सेवा एवं जन उत्थान समिति के प्रमुख आशीष ठाकुर को इसकी सूचना दी गई, उन्होंने बेघरबार वृद्ध 73 वर्ष जागेश्वर वर्मा के पुत्र की भूमिका निभाई और चौहानी मुक्तिधा में उनका अंतिम संस्कार किया। बताया गया है कि मृतक पहले रानीताल धोबीघाट के पास रहते थे और खाना बनाने का काम करते थे। पिछले 8 सालों से आश्रम में ही निवास कर रहे थे। अंतिम संस्कार चौहानी शमशान घाट में किया।

### एक सप्ताह में मोक्ष ने किए 4 अंतिम संस्कार

पिछले एक हफ्ते में मोक्ष मानव सेवा एवं जन उत्थान समिति ने लावारिस चार लोगों का भी अंतिम संस्कार किया। इस अवसर पर आकाश कोरी प्रशांत आकाश बाग़री रामलाल नीरज मिश्रा अमन पटेल शैलू पटेल अनुराग शर्मा सत्यनारायण नेमा धर्मेश दिक्छित शुभम शुक्ला संजय साहू तेज प्रताप सरिता कोरी भवाना निगम कर्नल दुबे अंकल एस के श्रीवास्तव आदि ने उन्हें सहयोग प्रदान किया।



# तनिशा कुरील को मिले तीन गोल्ड मेडल

**जबलपुर।** राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा आयोजित 12 वे दीक्षान्त समारोह में श्री राम इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी, जबलपुर की बी फार्मेसी की छात्रा तनिशा कुरील ने चांसलर गोल्ड मेडल, यूनिवर्सिटी गोल्ड मेडल एवं श्रीमती कमला चतुर्वेदी मेमोरियल गोल्ड मेडल सहित कुल तीन गोल्ड मेडल हासिल कर महाविद्यालय के साथ साथ शहर को भी गौरवांवित किया है। श्री राम ग्रुप के चेयरमैन श्री आर करसोलिया ने इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की और संस्था के संचालक डॉ एल के पटेल, डॉ वाय एम दुबे, डॉ नाजनीन दुबे के साथ साथ प्राचार्य डॉ रीतेश यादव ने भी शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए सभी विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना की।

## डॉ. श्रद्धा तिवारी को सेवाश्री अलंकरण



**जबलपुर।** नगर की विभिन्न शैक्षिक, सामाजिक और सांस्कृतिक संस्थाओं के माध्यम से शिक्षा,धर्म,संस्कृति और सुसंस्कारों के विकास हेतु सतत प्रयत्नशील समाजसेवी व शिक्षा सलाहकार डॉ.श्रद्धा तिवारी को उनके शैक्षिक व सामाजिक अवदान हेतु ब्राह्मण संस्कार महासभा की ओर से जगद्गुरु स्वामी राघव देवाचार्य जी महाराज,स्वामी गिरीशानंद सरस्वती जी महाराज और विधायक डॉ.अभिलाष पांडे ,नगर पंडित सभा के अध्यक्ष पं.वासुदेव शास्त्री व महामहोपाध्याय डॉ हरिशंकर दुबे द्वारा सेवाश्री अलंकरण से अलंकृत किया गया। इस अवसर पर संयोजक वीरेंद्र तिवारी, अध्यक्ष मुन्नालाल दुबे,संरक्षक दिलीप दुबे, डॉ.एच. पी.तिवारी, मीरा दुबे व प्रमीता शर्मा आदि उपस्थित थीं।

# सेना में लगन, निष्ठा एवं अनुशासन सर्वोपरि

## अग्निवीर वायु सेमीनार का समापन

जबलपुर।



स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल स्वशासी महाविद्यालय जबलपुर में मंगलवार को "अग्निवीर वायु" सेमीनार का आयोजन किया गया। सेमीनार में मुख्य वक्ता के रुप में पारस अग्रवाल, विंग कमांडर, एयर फोर्स भोपाल उपस्थित रहें। सेमीनार का आयोजन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।पारस अग्रवाल, विंग कमांडर ने विद्यार्थियों को बताया भारतीय वायु सेना के तहत पुरुष उम्मीदवारों के साथ महिला उम्मीदवारों का भी नामांकन किया जाएगा। जिसमें भारतीय वायु सेना में जीवन, चयन प्रक्रिया, कॅरियर की प्रकृति और अन्य विभिन्न पहलुओं के बारे में शिक्षित किया जाएगा। कार्यक्रम में अग्निवीर वायु सेना भर्ती अधिसूचना, पदों की जानकारी, अग्निवीर वायु सेना भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रकिया की विस्तुत जानकारी, आवेदन शुल्क, शारीरिक योग्यता, ऑनलाइन लिखित परीक्षा एवं मेडीकल सत्यापन की जानकारी, चयन प्रक्रिया की जानकारी पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के प्रदान की गई। विद्यार्थी ऑनलाइन माध्यम से इसमें अपना पंजीयन करायें।प्रो. अरुण शुक्ल, संभागीय नोडल अधिकारी, स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना ने बताया कि अग्निवीर वायु योजना भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। जिसका उद्देश्य भारतीय वायु सेना में युवाओं की प्रतिभागिता बढ़ाना है ताकि युवा देशसेवा में अपना महत्वपूर्ण योगदान कर सकें। सेमीनार में एम.एस.मरकाम, रोजगार कार्यालय, वायु सेना से डी.एस.मराठे सार्जट, राजू राजपूत एनसी, महाविद्यालय के डॉ. महेन्द्र कुमार कुशवाहा, डॉ. मीनाक्षी मेरावी, डॉ. नीलिमा, डॉ. सुनीता सिंह के साथ लगभग 72 विद्यार्थी उपस्थित रहें।

# वनाधिकार समितियों की कार्यशाला संपन्न

जबलपुर।

वन अधिकार अधिनियम 2006 की जिला स्तरीय वन अधिकार समितियों का प्रशिक्षण सह कार्यशाला होटल कल्चुरी में आयोजित की गई। जिसमें जबलपुर और सागर संभाग के जिला पंचायत व जनपद सदस्य के साथ अशासकीय सदस्य उपस्थित थे। जिसमें वाय गिरी राव वसुंधरा और डॉ. शरद लेले ने सामुदायिक वन अधिकारों के प्रकार और उनके प्रावधानों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वहीं सामुदायिक वन संसाधन के संरक्षण एवं प्रबंधन के अधिकारों के संबंध में मिलिन्द थत्ते ने वन अधिकार अधिनियम 2006 के क्रियान्वयन के संबंध में बताया। इस प्रशिक्षण के पश्चात फिर जो वन अधिकार समितियां है, वह गांव का चिंतन करेंगे उन गांव में जाकर ग्राम सभाओं की बैठक लेंगे और वहां पर जो इसके प्रस्ताव हैं वन संसाधनों के प्रस्ताव हैं वह तैयार कर आएंगे और उनको मान्यता देने की कार्रवाई की जाएगी। जैसे-जैसे सीएफआर के दावों को मान्यता प्रदान की जाएगी उनके मैनेजमेंट प्लान का कार्य भी उसी के साथ-साथ प्रारंभ होगा, कुल मिलाकर अगले 2 साल में प्रदेश में जो भारत सरकार ने लक्ष्य दिया है 300 ग्रामों में सामुदायिक वन संसाधन के अधिकारों को मान्यता देना और उनके प्रबंधन की कार्य योजना को गतिशील बनाना, इसका कार्य पूरे प्रदेश में एक अभियान के रूप में चलाया जाएगा।



# जनसुनवाई में आये 163 आवेदन

**जबलपुर।** कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड और अन्य अधिकारियों को शहरी और ग्रामीण क्षेत्र से आये लोगों ने अपने विभिन्न समस्याओं को लेकर 163 आवेदन दिये। जिसमें 110 नये आवेदन हैं तथा 53 ऐसे आवेदन है जो पूर्व में भी आ चुके थे। जनसुनवाई में आये ज्यादातर नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, अतिक्रमण, लड़ाई- झगड़ा, छात्रवृत्ति भुगतान, पानी, नाली निर्माण, आर्थिक सहायता, पीएम किसान योजना में नाम जोड़ने, अभिलेख दुरूस्त करने, किसान सम्मान निधि की राशि दिलाने, शिक्षा, समग्र आईडी, चिकित्सा सहायता, पेंशन, संबल राशि दिलाने, आवास योजना का लाभ दिलाने, बीपीएल कार्ड बनवाने आदि से संबंधित आवेदन थे। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री गौड ने संबंधित अधिकारी को निर्देशित कि लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता में लेकर निराकरण करें।

## शासकीय संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में रोजगार मेला आज

**जबलपुर।** शासकीय संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में बुधवार 21 मई को सुबह 10 बजे से एक दिवसीय रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। संस्था के प्राचार्य के मुताबिक रोजगार मेला में नर्मदा जिलेटिन लिमिटेड जबलपुर, अमिल मोटोसोल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड, जुपिटर वैगंस लिमिटेड जबलपुर एवं अन्य कंपनियों द्वारा युवाओं का विभिन्न पदों पर चयन किया जाएगा। मेले में कक्षा 12वीं, आइटीआई, स्नातक उत्तीर्ण पुरुष एवं महिला अभ्यर्थी शामिल हो सकते हैं।

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी
सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर
पत्रांक-स.क्र 11/19-20/ दिनांक 20-05-2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सुखलाल चौधरी पिता स्व. श्री रामदेव बैढा श्रीमति गीतांजली कुमारी पति बाबुलाल चौधरी ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी वीरांगना अवंती बाई वार्ड के भवन क्रमांक प्लाट नं. 12 राधेकृष्ण विहार तिलहरी सम्पत्ति पिन क्रमांक 1003432969 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकबा 1125 वर्गफुट विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री कुमार नरेन्द्र प्रताप पिता श्री चन्द्रेश्वर शर्मा, सरिता शर्मा का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी
सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर
पत्रांक-स.क्र 11/19-20/ दिनांक 20-05-2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति जानकी देवी पति श्री स्व. कमल कुमार ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई वार्ड के भवन क्रमांक EWS/PNo 7 चैतन्य नर्मदा सागर रेसीडेन्सी सम्पत्ति पिन क्रमांक 2000110134 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकबा 480 वर्गफुट विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्रीमति सुनंदा त्रिपाठी पति भीमसेन त्रिपाठी का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी
सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर
पत्रांक-स.क्र 11/19-20/ दिनांक 20-05-2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री रूस्तम प्रताप सिंह पिता स्व. श्री शंकर सिंह बागरी श्रीमति समीना बागरी पति श्री रूस्तम प्रताप सिंह ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी वीरांगना अंबती बाई वार्ड के भवन क्रमांक पानी टंकी के सामने चग्गर फार्म तिलहरी सम्पत्ति पिन क्रमांक 1003053665 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकबा 1000 वर्गफुट जिस पर निर्मित भूतल 700 वर्गफुट प्रथम तल 700 वर्गफुट द्वितीय तल 100 वर्गफुट विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री संदीप राय पिता श्री सुरेंद्र कुमार राय श्रीमति कमलाराय पति सुरेंद्र कुमार राय का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11
नगर निगम, जबलपुर

पीछे छूट जाने का डर संगठनों को टेक्नोलॉजी, डिजाइन, सर्विस और डिलीवरी में इनोवेशन के लिए मजबूर करता है

# सीसीआई की स्वतंत्र और निष्पक्ष बाजार सुनिश्चित करने में अहम भूमिका : वित्त मंत्री

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष बाजार सुनिश्चित करना न केवल आर्थिक, बल्कि लोकतांत्रिक जरूरत भी है और इस पृष्ठभूमि में भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) बाजारों में प्रतिस्पर्धा को बनाए रखने में अहम भूमिका निभाता है। बाजार नियामक भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग के 16वें वार्षिक दिवस समारोह को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि प्रतिस्पर्धा दक्षता और इनोवेशन को बढ़ावा देती है और उपभोक्ताओं को लाभ पहुंचाती है। उन्होंने कहा कि इनोवेशन के लिए प्रतिस्पर्धा महत्वपूर्ण है। एकाधिकार वाले माहौल में विकसित होने की कोई जल्दी नहीं होती। जबकि, प्रतिस्पर्धा के साथ पीछे छूट जाने का डर संगठनों को टेक्नोलॉजी, डिजाइन, सर्विस और डिलीवरी में इनोवेशन के लिए मजबूर करता है।

## विकल्पों को न छिपा सके और न प्राइस को ज्यादा बढ़ा सके



वित्त मंत्री सीतारमण के अनुसार, फ्री और फेयर ट्रेड मार्केट यह सुनिश्चित करता है कि कोई भी सिंगल प्लेयर रिसोर्सेज पर अपना एकाधिकार न बना ले, विकल्पों को न छिपा सके और प्राइस को ज्यादा न बढ़ा सके। उन्होंने कहा कि इससे हमारे उपभोक्ताओं को लाभ होता है। वित्त मंत्री ने आगे कहाकि भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) के पास प्रतिस्पर्धा अधिनियम के तहत तीन मुख्य कार्य हैं, पहला बाजारों में प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना और उसे बनाए रखना। दूसरा उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करना तथा व्यापार की स्वतंत्रता सुनिश्चित करना और तीसरा प्रतिस्पर्धा पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाली प्रथाओं को रोकना।

### न्यूनतम आवश्यक अधिकतम व्यवहार्य के सिद्धांत द्वारा निर्देशित होना चाहिए

*वित्त मंत्री ने कहाकि इस साल के केंद्रीय बजट में मैंने उत्पादकता और रोजगार को बढ़ावा देने के लिए सिद्धांतों और विश्वास पर आधारित एक लाइट-टच रेगुलेटरी फ्रेमवर्क के महत्व को बताया था। इसी तरह, नियामकों को विकास समर्थक मानसिकता के साथ नियामक सतर्कता को संतुलित करने के लिए 'न्यूनतम आवश्यक, अधिकतम व्यवहार्य' के सिद्धांत द्वारा निर्देशित होना चाहिए।*

शक्कर में महंगाई की कड़वाहट यथावत

# युद्ध के महौल में स्टॉकिस्ट हुए थे हावी अब बाजार में उठाव की कमी

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

पाकिस्तान के खिलाफ भारत द्वारा आपरेशन सिंदूर के तहत युद्ध का माहौल बनने से शक्कर बाजार में स्टॉकिस्ट हावी हुए थे और माल का भरपूर स्टॉक किया। लेकिन सामान्य स्थित निर्मित होने के बाद बाजार में लेवाली नदारद हो गई है। व्यापारियों की मानें तो मौजूदा समय में माल का उठाव काफी कमजोर बना हुआ है। बीते दिनों बढ़ी लेवाली से शक्कर के दाम में जो तेजी आई थी वह वापस हो गई है। जिसके चलते थोक जिंस बाजार में शक्कर के भाव थोड़ी घट-बढ़ के साथ स्थिर हैं।

स्थानीय थोक जिंस बाजार हनुमानगंज स्थित शक्कर कारोबारी देवानंद सचदेवा के अनुसार मौजूदा समय में शक्कर एस 4260 से 4270 रुपए क्विंटल और शक्कर एम 4340 से 4350 रुपए क्विंटल बोली जा रही है। शक्कर व्यापारी सचदेवा के अनुसार बीते साल की अपेक्षा हालांकि मौजूदा समय में शक्कर के दाम ऊंचे हैं अतः महंगाई की मार से लोग परेशान हैं। शक्कर की कीमतों में वृद्धि का असर खुदरा कीमतों पर भी पड़ा है, जिससे लोगों को अधिक पैसे खर्च करने पड़ रहे हैं।



### 2026 में चीनी मिलों का मुनाफा बढ़ने की उम्मीद

*अनुकूल मूल्य स्तरों के कारण वित्तीय वर्ष 2025 की चौथी तिमाही और 2026 में चीनी मिलों का मुनाफा बढ़ने की उम्मीद है। इसके अलावा सरकार की ओर से एक एमएमटी चीनी निर्यात कोटा को मंजूरी दिए जाने से घरेलू चीनी की कीमतों को और उछाल मिल सकता है। इसे कमजोर रुपए और वैश्विक बाजार में चीनी की बढ़ती कीमतों से भी मदद मिल सकती है।*

सस्ते प्याज ने किसानों के निकाले आंसू

# मंडी में 3 से 4 रुपए किलो के भाव बिक रही प्याज

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

कभी ग्राहकों के आंसू निकालने वाली प्याज इस समय किसानों के आंसू निकल रही है। राजधानी के करोंद स्थित कृषि उपज मंडी के सब्जी यॉर्ड में सहित प्रदेश की कई कृषि मंडियों में प्याज का दाम उत्पादन लागत से भी नीचे पहुंच चुके हैं। प्याज के गिरते हुए दामों ने किसानों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है।

मंडियों में प्याज 3 से 4 रुपए प्रति किलोग्राम थोक दाम पर बिक रही है। जबकि खुदरा बाजार में क्वालिटीनुसार 15 से 30 रुपए किलोग्राम पर बिक्र रही है। स्थानीय करोंद मंडी स्थित आलू - प्याज कारोबारी अब्दुल जावेद रकीब ने बताया कि मंडी में नई प्याज की बंपर आवक हो रही है आवक के साथ साथ प्याज के भाव भी काफी नीचे है। भाव नीचे होने से प्याज उत्पादक किसानों की उनकी लागत मिलना मुश्किल हो रहा है उन्होंने कहाकि पिछले कुछ दिनों से लगातार हो रही बारिश की वजह से प्याज में पानी लग चुका है। इस वजह से पानी लगे प्याज की आवक ज्यादा हो रही है जिसके कारण कीमतें तेजी से गिरी है, लेकिन अगले कुछ महीनों में प्याज में तेजी देखने को मिल सकती है क्योंकि हाल ही में हुई बारिश से प्याज की फसल को भारी नुकसान हुआ है। उल्लेखनीय है कि देश में सबसे ज्यादा प्याज उत्पादक राज्य महाराष्ट्र के किसानों को मौजूदा हालात में खेती की लागत निकालना बहुत मुश्किल हो रहा है। महाराष्ट्र के सोलापुर और धुले मंडी में प्याज के दाम लुढ़क कर ऐतिहासिक न्यूनतम स्तर पर पहुंच गया है। इस स्थिति ने किसानों को गहरे आर्थिक संकट में डाल दिया है। हालत ऐसी है कि राज्य के कई हिस्सों में किसान अपनी फसल को मंडी तक ले जाने की बजाय खेत में ही छोड़ने पर मजबूर हो रहे हैं। एक तरफ मंडियों में किसानों को जहां प्याज के दाम नहीं मिल रहे, वहीं, दूसरी ओर बाजार में लोगों को प्याज 20 से 30 रुपए किलो मिल रहा है। जबकि एशिया की सबसे बड़ी प्याज मंडी लासलगांव में प्याज का न्यूनतम दाम 500 रुपए और अधिकतम 1400 रुपए एवं औसत दाम 1100 रुपए प्रति क्विंटल बोला जा रहा है। राज्य की दूसरी मंडियों में हालात और भी खराब है। प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक सोलापुर मंडी में प्याज का न्यूनतम दाम सिर्फ 1 रुपए प्रति किलो तक पहुंच गया। दूसरे राज्यों में भी इस समय प्याज को भाव नहीं मिल रहा है।



# सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं में 'ओकरिज विवि विशाखापत्तनम' के छात्रों ने बाजी मारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विशाखापत्तनम




ओकरिज इंटरनेशनल स्कूल, विशाखापत्तनम ने अकादमिक उत्कृष्टता के एक और वर्ष की घोषणा की है, जिसके छात्रों ने सीबीएसई ग्रेड 10 और 12 की बोर्ड परीक्षाओं में 100 प्रतिशत उत्तीर्ण दर हासिल की है और समग्र रूप से प्रभावशाली प्रदर्शन दर्ज किया है।

ग्रेड 10 में, उच्च उपलब्धि प्राप्त करने वालों में कंदुला अनुष्का वेंकट शामिल हैं, जिन्होंने 500 में से 484 अंक प्राप्त किए, और बोर्डिंग छात्र आरव पांडे, जिन्होंने 500 में से 478 अंक प्राप्त किए। ग्रेड 12 में, एक और गौरवशाली बोर्डिंग छात्र आशुतोष सामंतराय ने 500 में से 442 अंक प्राप्त किए और श्रीकर सिरिपुरापु ने 500 में से 439 अंक प्राप्त किए।

विशेष रूप से, हमारे तीन न्यूरोडाइवर्स छात्रों ने उल्लेखनीय दृढ़ता के साथ ग्रेड 12 सफलतापूर्वक पूरा किया है, जिसमें 71 प्रतिशत , 76 प्रतिशत और 61प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं। उनकी यात्रा लचीलापन और दृढ़ संकल्प के लिए एक शक्तिशाली वसीयतनामा है। प्रधानाचार्य शैला भामिदिपति ने कहा, 'मैं अपने सभी छात्रों को उनके असाधारण परिणामों के लिए हार्दिक बधाई देती हूं। 'मुझे हमारे न्यूरोडाइवर्स छात्रों पर विशेष रूप से गर्व है, जिनकी उपलब्धियाँ हमें याद दिलाती हैं कि दृढ़ संकल्प की कोई सीमा नहीं होती। यह सफलता हर छात्र, हर शिक्षक और हर माता-पिता की है जो उनके साथ खड़े रहे। एक और उपलब्धि हासिल करने के साथ, ओकरिज विशाखापत्तनम छात्रों को उनकी पूरी क्षमता तक पहुंचने और भविष्य के लिए तैयार वैश्विक नागरिक के रूप में उभरने के लिए सशक्त बनाना जारी रखता है।

# अतिक्रमण से शहर के सघन बाजारों की हालत हो गई तंग, सड़क में फैली दुकानें, ईवी ऑटो की धमाचौकड़ी से पैदल चलना भी दूभर

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी के पुराने शहर का सबसे बड़े बाजार चौक बाजार, लखेरापुरा, लोहाबाजार,मारवाड़ी रोड, ललवानी गली, आजाद मार्केट, जुमेराती, जनकपुरी, हनुमानगंज, घोड़ा निक्कास है , लेकिन ट्रैफिक इतना है कि पैदल चलना तक मुश्किल हो गया है। ग्राहक कम दो पहिया, इलेक्ट्रिक ऑटो और चार पहिया वाहन चारों ओर दिन भर सड़कों पर खड़े रहते हैं। उस पर लोडिंग ऑटो, वाटर केन वाहन और हाथ ठेले वाले पुराने भोपाल के अतिक्रमण और ट्रैफिक दोगुना कर रहे हैं। पुराने शहर के बाजारों में ग्राहक आने से कतरा रहे है। अतिक्रमण की चपेट से यहां के सघन बाजार तंग हो गए है नतीजा इमरजेंसी में एम्बुलेंस और फायर ब्रिगेड तक नहीं पहुंच सकती है। नगर- निगम और यातयात पुलिस दोनों पुराने भोपाल में अतिक्रमण और अवैध वाहनों को हटाने की कार्रवाई शुरू करें और यातयात क्रेन तैनात करें तो यहां के बाजारों की बदहाली काफी हद तक सुधर सकती है।



*पुराने शहर के बाजार की सड़कें तंग गलियों में तब्दील हो गई है। वजह यहां के प्रत्येक दुकानदार ने दायरा बढ़ाते हुए दुकान को सड़क पर ले आए हैं। पुराने शहर के आजाद मार्केट, लोहा बाजार, मारवाड़ी रोड, ललवानी रोड़, लखेरापुरा, जुमेराती, हनुमानगंज, घोड़ा निक्कास, इतवारा, मंगलवारा, सिंधी मार्केट सभी बाजारों में छोटी-बड़ी सभी प्रकार की दुकानें होती है। छोटे दुकानदार अपनी दुकान को सड़कों तक सजा लेते हैं। जिसके चलते यहां जाम की समस्या आम हो गई है। बाजार की सड़कों पर दुकानदारों ने दुकान की सीमा से पांच से 8 फीट आगे सड़क पर दुकानें लगाए हुए है जो परंपरा बन चुकी है। इस परंपरा के प्रति प्रशासन की उदासीनता ने यहां खरीददारी करने पहुंचने वालें आमजन की परेशानी बढ़ा दी है। परिणाम शहर के मुख्य मार्गों पर पैदल चलना भी दूभर हो रहा है। इसके अलावा नियमों के विपरीत दौड़ते आटो और अन्य वाहनों ने यहां की यातायात की समस्या को और बढ़ा रहे हैं। ईवी आटो वालों की धमाचौकड़ी ट्राफिक की प्रमुख समस्या बनी हुई है।*

### अनावश्यक ट्रैफिक सिस्टम को दुरुस्त करें : संजीव गर्ग (गांधी)

होलसेल सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष संजीव गर्ग (गांधी) के अनुसार पार्षद और क्षेत्रीय विधायक, महापौर और सांसद को इस समस्या को संज्ञान में लेना चाहिए। इस क्षेत्र का दौरा भोपाल पुलिस कमिश्नर, कलेक्टर, नगर निगम कमिश्नर और ट्रैफिक पुलिस कमिश्नर को इन क्षेत्रों का दौरा करना चाहिए। इस गंभीर परेशानी से आम जनता एवं व्यापारी को निजात दिलाना चाहिए।

### रोजाना 25 से 30 हजार टू व्हीलर और फोर व्हीलर आते हैं

राजधानी के पुराने शहर में 150 साल से भी पुरानी मार्केट हैं। कुछ तो नवाबी काल की हैं। चौक बाजार, आजाद मार्केट, जुमेराती, जहांगीराबाद, जनकपुरी, हनुमानगंज और इनसे सटे बाजारों में हर दिन कम से कम दो लाख व्यापारी,ग्राहक और आम जन पहुंचते हैं, लेकिन सब के सब खराब ट्रैफिक व्यवस्था और जाम में घंटों बर्बाद करते हैं। यहां की सड़कें वाहनों से पटी रहती हैं। 15 हजार से ज्यादा व्यापारियों को अपने व्यापार से बड़ी चिंता अपने वाहनों को सुरक्षित खड़ा करने की रहती है।

### व्यापारी और ग्राहकों को वाहन खड़े करने की जगह नहीं

पुराने शहर में एंट्री करते ही हर आधा घंटे में जाम दिखता है। लखेरापुरा, चौक, घोड़ा नक्कास आदि की संकरी गलियों में इतना जाम होता है कि दोपहिया वाहन भी नहीं निकल पाते। पुराने शहर के पार्किंग स्थलों पर कुछ लोगों ने स्थायी रूप से वाहन खड़े कर दिए हैं।

## दुबई से अब सोना लाना पहले जितना आसान नहीं, सरकार ने आयात पर नियम किए सख्त

**नई दिल्ली।** दुबई से अब सोना लाना पहले जितना आसान नहीं रहेगा क्योंकि सरकार ने सोने के आयात पर नियम सख्त कर दिए हैं. भारत सरकार ने एक बड़ा कदम उठाते हुए कच्चे या आधे बने हुए और पाउडर के रूप में आने वाले सोने-चांदी के इम्पोर्ट पर प्रतिबंध लगा दिया है। अब नए नियम के मुताबिक भारत-यूएई के बीच हुए व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते के तहत परमिट वाली एजेंसियां या ज्वेलर्स ही इसे आयात करा सकेंगे। वित्त वर्ष 2026 के बजट में लिए गए फैसले के बाद सरकार ने इस बात का ऐलान किया। बजट में सरकार की तरफ से एचएस कोड बदलने का जिक्र किया गया था। एचएस कोड एक ऐसा नंबर होता है, जिससे यह पता चलता है कि कौन सी चीरज आयात हो रही है और कौन सा सामान निर्यात हो रहा है। सरकार ने बजट में सोने के डोर, चांदी के डोर या 99 परसेंट से ज्यादा प्लेटिनम वाली चीजों के लिए एचएस कोड या टैरिफ कोड पेश करने की बात कही थी। सरकार ने यह फैसला इसलिए लिया क्योंकि कुछ लोग दुबई से 99 परसेंट शुद्ध सोना लाते हैं और इस पर प्लेटिनम मिश्र धातु का लेबल लगाकर कम टैक्स देते हैं।

# 'प्रोजेक्ट नमन' के समर्थन में एक्सिस बैंक ने भारतीय सेना और कॉमन सर्विस सेंटर ई-गवर्नेंस के साथ किया समझौता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंकों में से एक एक्सिस बैंक ने सेना के दिग्गजों और उनके परिवारों के लिए एक समर्पित पहल, प्रोजेक्ट नमन का समर्थन करने के लिए भारतीय सेना और सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड के साथ एक त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। एमओयू समारोह में लेफ्टिनेंट जनरल रणजीत सिंह, डीजी डीसी डब्ल्यू, ब्रिगेडियर मंदीप सिंह, एसएम, ब्रिग, डीआईएवी, मोहित जैन, एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट- भारत बैंकिंग, एक्सिस बैंक और हरीश ओबेरॉय, वाइस प्रेसिडेंट, सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड उपस्थित थे। इस परियोजना के तहत, एक्सिस बैंक सेना के दिग्गजों, युद्ध विधवाओं और एनओके को आवश्यक सेवाएं प्रदान करने के लिए सुविधा केंद्रों की स्थापना का समर्थन करेगा। 2023 में शुरू किया गया प्रोजेक्ट नमन, रक्षा मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए डिजिटल पेंशन सिस्टम सिस्टम फॉर पेंशन एडमिनिस्ट्रेशन रक्षा को लागू करने पर केंद्रित है। इस साझेदारी के तहत 13 राज्यों में 25 डीआईएवी स्थानों पर सीएससी स्थापित किए जाएंगे। मुनीश शारदा, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, एक्सिस बैंक ने कहाकि एक्सिस बैंक में, हमें भारतीय सेना और सीएससी ई-गवर्नेंस के साथ प्रोजेक्ट नमन का समर्थन करने के लिए साझेदारी करने का गहरा सम्मान है।

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकता है। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**वृष** — बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी ।लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से मान-सम्मान की

**कर्क** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जाना हो सकता है। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**सिंह** — मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। अफसरों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। सफलता के योग बन रहे हैं।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सुस्वादु खान-पान में रुचि बढ़ेगी। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**तुला** — शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** — किसी पैतृक सम्पत्ति के लिए विवाद की स्थिति बन सकती है। वाहन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। लाभ के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में सद्भाव बनाये रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**मकर** — मन अशान्त रहेगा। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चिकित्सीय खर्च बढ़ेंगे। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कुंभ** — मन शान्त रहेगा। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। जीवनसाथी के परिवार के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**मीन** — संयत रहें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है ।नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

भारती एयरटेल और गूगल ने की साझेदारी

# 'गूगल वन क्लाउड स्टोरेज सब्सक्रिप्शन सर्विस' पेश, यूजर्स को 6 महीने फ्री मिलेगी सर्विस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एयरटेल यूजर्स के लिए 'गूगल वन क्लाउड स्टोरेज सब्सक्रिप्शन सर्विस' की पेशकश करते हुए भारती एयरटेल और गूगल ने मंगलवार को पार्टनरशिप की घोषणा की।

गूगल और एयरटेल की इस साझेदारी से यूजर्स की लिमिटेड डिवाइस स्टोरेज की परेशानी दूर होगी। सभी पोस्टपेड और वाई-फाई कस्टमर्स को बिना किसी एक्स्ट्रा कॉस्ट के छह महीने के लिए 100 जीबी गूगल वन क्लाउड स्टोरेज की सुविधा मिलेगी। कंपनियों ने एक बयान में कहा कि एयरटेल यूजर्स इस स्टोरेज को पांच एडिशनल लोगों के साथ साझा भी कर सकेंगे। एक्टिवेशन की तारीख से पहले छह महीनों के लिए 100 जीबी क्लाउड स्टोरेज बिना किसी अतिरिक्त लागत के उपलब्ध होगी, जिससे ग्राहक अपने डेटा का बैकअप ले सकेंगे और क्लाउड स्टोरेज की सुविधा का अनुभव कर सकेंगे। बिना किसी शुल्क के छह महीने के लिए 100 जीबी स्टोरेज के बाद, कस्टमर के मंथली बिल में 125 रुपए प्रतिमाह का शुल्क जोड़ा जाएगा। अगर कोई कस्टमर सब्सक्रिप्शन जारी नहीं रखना चाहता है, तो वह गूगल वन का सदस्य नहीं रह सकता है। गूगल के एपीएसी, प्लेटफॉर्म्स एंड डिवाइसेस पार्टनरशिप्स के उपाध्यक्ष, कैरन टेओ ने कहा कि हम भारत में लाखों लोगों तक गूगल वन की सुविधा पहुंचाने के लिए एयरटेल के साथ साझेदारी कर उत्साहित हैं।


हम साथ मिलकर यूजर्स के लिए फोटोज, वीडियोज और जरूरी फाइल्स का बैकअप उनके फोन पर गूगल फोटोज, ड्राइव, जीमेल में ज्यादा स्टोरेज के साथ पेश कर रहे हैं।


**आवश्यकता है**
तत्काल भर्ती सुरक्षा गार्ड- 50, फिल्ड आफिसर 5 (कार चलाना जानता हो), कम्प्यूटर आपरेटर (पूर्ण अनुभवी) चाहिए वेतन 9500 से 20000 पता- बालाजी प्लाजा हेमू नगर बिलासपुर छत्तीसगढ़ 8461881111, 8299144824




**हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें**
**मों. 9340637789**


## शब्द पहेली - 5873



**बाएँ से दाएँ**
1.जायकेदार,लजीज-5
4.नट का खेल-4
7.राय,वोट-2
8.दुरुह,कठिन-3
9.प्रहार,घात-2
10.अचरज भरा कार्य-4
11.शराब,मद्य-2
13.साझेदार-4
14.क्षण,लम्हा-2
16.सहयोग-3
18.अड़िग-3
19.कैद, बंधक-3,2
21.चुगली करना-2,3
24.धावक (अंग्रेजी-3)
26.अग्नि, आग-3
28.टैक्स, हाथ-2
29.एक मुगल सम्राट-4
30.टकटकी-2
32.कैंची से काटना-4
33.आत्मा-2
35.सीरा,मिष्ठान-3
36.आगमन-2
37.जोरदार-4
38.तेज दौड़ना-5

**ऊपर से नीचे**
1.बुरी आदत-2
2.झगड़ा,रार-4
3.फिल्मी दुनिया-3,2
4.लेखनी,पेन-3
5.इस पर रोटी सेंकते हैं-2
6.वटवृक्ष-4
7.मन को भाने वाला-5
10.बुरा आचरण-4
12.यमराज-2
15.चुनौती-4
17.विदरण,एकता भंग-3
18.आर्द्रक-4
20.भूमि,धरती-3
22.आवेश में आना-4
23.नामकरण-2,3
25.नरक में रहना-5
26.जामफल-4
27.बेल,लतिका-2
29.प्रार्थना,ईश्वर वंदना-4
31.जलजला-3
34.मैं का बहुवचन-2
36.रुपये का सोलहवां भाग-2

**शब्द पहेली- 5872 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | द | च | रि | त्र | ■ | ■ | ब | ह | रा | ■ |
| मा | मा | ■ | या | ■ | अ | द | द | ■ | ह | क |
| ज | ■ | ■ | स | ज | दा | ■ | न | ■ | ■ | हा |
| वा | र | दा | त | ■ | ■ | श | ■ | प | नी | र |
| दी | ■ | मि | ■ | ह | म | रा | ज | ■ | र | ■ |
| ■ | रा | नी | ■ | रा | ■ | फ | ■ | बी | ज | ■ |
| ■ | ह | ■ | श | र | ब | त | ■ | ह | ■ | म |
| क | त | रा | ■ | त | ■ | ■ | अ | इ | च | न |
| हा | ■ | ■ | चिं | ■ | म | लि | न | ■ | ■ | भा |
| नी | र | ■ | त | न | य | ■ | ब | ■ | श | य |
| ■ | थ | का | न | ■ | ■ | म | न | मो | ह | न |

## सूडोकू नवताल - 5883

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | 1 | 9 | | |
| | | | | | | 8 | 5 | |
| | | | 7 | 3 | | | | |
| | | | 3 | | | | 4 | 7 |
| 9 | | | | | | | | 2 |
| 8 | 5 | | | | 6 | | | |
| | | | | 5 | 8 | | | |
| | 7 | 4 | | | | | | |
| | | 6 | 2 | | | | | 5 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू नवताल - 5882 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |



# कान्स में दिखा मौनी का हॉट अवतार

## ब्लैक ड्रेस में बिखेरा जलवा

**पेरिस।** 78वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में भारतीय सेलेब्स का पहुंचना लगातार जारी है। उर्वशी रौतेला और जैकलीन फर्नांडीज से लेकर नितांशी गोयल जैसे सितारे अब तक कान में इस साल नजर आ चुके हैं। अब इसी कड़ी में टीवी से लेकर बॉलीवुड तक का सफर करने वाली अभिनेत्री मौनी रॉय का भी नाम शामिल हो गया है।

मौनी रॉय ने कान्स में अपनी खूबसूरती का जलवा बिखेरा है। कान फिल्म फेस्टिवल से मौनी रॉय की तस्वीरें सामने आई हैं। ब्लैक ड्रेस में मौनी रॉय काफी खूबसूरत नजर आईं। मौनी ने अपने बालों को पिछे लेकर छोटा सा बन बनाया हुआ है। साथ में गले में एक नेकलेस पहनकर अपने लुक को कंप्लीट किया है। इस साधारण लुक में मौनी काफी ग्लैमरस और खूबसूरत नजर आ रही हैं। मौनी रॉय की अलग-अलग पोज में तस्वीरें अब वायरल हैं, जिन्हें लोग पसंद कर रहे हैं।

*कान फिल्म फेस्टिवल का रेड कार्पेट ग्लैमर और स्टाइल के लिए जाना जाता है। इसी कड़ी में भारतीय अभिनेत्री उर्वशी रौतेला भी अपने एक से बढ़कर एक ड्रेसेस से फैंस का दिल जीतते हुए नजर आ रही हैं। हालांकि एक्ट्रेस के साथ हाल ही में ऊप्स मोमेंट हो गया जो अब इंटरनेट पर चर्चाओं का कारण बन गया है।*

# उर्वशी का 'वार्डरोब मालफंक्शन'

## हादसा या प्री-प्लान्ड ? सोशल मीडिया पर छिड़ी बहस

हाल ही में उर्वशी एक खूबसूरत ब्लैक गाउन में रेड कार्पेट पर नजर आईं। अपनी दूसरी मौजूदगी के दौरान इस आउटफिट में अभिनेत्री गजब की लग रही थीं। जैसे ही अभिनेत्री आईं तो कैमरे तुरंत उनकी ओर घूम गए। लेकिन इसी बीच सभी का ध्यान उर्वशी के ड्रेस के उस हिस्से पर गया जो थोड़ा फटा हुआ दिखा।



### सोशल मीडिया पर छिड़ी बहस

उर्वशी इस बात से बेखबर होकर कैमरे पर जमकर पोज दे रही थीं। वहीं कैमरे में यह ऊप्स मोमेंट कैद हो गया जो अब तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसी मुद्दे को लेकर अब बहस भी छिड़ चुकी है। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होते ही यूजर्स की प्रतिक्रियाएं तेज हो गईं।

### कई यूजर्स ने उड़ाया मजाक

कुछ ने चुटकी लेते हुए कहा, 'क्या उर्वशी पहली भारतीय अभिनेत्री हैं जिनकी ड्रेस कान्स में फटी?' वहीं एक यूजर ने मजाक में लिख दिया, 'पहले रिवॉल्विंग डोर में फंसी, फिर तोते जैसे लुक में आईं, अब फटी ड्रेस में दिखीं- उर्वशी का फैशन चार्ट नीचे गिरता ही जा रहा है!'

### कई यूजर्स ने बताया सोचा-समझा प्लान

कई सोशल मीडिया यूजर्स ने तो इस घटना की प्रामाणिकता पर सवाल खड़े किए। कुछ ने कहा कि यह सब ध्यान खींचने के लिए किया गया हो सकता है। एक कमेंट में लिखा गया, 'लगता है अब वो जानबूझकर कुछ अजीब कर रही हैं या फिर कोई उन्हें जानबूझकर खराब दिखाने की कोशिश कर रहा है।' वहीं एक यूजर ने लिखा, 'जिसने ये ड्रेस बनाई थी, वो अब निकाला जाएगा'। कुल मिलाकर चाहे यह हादसा हो या प्रचार की रणनीति, एक बात तो तय है- उर्वशी रौतेला ने एक बार फिर इंटरनेट का ध्यान खींचने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

## हॉलीवुड मसाला



# टेलर हॉट नहीं रहीं : ट्रंप

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर पॉप सिंगर टेलर स्विफ्ट पर अपना गुस्सा जाहिर किया है। हाल ही में उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में सिंगर की लोकप्रियता कम होने की बात कही। ट्रंप ने सार्वजनिक रूप से टेलर स्विफ्ट के प्रति अपनी नाराजगी को इसकी वजह बताई। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ट्रूथ पर पोस्ट करते हुए शुक्रवार को लिखा, 'क्या किसी ने इस बात पर ध्यान दिया है कि जब से मैंने कहा है कि मुझे टेलर स्विफ्ट से नफरत है, तब से वह हॉट नहीं रही?'




# डरावनी फिल्म से थर्राया बॉक्स ऑफिस

**लॉस एंजिलिस।** बॉलीवुड में अभी तक बॉक्स ऑफिस पर अजय देवगन स्टारर फिल्म रेड 2 (**Raid** 2) कमाल दिखा रही थी, लेकिन इसे टक्कर देने के लिए एक हॉलीवुड मूवी आ गई है जो भारतीय बॉक्स ऑफिस पर तो धांसू कलेक्शन कर ही रही है, इसने दुनियाभर में भी इतिहास रच दिया है। यह हॉलीवुड फिल्म है फाइनल डेस्टिनेशन फ्रेंचाइजी की छठी फिल्म फाइनल डेस्टिनेशन ब्लडलाइंस जो 15 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। जैक लिपोव्स्की और एडम स्टीन के निर्देशन में बनी फिल्म फाइनल डेस्टिनेशन 6 ने दुनियाभर में मात्र चार दिन के अंदर इतना बिजनेस कर लिया है जितना इस साल कोई बॉलीवुड फिल्म भी नहीं कमा पाई है। फाइनल डेस्टिनेशन को सिनेमाघरों में पहुंचे हुए 4 दिन हो गए हैं। आपको जानकर हैरानगी होगी कि इन चंद दिनों में इस हॉरर थ्रिलर ड्रामा ने 400 करोड़ रुपए के पार कमाई कर ली है। सैकनिल्क के मुताबिक, फाइनल डेस्टिनेशन ने अभी तक दुनियाभर में 410 करोड़ रुपये का बिजनेस कर लिया है। इस फिल्म का भारत में भी जलवा देखने को मिल रहा है।



# किसिंग सीन से चर्चा में एक्ट्रेस तृषा

**मुंबई।** साउथ सुपरस्टार कमल हासन की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'ठग लाइफ' का हाल ही में ट्रेलर लॉन्च किया गया। इस फिल्म में एक सीन देख कर नेटिजंस भड़क गए हैं। इस सीन में अभिनेत्री तृषा कृष्णन और अभिनेता कमल हासन के बीच रोमांटिक सीन दिखाया गया है, जिसमें दोनों के बीच किसिंग सीन को फिल्माया गया है। इस कारण से सोशल मीडिया पर यूजर्स उन्हें ट्रोल कर रहे हैं। आइए जानते हैं तृषा कृष्णन के बारे में कि वो कब-कब चर्चाओं में रहीं। साउथ अभिनेत्री तृषा कृष्णन और साउथ सुपरस्टार दलपति विजय के अफेयर्स की खूब चर्चाएं हुईं थीं। विजय और तृषा को पहली बार साल 2004 में रिलीज हुई फिल्म 'घिल्ली' में देखा गया था, जो एक शानदार फिल्म साबित हुई थी। इसके बाद भी दोनों कई फिल्मों में साथ नजर आए।



# 'तन्वी द ग्रेट' की रिलीज डेट का ऐलान...

**मुंबई।** अनुपम खेर इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' को लेकर चर्चाओं में हैं। अनुपम इस फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं। हाल ही में फिल्म को कान फिल्म फेस्टिवल में दिखाया गया था। जहां काफी प्रशंसा भी मिली थी। अब अनुपम खेर ने फिल्म की रिलीज डेट की भी घोषणा कर दी है। जिसके बाद फैंस फिल्म को लेकर काफी उत्साहित हैं। फिल्म की कास्ट के साथ कान फिल्म फेस्टिवल में पहुंचे अनुपम खेर ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर करके फिल्म की रिलीज के बारे में जानकारी दी है। वीडियो में वो फिल्म से जुड़े अनुभव साझा करते हैं। साथ ही फिल्म की शूटिंग के बारे में भी बात करते हैं। वीडियो में अनुपम भावुक नजर आ रहे हैं। इस वीडियो में अनुपम खेर ने फिल्म के बारे में बात करते हुए इसकी रिलीज डेट के बारे में जानकारी दी।

## टीवी मसाला

# टीवी एक्ट्रेस शिवांगी को रूमर्ड बॉयफ्रेंड ने किया बर्थ डे विश

**मुंबई।** शिवांगी जोशी को दर्शक सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' के जरिए पहचानते हैं। वह इस सीरियल से घर-घर मशहूर हुईं। इन दिनों शिवांगी एक नए सीरियल की शूटिंग कर रही हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपना जन्मदिन परिवार के साथ मनाया और सेलिब्रेशन की कई तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा की हैं। शिवांगी ने अपने जन्मदिन की जो तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा की हैं, उनमें वह आसमानी रंग की ड्रेस पहने नजर आ रही हैं, साथ ही एक प्रिंसेस वाला टियारा यानी क्राउन भी उनके हाथ में नजर आ रहा है। एक तस्वीरें में वह अपने परिवार के साथ जन्मदिन का केक काट रही हैं। शिवांगी की इन तस्वीरों को फैंस ने भी काफी लाइक किया है। कुशल टंडन ने भी शिवांगी जोशी को बर्थ डे विश किया है, एक इंस्टाग्राम स्टोरी एक्ट्रेस के जन्मदिन पर लगाई है। इस पोस्ट में शिवांगी की तस्वीर लगी है और उस पर लिखा है, 'हैप्पी बर्थ डे, डियर। एक डायमंड की तरह हमेशा चमकती रहो।' कुशल और शिवांगी को लेकर चर्चा है कि दोनों डेट कर रहे हैं। कई बार दोनों को साथ पार्टी करते देखा गया है।



## कुछ खास फैंस से मिले कार्तिक आर्यन

**मुंबई।** कार्तिक आर्यन बॉलीवुड में इस वक्त सबसे चर्चिच कलाकारों में से एक हैं। इस एक्टर की फैन फॉलोइंग भी काफी है। कई बार लड़कियां सामने से आकर कार्तिक को प्रपोज कर देती हैं, जिस पर कार्तिक शरमा जाते हैं। हाल ही में कार्तिक आर्यन की मुलाकात ऐसे फैंस से हुई, जिन्हें देखकर, उनसे मिलकर एक्टर की खुशी का भी ठिकाना नहीं रहा। कार्तिक आर्यन की मुलाकात एक इवेंट के दौरान छोटे-छोटे बच्चों से हुई, जो 'के आर्मी' की टी शर्ट पहने नजर आए। यह देखकर कार्तिक सरप्राइज हो गए। कार्तिक आर्यन ने हर बच्चे से हाथ मिलाया। बच्चे भी कार्तिक से मिलकर काफी एक्साइटेड लगे। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिस पर यूजर्स और कार्तिक आर्यन के फैंस भी रिएक्शन दे रहे हैं। कार्तिक का यह वीडियो देखकर, बच्चों के साथ उनकी केमिस्ट्री देखकर एक फैन ने लिखा, 'क्यूट भी और टैलेंटेड भी, कार्तिक आर्यन मेरा फेवरेट एक्टर है।'



# सस्पेंस थ्रिलर फिल्म में आएंगी नजर

**मुंबई।** बॉलीवुड को अब एक नई और फ्रेश जोड़ी देखने को मिलने वाली है। आदर्श गौरव और शनाया कपूर जल्द ही अपनी मोस्ट अवेटेड फिल्म तू या मैं की शूटिंग शुरू करने वाले हैं। इस फिल्म को मशहूर निर्देशक बिजॉय नांबियार डायरेक्ट कर रहे हैं, और खास बात है कि यह प्रोजेक्ट अपने यूनिक कॉन्सेप्ट के लिए पहले ही सुर्खियां बटोर चुका है। अधिक जानकारी के लिए पढ़ें पूरी खबर। ताजा रिपोर्ट के अनुसार, आदर्श गौरव और शनाया कपूर जून 2025 की शुरुआत में तू या मैं की शूटिंग शुरू करने वाले हैं। इस फिल्म का टीजर पहले ही रिलीज हो चुका है, जिसने ऑडियंस के बीच एक्साइटमेंट को काफी हाई कर दिया है। आदर्श, जो द व्हाइट टाइगर और खो गए हम कहां जैसी फिल्मों के लिए मशहूर हैं, इस प्रोजेक्ट में एक छोटे शहर के सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर का किरदार निभाने वाले हैं।



अपने किरदार पर बात करते हुए आदर्श ने कहा था, 'मैं इस फिल्म पर काम शुरू करने के लिए काफी एक्साइटेड हूं। शूटिंग जून में शुरू होगी, और इसकी तैयारियां पहले से चल रही हैं। यह मेरे पिछले काम से बिल्कुल अलग जॉनर है, यही मुझे इसकी ओर खींचता है। बिजॉय नांबियार जैसे अनोखे निर्देशक और शनाया के साथ काम करना इसे और भी मजेदार बनाता है।"

# हम वादा करते हैं कि बेहतरीन फिल्म देंगे

**मुंबई।** अभिनेत्री रश्मिका मंदाना बॉलीवुड और साउथ फिल्मों में शानदार अभिनय के लिए जानी जाती हैं। इस वक्त वह अपनी अपकमिंग फिल्म 'द गर्लफ्रेंड' को लेकर सुर्खियों में आ गईं हैं। इस फिल्म का दर्शकों को बड़ी बेसब्री से इंतजार है, जिसे सोशल मीडिया पर जल्द रिलीज करने के लिए ट्रेंड किया जा रहा है। अब फिल्म को लेकर अभिनेत्री ने जानकारी साझा करते हुए फैंस को तसल्ली दी है। आइए जानते हैं रश्मिका ने क्या कहा। अभिनेत्री रश्मिका मंदाना ने अपनी अपकमिंग फिल्म 'द गर्लफ्रेंड' के प्रति दर्शकों की बेसब्री देख अपने एक्स अकाउंट पर ट्वीट किया है। उन्होंने




फिल्म निर्देशक राहुल रविंद्रन के पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, 'मेरे प्यारों, मुझे पता है कि आपको इंतजार करना पड़ रहा है और आपका ट्रेंड भी शानदार है। आप भरोसा रखें, राहुल रवींद्रन इस फिल्म को आपके लिए शानदार बनाने में जुटे हैं। यह एक खास फिल्म है।' आगे ट्वीट में अभिनेत्री ने लिखा, 'ये शानदार फिल्म है, जिनके बारे में आमतौर पर ज्यादा बात नहीं होती। ये पूरी तरह किरदारों पर बनी फिल्म है और यही इसकी सबसे खास बात है। हम वादा करते हैं कि हम आपको सबसे बेहतरीन फिल्म देंगे और ये इंतजार आपके लिए यादगार होगा। आज आपने जो प्यार दिखाया, उसके लिए हम प्रक्रिया को और तेज करेंगे और जल्द से जल्द ये फिल्म आपके सामने लाएंगे।' एक्ट्रेस के इस ट्वीट पर निर्देशक राहुल रविचंद्रन ने रीट्वीट करते हुए जवाब दिया। उन्होंने लिखा, यह लड़की हमारी फिल्म की आत्मा और रीढ़ है।

## विद्युत जामवाल और विवेक ओबेरॉय समेत इनका नाम शामिल

# हीरो का रोल छोड़ सितारों ने चुना विलेन का रोल, पाई शोहरत

***मुंबई।** सिल्वर स्क्रीन पर अक्सर ऑडियंस को हीरो की चमक की प्रभावित करती है। मगर कुछ सितारों ने अपनी पहली फिल्म में हीरो न बनकर खलनायक के किरदार से सबका ध्यान खींचा था। ये सितारे न सिर्फ अपने दमदार अभिनय से लाइमलाइट में आए, बल्कि आगे चलकर में बॉलीवुड में अपनी अलग पहचान भी बनाई। एक लेटेस्ट रिपोर्ट के अनुसार, कई ऐसे सितारों की लिस्ट सामने आई है, जिन्होंने विलेन के रोल से बॉलीवुड में कदम रखा था। आइए जानते हैं इन सितारों और उनकी पहली फिल्मों के बारे में।*



### विद्युत जामवाल फोर्स (2011)

विद्युत जामवाल ने 2011 की फिल्म फोर्स में जॉन अब्राहम के साथ बॉलीवुड में कदम रखा था। उन्होंने चालाक ड्रग माफिया विष्णु का किरदार निभाय था, जो अपने भाई की मौत का बदला लेना चाहता है। यह फिल्म पुलिस और अपराधियों के बीच जंग पर आधारित है, जिसमें ढेर सारे एक्शन सीन हैं। खलनायक के रूप में भी, विद्युत की मार्शल आर्ट्स स्किल्स और डरावनी मौजूदगी ने उन्हें रातोंरात एक्शन स्टार बना दिया था



### विवेक ओबेरॉय - कंपनी (2002)

विवेक ओबेरॉय ने 2002 की क्राइम थ्रिलर कंपनी में चंद्रकांत चंदू नागरे के रूप में डेब्यू किया था। मुंबई के एक युवक चंदू का अंडरवर्ल्ड में प्रवेश और सत्ता की चाहत दिखाने वाला उनका किरदार दर्शकों और समीक्षकों को खूब पसंद आया। चंदू की कहानी एक भोले-भाले लड़के से चालाक और प्रभावशाली अपराधी बनने तक की है, जिसने विवेक को बहुमुखी अभिनेता के रूप में सामने लाया था।

### बिपाशा बसु - अजनबी (2001)



बंगाली अभिनेत्री बिपाशा बसु ने 2001 की थ्रिलर अजनबी से बॉलीवुड में कदम रखा। उन्होंने नीता का किरदार निभाया, जो सोनिया बजाज बनकर हत्या और धोखे की साजिश रचती है। नीता, विक्की बजाज की गर्लफ्रेंड है, और दोनों मिलकर उसकी अमीर पत्नी सोनिया को मारने की योजना बनाते हैं। बिपाशा के इस रोल की खूब तारीफ हुई, जिसने उन्हें बॉलीवुड में मजबूत शुरुआत दी थी। हालांकि अब वो काफी समय से फिल्मी पर्दे से दूर हैं।

### नील नितिन मुकेश : जॉनी गद्दार (2007)



नील नितिन मुकेश जल्दी ही फिल्मी पर्दे पर वापसी करने वाली हैं मगर क्या आप जानते हैं उन्होंने भी साल 2007 की जॉनी गद्दार में विक्रम के रूप में खलनायक की भूमिका से डेब्यू किया था। कहानी में विक्रम पैसे के लिए अपनी पूरी गैंग को धोखा देता है और अपनी प्रेमिका के साथ भाग जाता है। लालच, झूठ और अपराध बोध से भरी यह फिल्म ड्रामाई मोड़ लेती है।

### शत्रुघ्न सिन्हा -प्यार ही प्यार (1969)



कम लोग जानते हैं कि शत्रुघ्न सिन्हा ने 1969 की प्यार ही प्यार में एक ब्लैकमेलर के छोटे से अनक्रेडिटेड रोल से डेब्यू किया। भले ही उनका रोल छोटा था, लेकिन यह कहानी में तनाव पैदा करने में अहम था और उनके नकारात्मक किरदार को संभालने की काबिलियत को दिखाता था।

**फ्रेडी दारूवाला - हॉलिडे (2014)** : फ्रेडी दारूवाला ने हॉलिडे में स्लीपर सेल के ठंडे दिमाग वाले, बुद्धिमान लीडर के रूप में बॉलीवुड डेब्यू किया था। उनका किरदार शहर में स्लीपर सेल्स को सक्रिय कर हमले करने की योजना बनाता है।




# चंडीगढ़ में होंगे प्लेऑफ के मुकाबले, फाइनल होगा अहमदाबाद में

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग का रोमांच अपने चरम पर पहुंचने वाला है। इस बार के टूर्नामेंट के लिए प्लेऑफ और फाइनल के वेन्यू की घोषणा हो चुकी है।

क्रिकेट प्रशंसकों के लिए यह खबर बेहद खास है क्योंकि इस बार चंडीगढ़ में प्लेऑफ के मुकाबले देखने को मिलेंगे तो वहीं फाइनल मुकाबले के लिए भी भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने वेन्यू तय कर लिया है। आईपीएल 2025 के लिए बीसीसीआई के शेड्यूल अनुसार प्लेऑफ के पहले दो मुकाबले मुल्लांपुर में खेले जाएंगे। तो वहीं फाइनल मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होना तय किया गया है।

## भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की बैठक में शेड्यूल हुआ तैयार

### पहले कोलकाता में होना था फाइनल

बता दें कि आईपीएल का जब पहले शेड्यूल का ऐलान किया गया था, तो उस समय फाइनल की मेजबानी कोलकाता के ईडन गार्डन को दी गई थी। हालांकि, भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव के बाद इसके वेन्यू में बदलाव किया गया है। मीडिया की एक रिपोर्ट सामने आई है, जिसमें प्लेऑफ के मुकाबले मुल्लांपुर में कराने की बात कही गई है।



### चंडीगढ़ में होंगे पहले दो प्लेऑफ मैच

आईपीएल के पहले दो प्लेऑफ मुकाबले चंडीगढ़ के पास मुल्लांपुर में खेले जाएंगे। मुल्लांपुर का महाराजा यादवेंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम इस बार इन अहम मैचों की मेजबानी करेगा। यह स्टेडियम पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन का नया मैदान है, जो हाल ही में बीसीसीआई और आईसीसी से अंतरराष्ट्रीय मैचों की मंजूरी पा चुका है। यह स्टेडियम 33,000 दर्शकों की क्षमता वाला है और अपनी खूबसूरत बनावट के लिए जाना जाता है।

### इस स्टेडियम में हो चुके हैं मुकाबले

मुल्लांपुर में पहला प्लेऑफ क्वालिफायर 1 होगा, जिसमें टॉप-2 टीमें आमने-सामने होंगी, और दूसरा मुकाबला एलिमिनेटर होगा, जिसमें तीसरे और चौथे नंबर की टीमें भिड़ेंगी। इस स्टेडियम में पहले भी आईपीएल के कुछ मैच हो चुके हैं, जहां पंजाब किंग्स ने अपनी मेजबानी की थी।

### अहमदाबाद में होगा फाइनल

आईपीएल 2025 का फाइनल मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। यह स्टेडियम दुनिया का सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम है, जिसमें 1 लाख से ज्यादा दर्शक एक साथ बैठकर मैच का लुत्फ उठा सकते हैं। अहमदाबाद को एक बार फिर से फाइनल की मेजबानी मिलना इस बात का सबूत है कि यह शहर बड़े क्रिकेट आयोजनों का पसंदीदा स्थान बन चुका है।

### ढेर सारी खूबियां हैं नरेंद्र मोदी स्टेडियम की

नरेंद्र मोदी स्टेडियम अपनी शानदार सुविधाओं और बड़े स्क्रीन के लिए मशहूर है। यहां रात में होने वाले मैचों में स्टेडियम की रंग-बिरंगी लाइटें दर्शकों का उत्साह और बढ़ा देती हैं। आईपीएल का फाइनल इस स्टेडियम में खेला जाना फैंस के लिए एक शानदार अनुभव होगा।

खास खबर

## दिग्वेश को अभिषेक से भिड़ना पड़ा महंगा, एक मैच के लिए निलंबित



**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग के 61वें मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स के स्पिनर दिगवेश राठी को सनराइजर्स हैदराबाद के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा से उलझना महंगा पड़ गया है। इस मामले में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने राठी पर मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाने के साथ 2 डिमेरिट अंक दिए हैं। इसके साथ ही उनके डिमेरिट अंकों की संख्या 5 होने पर उन्हें आखिरी मैच से निलंबित भी कर दिया गया है।

**क्या है पूरा मामला?** : दरअसल, मैच में एलएसजी से मिले 206 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अभिषेक ने 20 गेंद में 59 रन की ताबड़तोड़ पारी खेल थी। इस दौरान राठी ने उन्हें आउट कर ट्रेडमार्क सिग्नेचर स्टाइल सेलिब्रेशन किया तो अभिषेक भड़क गए। उन्होंने राठी के पास जाकर कुछ कहा तो मामला और गरमा गया। इसके बाद दोनों के बीच जुबानी जंग तेज हो गई। ऐसे में अंपायर और साथी खिलाड़ियों को बीच-बचाव कर मामला शांत करना पड़ा।

## मुंबई इंडियंस ने बेयरस्टो, ग्लीसन और असलंका को अनुबंधित किया



**नई दिल्ली।** पांच बार की आईपीएल चैंपियन मुंबई इंडियंस ने 26 मई को टीम के अंतिम लीग मैच के बाद अपनी-अपनी राष्ट्रीय टीम के साथ जुड़ने के लिए रवाना होने वाले विदेशी खिलाड़ियों के एक समूह के विकल्प के तौर पर जॉनी बेयरस्टो, रिचर्ड ग्लीसन और चरिथ असलंका को अनुबंधित किया है। इंग्लैंड के विल जैक्स और दक्षिण अफ्रीका के रेयान रिकेल्टन और कॉर्बिन बॉश 26 मई को पंजाब किंग्स के खिलाफ मुंबई के अंतिम लीग मैच के बाद वापस लौट जाएंगे। तीनों वैकल्पिक खिलाड़ी प्लेऑफ चरण से ही उपलब्ध होंगे, बशर्ते कि मुंबई इंडियंस नॉकआउट दौर के लिए क्वालीफाई कर ले।

**शामिल खिलाड़ियों की कीमत** : जारी विज्ञप्ति में कहा गया जॉनी बेयरस्टो 5.25 करोड़ रुपये में टीम में शामिल होंगे।'' इंग्लैंड के तेज गेंदबाज रिचर्ड ग्लीसन एक करोड़ रुपये के आधार मूल्य पर रेयान रिकेल्टन जबकि श्रीलंकाई बल्लेबाज चरिथ असलंका 75 लाख रुपये में कॉर्बिन बॉश की जगह लेंगे।

## बेंगलुरु को मिली बड़ी खुशखबरी, बल्लेबाजों की नाक में दम करने वाला गेंदबाज हुआ फिट!

**मुंबई।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के फैंस के लिए एक शानदार खबर सामने आई है। टीम के स्टार तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड अब पूरी तरह फिट हो गए हैं और उन्होंने नेट्स में गेंदबाजी शुरू कर दी है। यह खबर आईपीएल 2025 के प्लेऑफ से ठीक पहले आई है, जो आरसीबी के लिए एक बड़ा बूस्ट है। जोश हेजलवुड ऑस्ट्रेलिया के एक अनुभवी तेज गेंदबाज हैं।

पूर्व रेलवे

शुद्धिपत्र

निविदा सं. ईएलईजी–ओटी–1222–2025–26 के संबंध में शुद्धिपत्र, जो वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सामान्य, पूर्व रेलवे, सियालदह द्वारा पूर्व में प्रकाशित किया गया था। निविदा के बंद होने और खुलने की तिथि और समय 05.06.2025 को 14.00 बजे के बदले दिनांक 16.06.2025 को 14.00 बजे पढ़ा जाएगा। बोली प्रारंभ होने की तिथि 22.05.2025 के बदले दिनांक 02.06.2025 पढ़ी जाएगी। सभी अन्य नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।

SDAH-59/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 12 | 9 | 3 | 18 |
| बेंगलुरु | 12 | 8 | 3 | 17 |
| पंजाब | 12 | 8 | 3 | 17 |
| मुंबई | 12 | 7 | 5 | 14 |
| दिल्ली | 12 | 6 | 5 | 13 |
| कोलकाता | 13 | 5 | 6 | 12 |
| लखनऊ | 12 | 5 | 7 | 10 |
| हैदराबाद | 12 | 4 | 7 | 9 |
| राजस्थान | 13 | 3 | 10 | 6 |
| चेन्नई | 12 | 3 | 9 | 6 |

ऑरेंज कैप



साई सुदर्शन
617 रन
गुजरात

पर्पल कैप



प्रसिद्ध कृष्णा
21 विकेट
गुजरात

## आईपीएल : मैच आज वानखेड़े स्टेडियम मुंबई में सायं 7.30 बजे से

# आईपीएल प्ले ऑफ में दावा मजबूत करने आज मुंबई और दिल्ली में होगी भिड़ंत

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एकमात्र उपलब्ध प्ले ऑफ स्थान के लिए चुनौती पेश कर रही मुंबई इंडियन्स और दिल्ली कैपिटल्स की टीम बुधवार को जब यहां आमने-सामने होंगी तो दोनों की नजरें इस मुकाबले को जीतकर अपना दावा मजबूत करने पर टिकी होंगी।

मुंबई का पलड़ा हालांकि भारी नजर आ रहा है। टीम ने बेहद खराब शुरुआत के बाद जोरदार वापसी की और अब शीर्ष चार में शामिल है। दिल्ली की शुरुआत काफी अच्छी रही थी लेकिन टीम अपने पिछले छह मैच में सिर्फ एक जीत दर्ज कर पाई है। दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस के बीच होने वाला यह मैच 21 मई को वानखेड़े स्टेडियम में सायं 7.30 बजे से खेला जाएगा।

बता दें कि सोमवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ लखनऊ सुपरजाइंट्स की हार के साथ टीम की प्ले ऑफ में जगह बनाने की उम्मीद भी खत्म हो गई जिससे अब मुकाबला मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच होगा। गुजरात टाइटन्स, पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने पहले ही नॉकआउट में जगह पक्की कर ली है। ऐसे में प्लेऑफ में बने रहने के लिए दोनों टीमों को जीत जरूरी है।





### डीसी के खिलाफ एमआई का पलड़ा रहा है भारी

दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस के बीच 36 मुकाबले खेले गए हैं। इनमें से 20 में एमआई को जीत मिली है, जबकि 16 मैच में डीसी ने अपने नाम किए हैं। इस सीजन की पहली भिड़ंत में एमआई ने 12 रन से जीत दर्ज की थी। आईपीएल 2024 में दोनों टीमों के बीच 2 मुकाबले खेले गए थे। पहला मैच डीसी ने 10 रन से जीता था और दूसरे मुकाबले में एमआई को 29 रन से जीत मिली थी।

### इन खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर होंगी नजरें

एमआई से सूर्यकुमार ने 12 पारियों में 63.75 की औसत और 170.56 की स्ट्राइक रेट के साथ 510 रन बनाए हैं। उन्होंने 68* रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 3 अर्धशतक लगाए हैं। राहुल ने 11 पारियों में 61.62 की औसत से 493 रन बनाए हैं। उन्होंने 1 शतक और 3 अर्धशतक लगाए हैं। इस सीजन में बोल्ट ने 12 पारियों में 19.88 की औसत के साथ 18 विकेट अपने नाम किए हैं।

### इस संयोजन के साथ उतर सकती है दिल्ली कैपिटल्स

दिल्ली कैपिटल्स को भी अपने पिछले मैच में गुजरात टायटंस के खिलाफ हार मिली थी। उस मैच में डीसी से केएल राहुल ने शतक लगाया था। हालांकि, डीसी के गेंदबाज 1 भी विकेट नहीं ले सके थे। अगले अहम मैच में डीसी की टीम अपने गेंदबाजों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद करेगी।

## खबर संक्षेप



### श्रीकांत ने मलेशिया मास्टर्स के मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई

**कुआलालंपुर।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने मंगलवार को मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 टूर्नामेंट के मुख्य ड्रॉ में जगह बना ली है। क्वालीफाइंग दौर में यह भारत के लिए एकमात्र अच्छी खबर रही, क्योंकि अन्य भारतीय खिलाड़ी एकल वर्ग में क्वालीफायर की चुनौती से पार नहीं पा सके। यह टूर्नामेंट बीडब्ल्यूएफ टूर सुपर 500 सीरीज का हिस्सा है और इसमें दुनिया के चोटी के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। यह प्रतियोगिता विश्व रैंकिंग की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। शीर्ष भारतीय शटलर पीवी सिंधू और एचएस प्रणय बुधवार को 475,000 डॉलर इनामी इस प्रतियोगिता में अपने-अपने अभियान की शुरुआत करेंगे।

### कार्लसन बनाम 'विश्व' बाजी ड्रॉ रही

**बर्लिन।** नॉर्वे के शतरंज ग्रैंडमास्टर मैग्नस कार्लसन को सोमवार को दुनिया भर के एक लाख 43 हजार



से अधिक लोगों ने ड्रॉ पर मजबूर कर दिया जो इस पूर्व विश्व चैंपियनशिप के खिलाफ एक साथ मिलकर खेल रहे थे। 'मैग्नस कार्लसन बनाम विश्व' के नाम से सुर्खियां बटोरने वाला यह ऑनलाइन मुकाबला चार अप्रैल को 'चेस.कॉम' पर शुरू हुआ था जो दुनिया की सबसे बड़ी शतरंज वेबसाइट है। यह पहला ऑनलाइन फ्रीस्टाइल मुकाबला था जिसमें विश्व चैंपियन ने हिस्सा लिया।

### ब्राइटन ने लीवरपूल को 3-2 से हराया

**ब्राइटन।** स्थानापन्न खिलाड़ी जैक हिन्सेलवुड के गोल की



मदद से ब्राइटन ने इंग्लिश प्रीमियर लीग में सोमवार को यहां लीवरपूल को 3-2 से हराकर यूरोपीय क्लब फुटबॉल में खेलने की अपनी मामूली उम्मीदों को जीवंत रखा। अगर चौथे स्थान पर चल रही चेल्सी की टीम अगले हफ्ते यूरोपा कांफ्रेंस लीग जीत लेती है जो संभावना है कि प्रीमियर लीग में आठवें स्थान की टीम अगले सत्र में कांफ्रेंस लीग में जगह बना सकती है।

## योयो टेस्ट में 19 से ऊपर जा रहा है स्कोर : कप्तान सलीमा टेटे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारतीय क्रिकेटरों के योयो टेस्ट स्कोर अक्सर सुर्खियों में रहते हैं लेकिन पिछले कुछ अर्से से महिला हॉकी टीम फिटनेस पर लगातार काफी मेहनत कर रही है और कप्तान सलीमा टेटे का कहना है कि उनकी टीम का योयो टेस्ट का स्कोर 19.4 तक जा रहा है। सलीमा ने यहां एक कार्यक्रम में कहा कि कोच हरेंद्र सिंह के आने के बाद से सबसे ज्यादा काम महिला टीम की फिटनेस पर हुआ है और इसका नतीजा देखने को मिल रहा है। सलीमा ने कहा हरेंद्र सर ने फिटनेस पर सबसे ज्यादा काम किया है। फिटनेस होने पर किसी भी टीम को हम हरा सकते हैं। जिन खिलाड़ियों के पास गति नहीं थी, अब उनके खेल में काफी बदलाव आया है।

**ओलंपियन भाला फेंक खिलाड़ी शिवपाल डोप परीक्षण में विफल आठ साल के प्रतिबंध का खतरा**

**नई दिल्ली।** ओलंपियन भाला फेंक खिलाड़ी शिवपाल सिंह अपने करियर में दूसरी बार डोप परीक्षण में विफल हो गए हैं और अगर वह दोषी पाए जाते हैं तो उन पर अधिकतम आठ साल का प्रतिबंध लग सकता है। तोक्यो ओलंपिक में हिस्सा लेने वाले 29 वर्षीय शिवपाल के बारे में पता चला है कि इस साल की शुरुआत में प्रतियोगिता के इतर लिया गया उनके मूत्र के नमूने का नतीजा जांच में प्रतिबंधित पदार्थ के लिए पॉजिटिव आया है।

कार्यालय नगरपालिका परिषद मण्डला (म.प्र.)

क्रमांक/लो.नि.शा./2025/528 — मण्डला, दिनांक 19/05/2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार से ऑन-लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य/सामग्री का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य एमडी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD _424550_1 दिनांक 19/05/2025 | वार्ड क्रमांक 19 जवाहर वार्ड में सरजू दास बैरागी से शिव पटेल तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य | 01 माह राशि रू. 166154.00 | राशि 1000.00 ईएमडी राशि 3323.00 | 06/06/2025 |
| 2 | 2025_UAD _424551_1 दिनांक 19/05/2025 | वार्ड क्रमांक 19 जवाहर वार्ड मे एस. एस. खान के माकन से सादिव के मकान तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य | 02 माह राशि रू. 417643.00 | राशि 2000.00 ईएमडी राशि 8353.00 | 06/06/2025 |
| 3 | 2025_UAD _424552_1 दिनांक 19/05/2025 | वार्ड क्रमांक 22 हनुमान जी वार्ड में प्रकाश नंदा के माकन के पास घाट एवं आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य | 04 माह राशि रू. 2100912.00 | राशि 5000.00 ईएमडी राशि 21009.00 | 20/06/2025 |
| 4 | 2025_UAD _424553_1 दिनांक 19/05/2025 | वार्ड क्रमांक 23 बूढ़ीमाई वार्ड में महासिंह झारिया के मकान से मेन रोड तक सी.सी. रोड, आर.सी.सी. नानी एवं कन्वर्ट निर्माण कार्य | 03 माह राशि रू. 1107569.00 | राशि 2000.00 ईएमडी राशि 22151.00 | 20/06/2025 |
| 5 | 2025_UAD _424554_1 दिनांक 19/05/2025 | वार्ड क्रमांक 24 दादा धनीराम वार्ड में तारिक दास वैरागी के मकान से मेन रोड तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य | 02 माह राशि रू. 331070.00 | राशि 2000.00 ईएमडी राशि 6621.00 | 06/06/2025 |
| 6 | 2025_UAD _424555_1 दिनांक 19/05/2025 | वार्ड क्रमांक 24 दादा धनीराम वार्ड में तारिक दास बैरागी के मकान से मेन रोड तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 02 माह राशि रू. 356283.00 | राशि 2000.00 ईएमडी राशि 7126.00 | 06/06/2025 |
| 7 | 2025_UAD _424558_1 दिनांक 19/05/2025 | वार्ड क्रमांक 24 दादा धनीराम वार्ड में ओमकार झारिया से मैन रोड तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य | 02 माह राशि रू. 775990.00 | राशि 2000.00 ईएमडी राशि 15520.00 | 06/06/2025 |
| 8 | 2025_UAD _424560_1 दिनांक 19/05/2025 | बस स्टेण्ड के पास वॉटर कूलिंग कक्ष निर्माण कार्य | 02 माह राशि रू. 266479.00 | राशि 2000.00 ईएमडी राशि 5330.00 | 06/06/2025 |

नोट-निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन की स्थिति में ऑन-लाईन https://mptenders.gov.i»»f की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद मण्डला

कार्यालय नगरपालिका परिषद् नरसिंहपुर म.प्र.
ISO 9001:2015 प्रमाणित संस्था
सुभाष वार्ड मेन रोड नरसिंहपुर 487001 फोन - 07792-230402, 233731 फोक्स - 07792-233731)
ई-मेल-cmonarsinghpur@mpurban.gov.in

पत्र क्र.519/ई-टेण्डर/न.पा.नर. / 2024-25 निविदा सूचना नरसिंहपुर दिनांक 20/05/2025

एतद् द्वारा इस कार्यालय द्वारा सक्षम श्रेणी में पंजीकृत निविदाकारों से GEM पोर्टल के माध्यम से 10000 किलोग्राम कसोलिक पाउडर एंव 10000 किलोग्राम काब्रोलिक पाउडर क्रय हेतु ऑनलाईन GEM पोर्टल टेण्डर आई.डी. GEM / 2025 / B/ 6232495 के माध्यम से निविदाएँ आमंत्रित की गई है। निविदा की अनुमानित लागत 10.00 लाख होगी। निविदाकार को GEM पोर्टल के माध्यम रुपए 10,000.00 की धरोहर राशि जमा कर निविदा में भाग ले सकते है। निविदा में भाग लेने की अंतिम दिनांक 04/06/2025 है। निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन GEM पोर्टल पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा। निविदा दिनांक 06/06/2025 को खोली जायेगी।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद,
नरसिंहपुर म.प्र.

पश्चिम मध्य रेल

इंजीनियरिंग विभाग ▪ खुली निविदा

निम्नलिखित कार्य की ई–निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय), मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। निविदा सूचना क्रमांक: डी आर एम डब्ल्यू–जे.बी.पी.–84–2025, दिनांक 15.05.2025. कार्य का नाम लोकेशन सहित: मंडल अभियंता/मुख्यालय/जबलपुर क्षेत्राधिकार के अंतर्गत चार विविध कार्य - भाग-1: जबलपुर ऑफ साइड प्लेटफॉर्म एग्जामिनेशन लाइन पर लगभग 1.5 मीटर चौड़ाई का सीसी पाथवे का निर्माण और जबलपुर में मौजूदा लॉन्ड्री के सामने कंप्रेसर शेड का निर्माण (कार्य का हिस्सा - जबलपुर, सतना, कटनी मुड़वारा और रीवा स्टेशन में सुरक्षित संचालन एग्जामिनेशन सुविधाओं के उन्नयन का कार्य)। भाग-2: सहायक मंडल अभियंता/मुख्यालय/जबलपुर क्षेत्राधिकार के अंतर्गत जबलपुर के रेल सौरभ कॉलोनी में आरबी-V विशेष बंगलों (32 संख्या) में मॉड्यूलर किचन का प्रावधान। भाग-3: सहायक मंडल अभियंता/मुख्यालय/जबलपुर क्षेत्राधिकार के अंतर्गत पुरानी सिक लाइन जबलपुर में सुरक्षा गियर वस्तुओं, शौचालयों, बगीचे, पार्किंग शेड और ई-कचरा संभालने वाले बिन के लिए अतिरिक्त वार्ड की मरम्मत और नवीनीकरण (कार्य का हिस्सा: भंडारण डिपो और कार्यालय के समग्र बुनियादी ढांचे में सुधार, जिसमें धन मूल्यवान वस्तुओं के लिए कंपेक्टर, रोलिंग शटर, अलोह सामग्री के लिए मजबूत कमरा, शीतलन प्रणाली, कर्मचारियों के लिए कंप्यूटर और इसके परिधीय, सामग्री प्रबंधन के लिए विद्युत स्टेकर और कर्मचारियों के शौचालय का नवीनीकरण शामिल है)। भाग-4: मदनमहल: प्लेटफ़ार्म नंबर 2 और 3 जबलपुर एण्ड पर सीओपी में शीटिंग व्यवस्था के लिए शेष कार्य और मदनमहल में लिफ्ट हिस्से सहित एफओबी और एफओबी रैंप पर शीटिंग व्यवस्था। कार्य का अनुमानित मूल्य: ₹ 1,40,43,697/-. बयाना राशि: ₹ 2,20,200/-. समापन अवधि: 12 माह। निविदा बन्द होने की अन्तिम तिथि एवं समय (15.00 बजे): 06.06.2025. निविदा खुलने की अन्तिम तिथि एवं समय (15.15 बजे): 06.06.2025.. उपरोक्त ई–निविदा की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट https://ireps.gov.in पर उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई–निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

स्वच्छ भारत अभियान - एक कदम स्वच्छता की ओर

LIC HFL
LIC HOUSING FINANCE LTD

एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि.
एरिया ऑफिस :–18, सिविक सेंटर, खंडेलवाल कॉम्प्लेक्स, प्रभु वंदना टॉकीज के सामने, मराठाल, जबलपुर – 482001 (म.प्र.) फोन नं. 0761–2401338, Website: www.lichousing.com

परिशिष्ट–IV नियम 8(1) आधिपत्य सूचना (अचल संपत्ति के लिए)

अधोहस्ताक्षरकर्ता एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि. का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय अस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम के साथ प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये निम्नलिखित ऋणधारियों को ब्याज राशि सहित नोटिस प्राप्ति के दिनांक से 60 दिन की समयावधि में भुगतान करने हेतु निर्देशित किया गया था। ऋणीग्रहिता राशि का भुगतान करने में असफल रहा है अत: ऋण ग्रहिता और सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचना पत्र दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) सपठित उक्त नियम (8) के साथ पढ़ा जाये एतरिमन नीचे वर्णित संपत्ति का आधिपत्य को ग्रहण कर लिया गया है। ऋणगहिता को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यत: एतद् द्वारा निम्नवर्णित संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति के साथ कोई व्यवहार निम्न खाते के सामने वर्णित राशि एवं उस पर ब्याज के लिये निम्न खाते के सामने अंकित एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि. प्रभार के अधीन होगा।

| क्रं. | ऋण खाता संख्या | खातेदार का नाम एवं पता | संपत्ति विवरण | मांग सूचना तिथि / कब्जा सूचना | उल्लेखित राशि ₹ मांग सूचना पत्र |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 120500016522 | श्री दुर्गेश साहू श्रीमती अर्पिता साहू पता प्लॉट नंबर 23, डायवर्टेड भूमि का हिस्सा खसरा नंबर 304, मौजा महाराजपुर, एनबी 664, पटवारी हल्का नंबर 60, आरएनएम महाराजपुर, नगर निगम वार्ड नंबर 75, तहसील अधारताल, जबलपुर, एम.पी. 482004 | पता प्लॉट क्रमांक 23, व्यपवर्तित भूमि का भाग खसरा क्रमांक 304, मौजा महाराजपुर, एनबी 664, पटवारी हल्का क्रमांक 60, आरएनएम महाराजपुर, नगर निगम वार्ड क्रमांक 75, तहसील अधारताल, जबलपुर, मप्र 482004 क्षेत्रफल 660 वर्ग फीट सीमा:– पूर्व में – प्लॉट क्रमांक 20, पश्चिम में – साइड रोड उत्तर में – प्लॉट क्रमांक 24 दक्षिण में – प्लॉट क्रमांक 22 सांकेतिक | 11.02.2025 / 20.05.2025 | 15,13,862.98 + ब्याज व अन्य खर्चे |

ऋणी एवं जमानतदारों को सूचित (Notice) किया जाता है। कि इस नोटिस के छपने की तारीख के 30 दिनों के अंदर, वे उपरोक्त राशि एवं उस पर देय ब्याज एवं खर्चो का भुगतान कर देवें अन्यथा उक्त वर्णित संपत्ति की नीलामी कर दी जावेगी तथा उसके बाद ऋण एवं ब्याज की वसूली खर्चे सहित ऋणी एवं जमानतदार से की जावेगी।

दिनांक : 21.05.2025
स्थान : जबलपुर

आज्ञा से
प्राधिकृत अधिकारी
एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि.

## भाई हर्ष की जमानत भी खारिज, कोर्ट ने 7 दिन में सरेंडर करने को कहा

छिंदवाड़ा जिले के लोनी कला स्थित रामजानकी मंदिर के महंत के खाते से फर्जी तरीके से निकाली थी रकम

# 90 लाख के फर्जीवाड़े की आरोपी साध्वी रीना रघुवंशी की अग्रिम जमानत निरस्त

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने 90 लाख रुपए के फर्जीवाड़े की आरोपी साध्वी लक्ष्मी दास उर्फ रीना रघुवंशी को दी गई अग्रिम व उसके भाई हर्ष रघुवंशी को दी गई नियमित जमानत निरस्त कर दी है। जस्टिस प्रमोद कुमार अग्रवाल की सिंगल बेंच ने कहा कि दोनों आरोपियों ने कोर्ट को धोखे में रखकर जमानत का लाभ ले लिया था। कोर्ट ने आरोपी हर्ष को 7 दिन के अंदर विचारण न्यायालय में सरेंडर करने को कहा है। चेतावनी दी गई है कि ऐसा न करने पर उसके ख़िलाफ़ गिरफ्तारी वारंट जारी किया जाएगा।



अभियोजन के प्रकरण के अनुसार, छिंदवाड़ा की लोनीकला स्थित श्रीराम जानकी मंदिर महंत कनक बिहारी दास ने बनवाया था।कनक बिहारी दास रघुवंशी समाज के गुरु थे। उन्होंने राम मंदिर निर्माण के लिए समाज का चंदा भी इकट्ठा किया था। महंत कनक बिहारी दास की 17 अप्रैल 2023 को नरसिंहपुर में एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। महंत की मौत के बाद उनके उत्तराधिकारी को लेकर चर्चा चल ही रही थी। तभी एक साध्वी लक्ष्मी दास उर्फ रीना रघुवंशी सामने आई और उसने फर्जीवाड़ा किया। साध्वी लक्ष्मी दास ने स्वर्गीय कनक बिहारी दास के बैंक अकाउंट से अपना मोबाइल नंबर जुड़वा दिया। दोनों ने मिलकर नेट बैंकिंग के जरिए और राम मंदिर के लिए किया गया 90 लाख रुपए का चंदा निकाल लिया। आश्रम के कर्ताधर्ता पुजारी श्याम सिंह की एफआईआर पर पुलिस ने साध्वी रीना रघुवंशी और हर्ष रघुवंशी को फरार घोषित कर 10000 का इनाम भी घोषित किया था। रघुवंशी समाज ने फर्जी साध्वी रीना के ऊपर 50000 का इनाम घोषित किया था। इसी मामले में 20 दिसम्बर 2024 को हाईकोर्ट से रीना को अग्रिम जमानत व भाई हर्ष को नियमित जमानत मिल गई थी।

उक्त अग्रिम जमानत कोर्ट ने इस शर्त पर दी थी कि रीना एक महीने में सीजेएम कोर्ट में 90 लाख रु जमा कर देगी। इस आधार पर हर्ष को भी जमानत मिल गई थी। इसी शर्त को संशोधित कराने के लिए रीना की ओर से अर्जी दायर की गई। शिकायतकर्ता की ओर से भी हर्ष की जमानत निरस्त कराने आवेदन दिया गया। रीना की ओर से कोर्ट को बताया गया कि उसकी ओर से कोर्ट को ऐसा कोई वचन नही दिया था। ना ही उसके वकील ने ऐसा कहा था। इस पर कोर्ट ने जोरदार आपत्ति जताते हुए दोनों आरोपियों को मिली जमानत निरस्त कर दी।

### पेंशन देने का आदेश पारित किया

## हाईकोर्ट ने 18 लाख की रिकवरी पर लगाई रोक

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने बिजली विभाग के सेवानिवृत्त लाइनमैन से 18 लाख की रिकवरी पर रोक लगा दी। साथ ही पेंशन भुगतान का आदेश पारित कर दिया। याचिकाकर्ता वसंत राव शिंदे की ओर से अधिवक्ता नरेंद्र कुमार शर्मा ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता एक नवंबर, 2024 को सेवानिवृत्त हो गया था। लेकिन दो उच्च वेतनवृद्धियां विभाग ने नहीं दीं। इसके विपरीत 18 लाख की मनमानी रिकवरी निकाल दी। इसकी कटौती समस्त सेवानिवृत्ति लाभों ग्रेच्युटी, पेंशन, लीव इनकैशमेंट को रोककर की गई। जब अभ्यावेदन का कोई प्रभाव नहीं हुआ तो हाई कोर्ट आना पड़ा। सुप्रीम कोर्ट व हाई कोर्ट के न्यायदृष्टांतों के अनुसार सेवानिवृत्ति के बाद रिकवरी नहीं की जा सकती। एक वर्ष से पेंशन आदि रोके जाने से याचिकाकर्ता हलकान हो गया है। इससे रोजी-रोटी व दवाएं आदि प्रभावित हो रही हैं। परिवार परेशान हो गया है।

## गीली लकड़ी में फैले करेंट से मौत

**जबलपुर।** अधारताल थानांतर्गत कल सुहागी में सुबह घर की छत पर रखी लकड़ी बारिश में भींग गई थी उसी दौरान लकड़ी उठाने पर लकड़ी छत के ऊपर से निकली हाइटेंशन लाईन से टच होने के कारण फैले करेंट से एक वृद्ध घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए परिजनों ने मेडीकल अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां इलाज के दौरान वृद्धा की मौत हो गई। अधारताल पुलिस ने बताया कि तीन आम सुहागी अधारताल निवासी कल्लू झारिया गत 12 मई की सुबह छत से लकड़ी उठा रहा था। इसी दौरान लकड़ी का एक सिरा समीप से गुजर रही हाइटेंशन लाईन के सपर्क में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए उसके पुत्र नीलेश झारिया ने मेडीकल अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां देर रात कल्लू झारिया की मौत हो गई।






उपार्जन केंद्र प्रकरण में अंतरिम आदेश, राज्य सरकार व कलेक्टर सहित अन्य को नोटिस

## कम्प्यूटर आपरेटरों का सेवा पृथक्करण हाईकोर्ट के अंतिम निर्णय के अधीन

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने उपार्जन केंद्रों में नियुक्त कम्प्यूटर आपरेटरों का सेवा पृथक्करण विचाराधीन याचिका के अंतिम निर्णय के अधीन कर दिया है। जस्टिस मनिंदर सिंह भट्टी की सिंगल बेंच ने राज्य सरकार व कलेक्टर रीवा सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया है।

याचिकाकर्ता रीवा निवासी विनय कुमार मिश्रा सहित अन्य की ओर से अधिवक्ता असीम त्रिवेदी, विनीत टेहनगुरिया, शुभम पाटकर व आनंद शुक्ला ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि राज्य द्वारा निर्धारित उपार्जन नीति के अंतर्गत में सहकारी समितियों के माध्यम से याचिकाकर्ताओं को कम्प्यूटर आपरेटर के पद पर संविदात्मक आधार पर नियुक्त किया गया था। परंतु, रीवा के कलेक्टर द्वारा पारित आलोच्य आदेश में यह कारण इंगित किया गया कि खरीफ विपणन वर्ष के दौरान समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन हेतु किसानों के पंजीयन को मनमाने ढंग से निरस्त कर दिया गया था। साथ ही, यह आशंका व्यक्त की गई कि गेहू उपार्जन प्रक्रिया में अनियमितताओं में संलिप्त रहे कम्प्यूटर पुनः उपार्जन केंद्रों में तैनात होकर इसी प्रकार के दुराचरण को अंजाम दे सकते हैं। इसी संभाव्यता के आधार पर याचिकाकर्ताओं को उपार्जन कार्य से पृथक करने का आलोच्य आदेश जारी किया गया।

हाई कोर्ट का अंतरिम आदेश

## रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ, पमरे एक पद रिक्त रखे

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के प्रशासनिक न्यायाधीश संजीव सचदेवा व न्यायमूर्ति विनय सराफ की युगलपीठ ने रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ, पश्चिम मध्य रेलवे को एक पद रिक्त रखने के निर्देश दिए हैं। मामले की अगली सुनवाई 17 जून को निर्धारित की गई है।

याचिकाकर्ता राजस्थान अंतर्गत बूंदी निवासी बृजमोहन की ओर से अधिवक्ता निखिल भट्ट ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता रेलवे भर्ती बोर्ड की परीक्षा में शामिल हुआ था। जिसके लिये दसवीं कक्षा या आईटीआई करना आवश्यक था। आवेदक ने 10 वीं की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली थी और आईटीआई कर रहा था। इसके साथ-साथ उसने लिखित और इंटरव्यू भी पास कर लिए थे, लेकिन जब रेलवे ने दस्तावेजों की जांच की तो पाया कि आवेदक आईटीआई कर रहा है। जिसके आधार पर उसकी नियुक्ति रद कर दी। रेलवे के आदेश के विरुद्ध कैट में अंतरिम राहत का आवेदन पेश किया गया था। जिसे अस्वीकार कर दिया गया। लिहाजा, हाई कोर्ट की शरण ली गई है। दरअसल, आवेदन पत्र में हुई त्रुटि ऐसी थी, जिसका पात्रता मापदंडों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता। उक्त तर्क से सहमत होते हुए न्यायालय ने अंतरित राहत देते हुए रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ पश्चिम मध्य रेलवे को निर्देशित किया है जब तक याचिका पर अंतिम निर्णय नहीं हो जाता तब तक एक सीट रिक्त रखी जाए।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240